RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 287 ■ मुंबई, शुक्रवार 9 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत! पेज-4



सरकार ने गरीब बच्चों को दी उड़ान की ताकत पेज-6



प्रदोष काल में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा पेज-8



रोहित का लक्ष्य 2027 में वनडे विश्व कप जीतना है पेज-9

# बेस्ट बस का सफर हुआ दोगुना महंगा



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

घाटे में डूबते हुए बेस्ट को बचाने के लिए बेस्ट उपक्रम ने यात्रियों का किराया दो गुना कर दिया था, जिसे गुरुवार की आधी रात से लागू कर दिया गया है। यात्रियों को बढ़े हुए किरायों के अनुसार अब अधिक राशि चुकानी होगी। बता दें कि बेस्ट उपक्रम के परिवहन विभाग को हो रहे घाटे के कारण बेस्ट को मुंबई महानगर पालिका से लगातार आर्थिक मदद मांगनी पड़ रही है। इस कारण बेस्ट ने टिकट दरों में बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। बेस्ट द्वारा तैयार किए गए भाड़ा वृद्धि प्रस्ताव को मुंबई महानगरपालिका ने मंजूरी दे दी है और अंतिम मंजूरी के लिए यह प्रस्ताव राज्य परिवहन प्राधिकरण को भेजा गया था, जिससे पिछले दिनों मंजूरी मिल चुकी है।

### बेस्ट का नया किराया इस प्रकार है

सामान्य बसों के नए किराए (रियायती किराया)

| किमी | किराया | छूट का किराया |
|---|---|---|
| 5 किमी | 10 | (5) |
| 10 किमी | 15 | (8) |
| 15 किमी | 20 | (10) |
| 20 किमी | 30 | (15) |
| 25 किमी | 35 | (15) |
| 30 किमी | 40 | (20) |
| 50 किमी | 60 | (30) |

### वातानुकूलित बसों का नया किराया

(रियायती किराया)

| | | |
|---|---|---|
| 5 किमी | 12 | (5) |
| 10 किमी | 20 | (10) |
| 15 किमी | 30 | (15) |
| 20 किमी | 35 | (15) |
| 25 किमी | 40 | (20) |
| 30 किमी | 45 | (20) |
| 50 किमी | 65 | (30) |

### भाड़ा बढ़ने से बेस्ट को 590 करोड़ रुपए की आय होगी

भाड़ा बढ़ने से बेस्ट को 590 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। वर्तमान में बेस्ट को यात्रियों से सालाना 845 करोड़ रुपये की आय होती है जिसमें अब 590 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होगी। शेष पेज 3 पर

# ऑपरेशन सिंदूर जारी ... पाक में तबाही भारी

## पाकिस्तान की मिसाइलों को किया नष्ट, जिन्नालैंड में मचाया गदर

### भारत ने पाक के तीन लड़ाकू जेट मार गिराये



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद से पाकिस्तान बौखला गया है। बुधवार की रात पाकिस्तानी फौज ने 15 भारतीय शहरों पर मिसाइल से हमला करने की कोशिश की। हालांकि, भारतीय रक्षा प्रणाली ने इन सभी हमलों को नाकाम कर दिया। बदले में भारत की तरफ से किये गये पलटवार में पाकिस्तान के अधिकांश बड़े शहरों में ड्रोन हमले से गदर मचा दिया। भारत के एक्शन से पगलाए पाकिस्तान ने गुरुवार शाम 9 बजे के आस-पास सीमावर्ती राज्यों राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, पंजाब जैसे राज्यों में दोबारा मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया जिन्हें भारत की एफ-400 ने पूरी तरह नष्ट कर दिया। पाकिस्तान का एफ-16 लड़ाकू विमान भी भारतीय सेना ने मार गिराया है।

**जम्मू से जैसलमेर तक हर हमला नाकाम**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। गुरुवार रात जम्मू, जैसलमेर, पठानकोट समेत कई शहरों में पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला कर दिया। हालांकि, भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने इन मिसाइलों को हवा में ही मार गिराते हुए हमले को विफल कर दिया। साथ ही, भारत ने पाकिस्तान के तीन फाइटर जेट्स को भी मार गिराया है। जम्मू, पठानकोट, शाहपुर, माधोपुर, फिरोजपुर, जैसलमेर समेत कई शहरों में पाकिस्तान ने मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। हमले के तुरंत बाद जम्मू एयरपोर्ट से भारत के फाइटर विमानों ने उड़ान भरी और पाकिस्तान पर पलटवार किया। जम्मू समेत तमाम शहरों में हमले के मद्देनजर सायरन बजने लगे, जिसकी वजह से लोग सतर्क हो गए और घरों व नजदीक की सुरक्षित जगह पर चले गए। चंडीगढ़, मोहली, गुजरात के भुज, कच्छ में भी ब्लैकआउट किया गया। इसके अलावा, श्रीनगर एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में खेले जा रहे आईपीएल मैच के दौरान भी फ्लडलाइट्स को बंद करके ब्लैकआउट कर दिया गया है।

**पाकिस्तान के हमले को किया गया नाकाम: सोफिया कुरैशी**

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा, 'आज सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारतीय प्रतिक्रिया पाकिस्तान के समान ही तीव्रता के साथ उसी क्षेत्र में रही है। हमने सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया। हमने पहले ही पाकिस्तान को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी हमलों को नाकाम किया।'

**पाकिस्तानी हमले में 16 निर्दोष लोगों की गई जान: व्योमिका सिंह**

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टर में मोर्टार और भारी कैलिबर वाली तोपों का उपयोग करते हुए नियंत्रण रेखा पर अकारण गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी है।

## सरहदी राज्यों में हाई अलर्ट

पाकिस्तान से तनाव के बीच सरहदी राज्य पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान हाई अलर्ट पर हैं। पंजाब के गुरुदासपुर, राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में रोजाना रात 9 बजे सुबह 5 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। इन शहरों के लिए स्थानीय प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर दी हैं। श्रीगंगानगर, बीकानेर में प्रशासन ने ड्रोन उड़ाने और आतिशबाजी पर अगले आदेश तक रोक रहेगी।

**9 मई तक 7 राज्यों के 27 एयरपोर्ट बंद**

**जम्मू-कश्मीर:** श्रीनगर, जम्मू, लेह
**पंजाब:** अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, भटिंडा, हलवारा, पठानकोट, चंडीगढ़
**हिमाचल प्रदेश:** भुंतर, शिमला, गग्गल, धर्मशाला
**राजस्थान:** किशनगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर
**गुजरात:** मुंद्रा, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, कांडला, केशोद, भुज
**मध्य प्रदेश:** ग्वालियर
**उत्तर प्रदेश:** हिंडन'

**पाकिस्तान की फिल्में और गाने बैन**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी OTT प्लेटफॉर्म्स, मीडिया स्ट्रीमिंग सेवाओं और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया है कि वे पाकिस्तानी वेब सीरीज, फिल्में, गाने, पॉडकास्ट और अन्य कंटेंट को तुरंत बंद करें। यह निर्देश सब्सक्रिप्शन वाले और फ्री दोनों तरह के कंटेंट पर लागू होगा।

## Short News एक नजर

### SC बोला- भाजपा सांसद की टिप्पणी गैरजिम्मेदाराना


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को बेहद गैरजिम्मेदाराना बताया। साथ ही कहा कि ये बयानबाजी अपनी तरफ ध्यान खींचने के लिए की गई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में ये भी कहा, अदालतें फूलों की तरह इतनी नाजुक नहीं हैं कि ऐसे हास्यास्पद बयानों के सामने मुरझा जाएं। सांप्रदायिक नफरत फैलाने की किसी भी कोशिश, हेट स्पीच से लोहे के हाथों से निपटेंगे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज कर दी। शीर्ष कोर्ट ने 5 मई को निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई की थी। कहा था कि हम ही थे, जिन्होंने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की थी।

### पंजाब में BSF ने घुसपैठिए को मार गिराया

**नई दिल्ली।** पंजाब के फिरोजपुर में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने एक घुसपैठिए को मार गिराया है। सूत्रों ने एएनआई को बताया कि 7 मई की रात अंधेरे का फायदा उठाकर एक व्यक्ति ने इंटरनेशनल बॉर्डर को पार किया। बॉर्डर सिक्योरिटी फेंस की तरफ बढ़ते वक्त BSF फायरिंग में उसकी मौत हो गई। उसका शव गुरुवार सुबह पुलिस को सौंप दिया गया।

### 'सैन्य हमले का करारा जवाब देंगे...'

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को बेहद सख्त चेतावनी दी है कि अगर उसने भारत पर कोई



सैन्य हमला किया तो उसका बहुत ही ताकत से जवाब दिया जाएगा। यह चेतावनी जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अगरची के जरिये पाकिस्तान तक भिजवाई है। अगरची भारत दौरे पर हैं और गुरुवार को उनकी जयशंकर से मुलाकात हुई है। भारत आने से पहले वह पाकिस्तान भी गए थे। ईरान की तरफ से भारत व पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने की कोशिश की जा रही है। मध्यस्थता की कोशिश सऊदी अरब भी कर रहा है।

# भारत-बांग्लादेश की सीमाएं सील

## दो बड़े राज्यों में लंबा कर्फ्यू लागू



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच भारत ने बांग्लादेश से सटी अपनी सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। मेघालय और असम के सीमावर्ती जिलों में रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू किया गया है। यह फैसला उस वक्त लिया गया जब 6 मई को बीएसएफ ने चार बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़ा। ये सभी बांग्लादेश के मैमेनसिंह, गाजीपुर और नोआगांव जिलों के निवासी थे। उन्हें महेंद्रगंज थाना (दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स) को सौंप दिया गया। जिला मजिस्ट्रेट आर.एम. कुर्बाह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह आदेश एकतरफा (एक्स-पार्टी) रूप में तुरंत प्रभावी किया गया है और आगामी दो महीने तक प्रभावी रहेगा।

**मेघालय में 2 महीने का नाइट कर्फ्यू**

मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले में उपायुक्त ने 5 किलोमीटर की सीमा तक कर्फ्यू लागू कर दिया है। यह आदेश 8 मई 2025 से अगले दो महीने तक हर रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। पिछले सप्ताह चार बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में घुसते हुए पकड़ा गया था। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि इस कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आदेश के तहत हथियार लेकर चलना, समूह में एकत्र होना, और अवैध वस्तुएं लाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

# कैशकांड : सीजेआई ने राष्ट्रपति और पीएम मोदी को लिखा लेटर

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

सीजेआई संजीव खन्ना ने हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवास से कैश बरामद होने के मामले पर तीन सदस्यीय इन-हाउस कमेटी की जांच रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी को भेजी है। सीजेआई ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर जस्टिस वर्मा से 6 मई को मिले जवाब को भी संलग्न किया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, "भारत के मुख्य न्यायाधीश ने इन-हाउस प्रक्रिया के संदर्भ में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जस्टिस यशवंत वर्मा से मिले दिनांक 06.05.2025 के पत्र/प्रतिक्रिया के साथ दिनांक 03.05.2025 की तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट की प्रति संलग्न की है।"



# डोभाल का 26 साल पुराना प्रण पूरा

## कंधार हाइजैकिंग का मास्टरमाइंड रऊफ अजहर मारा गया

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने ध्वस्त कर भारत ने एक साथ कई आतंकी हमलों का हिसाब चुकता किया है। 24 दिसंबर 1999 का कंधार हाइजैकिंग कांड आपको याद होगा, जब काठमांडू से लखनऊ आ रही फ्लाइट को आतंकियों ने अगवा कर लिया और बंदूक की नोक पर कंधार ले गए। इस विमान में 176 यात्रियों के अलावा पायलट समेत क्रू के 15 लोग सवार थे। आतंकी मौलाना मसूद अजहर को छुड़ाना चाहते थे, जो भारत की जेल में कैद था। यात्रियों को बचाने का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। कहा जाता है,



तब एनएसए अजीत डोभाल ने निगोशिएशंस किए। भारी मन से आतंकी मसूद अजहर को छोड़ना पड़ा। तब उन्होंने इसके गुनहगारों को जहन्नुम पहुंचाने का संकल्प लिया था। आज 26 साल पुराना अजीत डोभाल का वो संकल्प पूरा हो गया। जब खबर आई कि ऑपरेशन सिंदूर में IC 814 कंधार हाइजैकिंग का मास्टरमाइंड रऊफ अजहर मार गिराया गया है। रऊफ अजहर जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का छोटा भाई था। मुंबई से लेकर संसद भवन तक और पठानकोट से लेकर पुलवामा तक, कई आतंकी हमलों में वह शामिल रहा है। एजेंसियां वर्षों से उसे ठिकाने लगाने की कोशिश कर रही थीं। इस आतंकी को अमेरिका भी तलाश रहा था, क्योंकि इसी शख्स की मदद से अमेरिकी यात्री डेनियल पर्ल को मारा गया था। अमेरिका तो इसे ढूंढ़ नहीं पाया, लेकिन अब भारत ने इसे मारकर बदला ले लिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने इस ऑपरेशन को अंजाम देकर पुराना हिसाब-किताब बराबर कर लिया है।

# हेलिकॉप्टर क्रैश- मां-बेटी समेत छह की मौत

250 मीटर गहरी खाई में गिरा, सभी गंगोत्री जा रहे थे

**महानगर नेटवर्क**

**उत्तरकाशी**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में गुरुवार को हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में बरेली की रहने वाली मां-बेटी भी हैं। हादसा उत्तरकाशी के गंगनानी में भागीरथी नदी के पास हुआ। हेलिकॉप्टर गंगोत्री धाम जा रहा था। प्रशासन के मुताबिक, 7 सीटर हेलिकॉप्टर में 5 महिलाएं और पायलट रॉबिन समेत 2 पुरुष सवार थे। हेलिकॉप्टर गुजरात की अहमदाबाद बेस्ड एरोटांस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड



कंपनी का था। यह बेल (Bell-VT-QXF) हेलिकॉप्टर था। जहां हादसा हुआ, उस जगह की समुद्र तल से ऊंचाई करीब 2600 मीटर है। यह पहाड़ी इलाका है। ऐसे में पुलिस और SDRF की टीम रस्सी के सहारे घटनास्थल तक पहुंचीं। करीब 3 घंटे रेस्क्यू के बाद सभी को बाहर निकाला। 5 महिला पर्यटकों और पायलट की मौके पर मौत हो गई। सिर्फ एक पुरुष जीवित है, जिसे रेस्क्यू कर एयर एंबुलेंस से ऋषिकेश AIIMS भेजा गया है। हादसे के बाद उत्तरकाशी में केदारनाथ हेलिकॉप्टर सेवा रोक दी गई।

# गोलीबारी में हरियाणा के लांसनायक शहीद

**पलवल।** भारत की पाकिस्तान पर 'ऑपरेशन सिंदूर' एयर स्ट्राइक के बाद जम्मू कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तानी गोलीबारी में शहीद हुए हरियाणा के पलवल के लांसनायक को गुरुवार को अंतिम विदाई दी गई। पलवल जिले में स्थित पैतृक गांव गुलाबद में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पिता दयाचंद ने शहीद लांसनायक बेटे दिनेश को मुखाग्नि दी।

इससे पहले दोपहर 2 बजे उनकी पार्थिव देह दिल्ली से पलवल पहुंची। जहां अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग जुटे। पिता दयाचंद ने बताया कि दिनेश 2014 में आर्मी में भर्ती हुए थे। इन दिनों वह जम्मू के पुंछ में थे। हाल ही में उनकी लांसनायक के पद पर प्रमोशन हुई थी। शहीद के पिता दयाचंद ने कहा कि हमारा एक बेटा शहीद हुआ है। भारत माता के लिए मेरे 2 बेटे और सेना में हैं। शहीद दिनेश की पत्नी सीमा वकील हैं। उनके एक बेटा और एक बेटी है।

# सरकार को 'सुप्रीम' निर्देश

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

देश के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम की सिफारिशों को शीघ्रता से मंजूरी दे। कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि देश के उच्च न्यायालयों में 7,24,192 आपराधिक अपीलें लंबित हैं। इसमें अकेले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 2.7 लाख मामले लंबित हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बताया था कि नवंबर 2022 से अब तक हाईकोर्ट जजों के



कॉलेजियम की सिफारिशों को दी जाए मंजूरी

लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया है। इसमें से 29 नाम केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों के नाम, उच्च न्यायालयों या शीर्ष अदालत के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से उनके संबंध और सरकार द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या की जानकारी साझा की थी।

# लालू पर मुकदमा चलाने की इजाजत

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

रेलवे में जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुखिया लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें अब और बढ़ती नजर आ रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति ने इस मामले में लालू यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है।



**राष्ट्रपति ने दी मुकदमे की अनुमति**

सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 197(1) और बीएनएसएस, 2023 की धारा 218 के तहत अनिवार्य अनुमति प्रदान की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल अगस्त में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, उनके बेटे और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत धन शोधन मामले में आरोप पत्र दायर किया था।

# दुनिया भर में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में 2023 में 30 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियां और 13 प्रतिशत लड़के 18 साल की उम्र से पहले यौन हिंसा का शिकार हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, 1990 से 2023 के बीच की गई एक स्टडी में पाया गया कि दुनिया के 200 से ज्यादा देशों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। इसमें यह सामने आया कि लड़कियों के साथ सबसे ज्यादा यौन हिंसा साउथ एशिया में होती है।

जैसे बांग्लादेश में 9.3% लड़कियों के प्रति हिंसा होती है, जबकि भारत में यह आंकड़ा 30.8% तक है। दुनिया भर में औसतन हर 5 में से 1 लड़की और हर 7 में से 1 लड़का 18 साल की उम्र से पहले यौन हिंसा का शिकार होता है।

# या अल्लाह बचा ले... पाकिस्तानी संसद में रोने लगा सांसद



**महानगर नेटवर्क**

**इस्लामाबाद**

भारत के ऑपरेशन सिंदूर का असर पाकिस्तानी संसद में भी दिखने लगा है। एक दिन पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दुनिया से खुद को बचाने की गुहार लगाई थी। अब उन्हीं के देश का एक सांसद भारत के खिलाफ बोलते-बोलते रोने लगा। उसने अल्लाह से पाकिस्तान और खुद को बचाने की गुहार तक लगाई। इस सांसद का नाम रिटायर्ड मेजर ताहिर इकबाल है, जो पाकिस्तानी सेना का पूर्व अधिकारी रह चुका है। उसने संसद में खुलेआम पाकिस्तान की कमजोरी को स्वीकार किया और कहा कि अब सिर्फ अल्लाह की पाकिस्तान को बचा सकते हैं।

**अल्लाह से मांगी मदद**

उन्होंने कहा, 'दुनिया में जहां भी देखें, शायद हमारी कमी है। हम मजबूर हैं। हम गुनहगार हैं, लेकिन ए रब्बे काबा हम तेरे हबीब के... हैं। अल्लाह का वास्ता हम पर रहम फरमा। आप कश्मीर चलें जाएं, फिलिस्तीन चलें जाएं, जहां भी जाएंगे, मुसलमानों के साथ वो हश्र हो रहा है, जो हम सोच भी नहीं सकते हैं। तो तु हमें माफ कर दे। हम तेरे आगे सर झुकाते हैं, माफी मांगते हैं। इसमें दो राय नहीं है कि हम बड़े गुनहगार हैं, लेकिन तेरी रहमत बहुत वसी है। तु रहमत का एक जर्रा भी भेज देगा हमारी तरफ तो इंशाअल्लाह हमारी कामयाबी होगी और दुआ करते हैं ए रब्बे काबा इस मुल्क की हिफाजत फरमा और हमें उन्हें हराने की ताकत फरमा।'

# स्कूल बसों को बनाया जाएगा सुरक्षित

## ➤नियमावली में होंगे आवश्यक संशोधन

महानगर संवाददाता
मुंबई

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि स्कूली छात्रों की सुरक्षित यात्रा की तरफ परिवहन विभाग वरीयता दे रहा है। स्कूल बसों में छात्रों की यात्रा अधिक सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए नियमावली में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे।

परिवहन मंत्री सरनाईक की अध्यक्षता में यशवंतराव चव्हाण सभागृह में स्कूल बस एसोसिएशन और पालन एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार के अलावा परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री सरनाईक ने कहा कि स्कूल बस मालिक वाहन चलाने के नियमों का कठोरता से पालन करें। छात्रों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाए। नियमों में सुधार करते वक्त वाहन चालकों और पालकों संगठनों की भावना और दिक्कतों पर विचार किया जाए। कोई भी छात्रों के जीवन से खिलवाड़ नहीं करें। नियमों का पालन सिर्फ कानून के डर से नहीं, बल्कि छात्रों की सुरक्षा की भावना से किया जाए। स्कूल बस यातायात नियमावली में संशोधन करते वक्त किसी पर अन्याय नहीं होगा, लेकिन नियमों में ढील नहीं दी जाएगी।



### अनाधिकृत स्कूल बसों पर होगी कार्रवाई

परिवहन मंत्री ने अनाधिकृत रूप से स्कूल बस चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सन 2011 की नियमावली के अनुसार फिलहाल 40 हजार स्कूल बसें राज्य में अपनी सेवाएं दे रही हैं। हालांकि 50 से 60 हजार अनाधिकृत स्कूल बसें चलने की शिकायतें मिली है। उन्होंने कहा कि अगले तीन माह में अनाधिकृत बस मालिक प्रादेशिक मोटर वाहन कार्यालय में दंड की रकम भरकर अपने वाहनों को अधिकृत करा सकते हैं। अन्यथा उन पर कार्रवाई होगी। परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार ने कहा कि स्कूल बस नीति बनाने वाला महाराज देश का पहला राज्य है।




# पालघर में दिल दहला देने वाली घटना...

### डिप्रेशन में पिता ने 15 साल के बेटे की हत्या कर की खुदकुशी

**पालघर।** पालघर से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता ने अपने 15 साल के बेटे की बेरहमी से हत्या कर खुदकुशी कर ली। यह मामला पालघर के आदिवासी बहुल गांव का है। पुलिस का कहना है कि मृतक मुंबई की बेस्ट (BEST) सेवा में कंडक्टर के पद पर था, पिछले तीन महीने से सस्पेंड था और मानसिक तनाव में चल रहा था। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला हत्या और आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। जानकारी के अनुसार यह घटना पालघर के आदिवासी बहुल जव्हार तालुका के पिंपलशेठ गांव में बुधवार को हुई. मृतक व्यक्ति की पहचान 40 वर्षीय शरद भोये के रूप में हुई है,जो बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (BEST) में कंडक्टर के पद पर था। शरद बीते तीन महीनों से सस्पेंड चल रहा था और इसी को लेकर वह मानसिक तनाव में था।

# बालविवाह के बहाने नाबालिग की सौदेबाजी

## 8 गिरफ्तार तीन फरार,1.20 लाख में तय हुआ था सौदा

**भिवंडी।** भिवंडी तालुका स्थित पिलंझे गांव में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है,जहां एक नाबालिग आदिवासी लड़की की शादी के नाम पर एक लाख बीस हजार रुपए में सौदेबाजी की जा रही थी। यह मानव तस्करी जैसी अमानवीय घटना समय रहते उजागर हुई, गणेशपुरी पुलिस ने इस मामले 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर 8 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक पिलंझे गांव निवासी अंकुश बामन पवार अपनी दूसरी पत्नी और पहली पत्नी से पैदा हुई 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ रहता था। गांव के एक मध्यस्थ की शादी अहमदाबाद से आए कुछ लोगों से 1 लाख 20 हजार में सौदाकर विवाह करने की योजना बनाई थी। विवाह का जुलूस संपन्न हो चुका था और लड़की को ससुराल ले जाया जा रहा था, तभी



श्रमजीवी संगठन के कार्यकर्ता दयानंद पाटील को इस बारे में जानकारी मिली। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए वाहन को बीच रास्ते में रोक दिया और यह मामला संगठन के संस्थापक और राज्य स्तरीय समीक्षा समिति के अध्यक्ष (मंत्री दर्जा प्राप्त) विवेक पंडित के संज्ञान में लाया। पंडित ने तत्काल पुलिस को सूचित किया,जिसके बाद गणेशपुरी पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक संदीपान सोनवणे ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर नवविवाहित लड़के, बरात में शामिल अन्य लोग और सौदे में शामिल दलाल सहित कुल 8 लोगों को हिरासत में लिया।

### मानव तस्करी की धाराओं के तहत मामला दर्ज

जबकि लड़की के माता-पिता और चाचा फरार है। इन सभी के खिलाफ बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं मानव तस्करी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। विवेक पंडित ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि समाज में लड़कियों की खरीद-फरोख्त, जबरन विवाह और नाबालिग बच्चियों के साथ होने वाले अन्यायपूर्ण व्यवहार को रोकना शासन और ग्राम स्तर के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने नाराजगी जताई कि ग्राम विकास अधिकारी और पुलिस पाटील जैसे जिम्मेदार लोग ऐसे मामलों में अपनी ड्यूटी निभाने में असफल हो रहे हैं। श्रमजीवी संगठन की सजगता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से इस नाबालिग लड़की का भविष्य अंधकारमय होने से बच गया। संगठन ने मांग की है कि इस तरह के मामलों की गहराई से जांच की जाए और समाज में फैली इस भयावह प्रवृत्ति को जड़ से समाप्त किया।

# ठाणे में नकली नोटों का बड़ा जाल उजागर

## 45.50 लाख की जाली करेंसी जब्त, छह गिरफ्तार



**ठाणे।** अपराध शाखा भिवंडी यूनिट 2 ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 45 लाख 50 हजार रुपए के नकली नोट और नोट छापने के उपकरण बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर नकली करेंसी के रैकेट का पर्दाफाश किया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनावणे को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग नकली नोटों को असली नोटों से बदलने के इरादे से भिवंडी के अवचितपाड़ा इलाके में आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जाल बिछाकर सूरज शेंडे,भरत सासे और स्वप्निल पाटिल को रंगेहाथ दबोच लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से 30 लाख रुपये के 500-500 रुपए के नकली नोट बरामद हुए। पूछताछ में इस गिरोह के तीन और साथियों के नाम सामने आए, जिनमें रामदास दलवी, विजय कर्णेकर उर्फ विक्की और शेखर बातिन शामिल हैं।

# महाराष्ट्र में देश के एक तिहाई आवास प्रोजेक्ट

महानगर संवाददाता
मुंबई

देश में चल रहे कुल आवासीय प्रोजेक्ट में एक तिहाई प्रोजेक्ट महाराष्ट्र में चल रहे हैं। यहां जानकारी महारेरा के माध्यम से सामने आई है। महारेरा के पास पूरे महाराष्ट्र में चल रहे कुल प्रोजेक्ट में 50 हजार पंजीकृत हैं,जबकि पूरे देश में लगभग एक लाख 44 हजार प्रोजेक्ट शुरू होने की जानकारी सामने आई है। केंद्र सरकार के आवास विभाग के अनुसार, पूरे देश में रेरा प्राधिकरणों द्वारा अब तक 1,44,617 आवासीय परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से लगभग एक-तिहाई यानी 35 प्रतिशत से अधिक परियोजनाएं अकेले महाराष्ट्र में हैं। उल्लेखनीय है कि



महाराष्ट्र में महारेरा में पंजीकृत की गई आवासीय परियोजनाओं की संख्या 50,000 के आंकड़े को पार कर चुकी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला महाराष्ट्र देश का एकमात्र राज्य बन गया है। वर्तमान में महारेरा में कुल 50,162 आवासीय परियोजनाएं पंजीकृत हैं। जबकि दूसरे नंबर पर तमिलनाडु में 27,609 परियोजनाएं और गुजरात तीसरे नंबर पर है,जहां 15,322 परियोजनाएं चल रही है। राज्य में संपत्ति क्षेत्र के नियमन के लिए 2017 में महारेरा की स्थापना की गई। यह प्राधिकरण केंद्र सरकार के रियल एस्टेट (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट 2016 के अंतर्गत गठित किया गया । कुछ दिन पहले ही महारेरा ने अपना आठवां स्थापना दिवस मनाया है। महाराष्ट्र में चल रही कुल परियोजनाओं में सबसे ज्यादा परियोजनाएं मुंबई महानगर क्षेत्र वाले कोकण क्षेत्र में हैं जहां कुल 23,770 परियोजनाएं दर्ज हैं। इसके बाद पुणे क्षेत्र में 15,932, उत्तर महाराष्ट्र में 4,621, नागपुर क्षेत्र में 2,764, छत्रपति संभाजीनगर क्षेत्र में 1,886 और अमरावती क्षेत्र में 957 परियोजनाएं पंजीकृत हैं।

# पाकिस्तान समर्थक'इंस्टाग्राम पोस्ट डालने वाला युवक गिरफ्तार

## देशद्रोह का मामला दर्ज


**भिवंडी।** कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस नृशंस घटना में आतंकियों ने कथित रूप से पर्यटकों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी थी। मृतकों में एक नेपाल का नागरिक भी शामिल था। इसके बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी अड्डों पर "ऑपरेशन सिंदूर" चलाकर उन्हें नष्ट कर दिया, जिससे भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस संवेदनशील माहौल के बीच भिवंडी के घुंघटनगर इलाके में रहने वाला एक युवक अफसर अली असगर अली सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन में



लगातार पोस्ट कर रहा था। उसके इंस्टाग्राम आईडी पर "चाहे जो हो जाये सपोट पाकिस्तान का करेंगे" जैसी भड़काऊ और देशविरोधी पोस्ट वायरल हो रही थीं, जिसने स्थानीय लोगों में आक्रोश और सुरक्षा एजेंसियों में चिंता पैदा कर दी। जैसे ही इस बात की जानकारी शहर पुलिस को मिली, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस और अपराधियों की वसूली का शिकार हो रहे प्रेमी जोड़े

**ठाणे।** शहर के मसुंदा तालाब,उपवन तालाब और येऊर इलाके अब प्रेमी जोड़ों के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। घर वालों से छिपकर मिलने वाले ये युवा जोड़े अब पुलिस और अपराधियों की वसूली का शिकार हो रहे हैं। हाल ही में सामने आए मामलों में पुलिस या गुंडे, प्रेमी जोड़ों को धमकाते हैं कि उनका वीडियो वायरल कर देंगे, और इसके बदले जेब में मौजूद हर पैसा वसूल लेते हैं। बता दें कि ताजा खुलासा तब हुआ जब मसुंदा झील के पास एक शादीशुदा जोड़े से पुलिस ने मौके पर ही



50 हजार रुपए वसूल लिए। इन वसूली में शामिल दो पुलिसकर्मी आयुक्त के एस्कॉर्ट वाहन से जुड़े थे,जबकि महिला पुलिसकर्मी दारागांव थाने की थी। पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे ने इन सभी को निलंबित कर दिया, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि ये धंधा अब भी कई इलाकों में बेरोकटोक चल रहा है। हीरानंदानी और तुकई पाड़ा में भी रात 11 बजे तक पुलिसकर्मी गश्त करते हैं, और अगर वाहन में कोई खामी मिल जाए तो प्रेमी जोड़ों को पेड़ों के पास ले जाकर डराया जाता है। एक युवती ने बताया कि कई बार वर्दीधारी भी अपराधियों का साथ देते नजर आते हैं। उपवन झील के किनारे बैठने वाले प्रेमी युगलों को भी पुलिस पहचान पूछकर फंसाने की कोशिश करती है, और मौके पर ही समझौता कर पैसा वसूलती है।

# ठाणे में बड़ा सियासी उलटफेर

## राष्ट्रवादी को झटका, छह पूर्व नगरसेवक शिवसेना में शामिल

**ठाणे।** ठाणे की सियासत में कल बड़ा उलटफेर हुआ, जब कलवा, खारेगांव और विटावा इलाके के छह पूर्व नगरसेवकों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) का साथ छोड़कर शिवसेना का दामन थाम लिया। राज्य के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में सभी नेताओं ने शिवसेना का पारंपरिक धनुष-बाण चिह्न हाथ में लेकर पार्टी में प्रवेश किया। इस कदम से ठाणे में शिवसेना की ताकत और मजबूत हो गई है, वहीं राष्ट्रवादी खेमे में खलबली मच गई है। विश्लेषकों के मुताबिक यह झटका खास तौर पर कलवा-मुंब्रा के विधायक जितेंद्र आव्हाड के लिए बड़ा आघात माना जा रहा है। शिवसेना में शामिल होने वालों में पूर्व विपक्ष नेता मिलिंद पाटिल, पूर्व नगरसेविका मनाली पाटिल, महेश सालवी, मनिषा सालवी, महिला राष्ट्रवादी की जिला अध्यक्ष सुरेखा पाटिल और सचिन म्हात्रे शामिल हैं। माना जा रहा है कि आगामी महापालिका चुनाव से पहले यह दल-बदल शिवसेना के पक्ष में बड़ा सियासी समीकरण बदलेगा। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में ठाणे जिले में शिवसेना का जनाधार लगातार बढ़ता दिख रहा है और विभिन्न पार्टियों के नेता अब तेजी से शिवसेना में शामिल हो रहे हैं।

# भिवंडी में बेमौसम बारिश का कहर

## पावरलूम कारखाने की छत गिरी, एक मजदूर गंभीर रूप से घायल

**भिवंडी।** शहर में बीते 24 घंटों से हो रही बेमौसम बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। एक ओर जहां कई इलाकों में पानी भर गया, वहीं नारपोली क्षेत्र में एक पावरलूम कारखाने की छत गिरने की घटना सामने आई है। इस हादसे में कारखाने में कार्यरत एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसका उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना नारपोली परिसर के प्रभाग समिति क्रमांक चार के अंतर्गत घर नंबर 829 स्थित एक पावरलूम कारखाने की है। बताया जा रहा है कि कारखाने की छत सीमेंट की पतरों से बनी हुई थी,



जो लगातार बारिश के कारण कमजोर होकर बुधवार देर शाम अचानक भरभरा कर नीचे गिर पड़ी। उस समय कारखाने में कार्यरत मजदूर छोटू उर्फ शंभू (45 वर्ष) छत के नीचे दब गया। उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही प्रभाग समिति क्रमांक चार के सहायक आयुक्त गिरीष घोष्टेकर अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी और राहत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कारखाना काफी पुराना है और उसकी छत काफी जर्जर अवस्था में थी।



पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले का तीव्र और शक्तिशाली जवाब देते हुए भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान में नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। हमारे बहादुर सैनिकों के अतुलनीय साहस और वीरता के सम्मान में सायन कोलीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक कैप्टन तमिल सेल्वन द्वारा विजय जुलूस निकाला गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया.

# मोबाइल नंबर और इमेल आईडी बदलकर कर दिए अकाउंट खाली

## शिकायतकर्ता का डीमेट अकाउंट



**मुंबई।** वडाला क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला साइबर ठगी का मामला सामने आया है,जहां एक 55 वर्षीय व्यक्ति को लगभग 20 लाख रुपए मूल्य के शेयरों से हाथ धोना पड़ा। पीड़ित व्यक्ति नर्मदा परिक्रमा के लिए गुजरात गया हुआ था,उसी दौरान धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। साइबर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,आरोपियों ने सबसे पहले पीड़ित के डिमैट खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर बदल दिया और एक नकली ईमेल आईडी बनाकर उसे खाते से लिंक कर दिया। इसके जरिए उन्होंने पूरे शेयर ट्रांसफर कर लिए।

पीड़ित एक पावर कंपनी में ऑफिस सुपरवाइज़र के पद पर कार्यरत हैं। अप्रैल महीने में वे नर्मदा परिक्रमा के लिए गुजरात रवाना हुए थे और गरुड़ेश्वर मंदिर भी गए थे। जब वे मुंबई लौटे और दोबारा काम पर लौटे, तब उन्होंने अपने डिमैट खाते की जांच की। उन्हें यह देखकर झटका लगा कि उनके खाते से सारे शेयर गायब हो गए थे। शुरुआत में उन्हें लगा कि यह कोई तकनीकी गड़बड़ी है, इसलिए उन्होंने मोबाइल ऐप के जरिए बार-बार शेयर देखने की कोशिश की, लेकिन 40 कंपनियों के कोई भी शेयर नहीं दिखाई दिए। जब उन्होंने डिमैट सेवा प्रदान करनेवाले कंपनी से संपर्क किया, तो उन्हें नेटवर्क समस्या का हवाला दिया गया। यहां तक कि कार्यालय जाकर पूछताछ करने पर भी यही जवाब मिला। बाद में, जब उन्होंने अपने मोबाइल की जांच की, तो उन्हें एक संदेश मिला जिसमें बताया गया था कि उनके डिमैट और सीडीएसएल खातों से जुड़ा मोबाइल नंबर बदल दिया गया है। चूंकि वे यात्रा में थे, इसलिए यह संदेश उन्होंने समय पर नहीं देखा। साथ ही यह भी पता चला कि उनकी जैसी दिखने वाली ईमेल आईडी बनाकर खाते से जोड़ी गई थी।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर श्री सिद्धिविनायक मंदिर में की गई विशेष पूजा

**मुंबई।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा निर्दोष भारतीय पर्यटकों की हत्या की घटना के बाद भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर श्री सिद्धिविनायक मंदिर में गुरुवार सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक विशेष पूजा तथा आरती का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए श्री सिद्धिविनायक मंदिर न्यास के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि निर्दोष भारतीय पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों तथा उनके शिविरों को जिस तरह



से नष्ट किया गया, उससे न सिर्फ सिंदूर उजाड़ने वालों को कड़ी सजा मिली अपितु उनके आकाओं को भी करारा जवाब मिला। ऑपरेशन सिंदूर को कामयाब बनाने वाले सेना के जवानों तथा उनके परिवारों के लिए भी प्रार्थना की गई। इस अवसर पर ट्रस्टी महेश मुदलियार, ट्रस्टी भास्कर शेट्टी, ट्रस्टी गोपाल दलवी समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# परे बेटिकट यात्रियों से वसूले 21.89 करोड़ रुपये

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे (परे) द्वारा सभी वैध यात्रियों को आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों, मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेनों और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की निगरानी में अत्यधिक अनुभवी टिकट चेकिंग टीम द्वारा अप्रैल, 2025 में कई टिकट जांच अभियान चलाए गए, जिनसे 21.89 करोड़ रुपए



की प्राप्ति की गई, जिनमें मुंबई उपनगरीय खंड से प्राप्त 6 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अप्रैल में बिना बुक किए सामान के मामलों सहित 3.10 लाख बिना टिकट/अनियमित यात्रियों का पता लगाकर 21.89 करोड़ रुपए की राशि वसूल की गई। इसके अलावा, अप्रैल के महीने में ही पश्चिम रेलवे ने मुंबई उपनगरीय खंड पर 1 लाख मामलों का पता लगाकर 6 करोड़ रुपये का जुर्माना प्राप्त किया। एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा को रोकने के लिए नियमित औचक टिकट जांच अभियान चलाए जाते हैं। इन अभियानों के परिणामस्वरूप अप्रैल में 6,000 से अधिक अनधिकृत यात्रियों पर जुर्माना लगाया गया है तथा 20.24 लाख रुपए की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। पश्चिम रेलवे द्वारा आम जनता से हमेशा उचित और वैध टिकट के साथ यात्रा करने की अपील की गई है।

# नवी मुंबई में महायज्ञ का आयोजन

**नवी मुंबई।** अंतर योग फाउंडेशन एक पवित्र और परिवर्तनकारी आध्यात्मिक आंदोलन गणेश विद्या महायज्ञ का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन भारत को विश्वगुरु के रूप में स्थापित करने हेतु आचार्य उपेन्द्र के नेतृत्व में 11 मई को सुबह 7:30 बजे से रात 10:30 बजे तक सिडको, वाशी, नवी मुंबई में आयोजित किया जाएगा।



यह गणेश विद्या महायज्ञ जीवन में एक बार होने वाला दिव्य आयोजन है जो 5 करोड़ गणेश बीज मंत्र जाप और 2 लाख व्यक्तिगत जपों की पूर्ति का प्रतीक है,जिसे आचार्य उपेन्द्र और दुनिया भर के अंतर योग साधकों ने भारत को आगामी कठिन समय, युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं आदि से सुरक्षित रखने के लिए संपन्न किया है। इस अनुपम आयोजन में आचार्य जी दुर्लभ आध्यात्मिक साधनाएं कराएंगे जिससे उपस्थित लोग अपने जीवन की बाधाओं पर विजय प्राप्त कर सकेंगे, धन-संपत्ति व सफलता को आकर्षित कर सकेंगे और रोगों से तात्कालिक उपचार पाएंगे।

# पश्चिम रेलवे ने किया यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने कार्यस्थल पर सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, 7 मई को मंडल रेल प्रबंधक (DRM) कार्यालय, मुंबई सेंट्रल में "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (POSH)" पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आरती सिंह परिहार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी/एचआर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। पश्चिम रेलवे के



मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस जागरूकता सत्र का उद्देश्य कर्मचारियों में POSH अधिनियम के प्रति समझ बढ़ाना तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के प्रति पश्चिम रेलवे की 'शून्य सहिष्णुता' की नीति को दृढ़ता से दोहराना था। सत्र के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, आंतरिक शिकायत समिति (ICC) की गठन प्रक्रिया एवं कार्य प्रणाली, शिकायत दर्ज करने की विधि तथा समस्या निवारण की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कर्मचारियों में जागरूकता, संवेदनशीलता एवं सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। इस पहल के अंतर्गत एक सूचनात्मक पुस्तिका (पम्फलेट) का भी विमोचन किया गया, जिसमें कर्मचारियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और उपलब्ध शिकायत निवारण तंत्र के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई है। सत्र के अंतिम चरण में प्रतिभागियों के साथ एक संवादात्मक परिचर्चा आयोजित की गई।




महानगर संवाददाता


मुंबई

गुरुवार को मुंबई में मई महीने की सुबह असामान्य रूप से ठंडी रही। आईएमडी (भारतीय मौसम विभाग) की कोलाबा वेधशाला ने न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो अब तक का मई महीने में सबसे कम तापमान है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 25 मई 1951 में 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। गुरुवार का तापमान सामान्य से 4.7 डिग्री कम रहा। वहीं सांताक्रूज वेधशाला में न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो पिछले 40 वर्षों में मई की दूसरी सबसे ठंडी सुबह रही। यह सामान्य से 5.8 डिग्री कम रहा। पिछले 10 वर्षों के रिकॉर्ड देखें तो मई महीने में न्यूनतम तापमान आमतौर पर 24 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार यह अचानक आई ठंडक एक ठंडी वायु सीमा के गुजरने के बाद बने अस्थिर वायुमंडलीय दबाव क्षेत्र के कारण है। ठंडी हवा के प्रवेश से तापमान में गिरावट आई जो गुरुवार को महसूस की गई। दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। कोलाबा में अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री और सांताक्रूज में 32.6 डिग्री सेल्सियस रहा। कोलाबा में यह तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम था जबकि सांताक्रूज़ में सामान्य के आसपास रहा। मुंबई में मौसम की यह अजीब स्थिति यहीं नहीं रुकी। गुरुवार को लगातार तीसरे दिन बारिश हुई। शहर के कई इलाकों में हल्की तो कही तेज बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने पहले ही येलो अलर्ट जारी किया था, जिसमें बिजली के साथ गरज हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई थी। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 7 से 8 मई के बीच 24 घंटे में 32.1 मिमी बारिश दर्ज की गई जो पिछले एक दशक में मई महीने की दूसरी सबसे अधिक बारिश है। मौसम विभाग ने बताया कि यह बारिश एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई जिससे वायुमंडल के ऊपरी स्तरों में एक ट्रफ बन गया और उसमें अत्यधिक नमी थी। इसी प्रणाली के कारण तेज बारिश और तेज हवाएं देखने को मिलीं। मौसम विभाग ने मुंबई, ठाणे और पालघर के लिए 9 मई को हल्की बारिश की संभावना जताई है, जबकि 10 मई से मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तापमान

8 मई को दर्ज न्यूनतम तापमान: आईएमडी कोलाबा: 22.2 डिग्री सेल्सियस
कोलाबा में पिछले 10 वर्षों में दर्ज न्यूनतम तापमान: (सभी आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)

2024--24.4
2023--23
2022--26
2021--24.8
2020--25.8
2019--25
2018--25
2017--26
2016--26.2
2015--27



सर्वकालिक रिकार्ड: 25 मई 1951: 22.8 डिग्री।
8 मई को प्रात: 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में दर्ज की गई बारिश
आईएमडी कोलाबा: 23.3 मिमी



## आज से वर्ली तक चलेगी मेट्रो एक्वा लाइन-3



महानगर संवाददाता

मुंबई

मुंबई मेट्रो एक्वा लाइन-3 (आरे-बीकेसी-अत्रे चौक) के वर्ली तक विस्तार का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस करेंगे। एक्वा लाइन-3 के कुल 33.5 किलोमीटर लंबे हिस्से में से, आरे जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड (जेवीएलआर) से बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) तक का 12.69 किलोमीटर का खंड 7 अक्टूबर, 2024 से पहले से ही चालू है। एक बार जब पूरी लाइन शुक्रवार से चालू हो जाएगी, तो मुंबई के उपनगरों में आरे-जेवीएलआर से आचार्य अत्रे चौक दक्षिण मुंबई के वर्ली तक पहुंचने में केवल 39 मिनट लगेंगे।

विस्तारित खंड के स्टेशनों में कोटक बीकेसी, धारावी, सीतालदेवी, दादर, सिद्धिविनायक, वर्ली और आचार्य अत्रे चौक शामिल हैं. विस्तारित खंड के स्टेशनों में कोटक बीकेसी, धारावी, सीतालदेवी, दादर, सिद्धिविनायक, वर्ली और आचार्य अत्रे चौक शामिल हैं।

## शनिवार को खुल जाएगा अंधेरी का गोखले ब्रिज


महानगर संवाददाता

मुंबई

अंधेरी पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाला अहम गोखले ब्रिज अब लगभग पूरी तरह से तैयार है और इस ब्रिज को इस सप्ताह के आखिरी तक वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिए जाने की जानकारी मनपा अधिकारियों ने दी। ब्रिज के शुरू होने से अंधेरी विलेपार्ले और जोगेश्वरी इलाके में होने वाली ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी। ब्रिज का एक हिस्सा फरवरी 2024 में शुरू किया गया था अब यह ब्रिज पूरी तरह से जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध होने जा रहा है।

**ताकि बारिश के दौरान इस इलाके में ट्रैफिक की रफ्तार प्रभावित न हो**

मनपा का लक्ष्य था कि मानसून से पहले यह ब्रिज शुरू कर दिया जाए ताकि बारिश के दौरान इस इलाके में ट्रैफिक की रफ्तार प्रभावित न हो। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि ब्रिज का अधिकांश काम पूरा हो चुका है और केवल रोड लाइन मार्किंग, कैट आई इंस्टॉलेशन और कुछ दिशा-सूचक बोर्ड लगाने जैसे छोटे कार्य बाकी हैं वह भी एक दिन में पूरा हो जाएगा, जिससे ब्रिज को अगले एक या दो दिनों में इसे यातायात के लिए खोलने की संभावना है। मनपा अधिकारियों की मानें तो ब्रिज कि इसे 9 मई को पूरी तरह खोला जा सकता है।




### शनिवार को है गोपाल कृष्ण गोखले जयंती

क्योकि इसी दिन समाज सुधारक गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती है जिसके नाम पर यह ब्रिज है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि ब्रिज के पूरी तरह खुलने के साथ ही इस मार्ग पर बेस्ट बस सेवाएं फिर से शुरू की जाएं। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2022 में गोखले ब्रिज को तोड़े जाने के बाद से इलाके में सार्वजनिक परिवहन की कमी महसूस की जा रही थी। विशेषकर स्कूल जाने वाले छात्रों और दैनिक यात्रियों को परेशानी हुई है। अंधेरी लोखंडवाला ओशिवारा सिटिज़न्स एसोसिएशन ने बेस्ट को पत्र लिखकर बस मार्गों को पुन: शुरू करने की मांग की है। ब्रिज का दूसरा चरण पूरी तरह से बर्फी वाला फ्लाईओवर के साथ संरेखित हो चुका है और नागरिकों को उम्मीद है कि जल्द ही इससे पूर्ण यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी।

## प्रॉपर्टी टैक्स भरने के लिए मनपा ने उपलब्ध कराई ऑनलाइन सुविधा

**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने प्रॉपर्टी धारकों को प्रॉपर्टी टैक्स भरने के लिए विभिन्न सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई हैं। जिससे प्रॉपर्टी टैक्स भरने की प्रक्रिया सरल और सुविधाजनक हो सके। मनपा द्वारा शुरू की गई सुविधा का लाभ उठाने के लिए मुंबई के प्रॉपर्टी धारकों को मनपा की वेबसाइट https://ptaxportal.mcgm.gov.in/CitizenPortal/#/login पर जाकर 'अपने ग्राहक को जानिए' प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इस तरह की अपील मनपा प्रशासन की ओर से प्रॉपर्टी धारको को की गई है। मनपा आयुक्त भूषण गगराणी के निर्देश पर अतिरिक्त आयुक्त (शहर) अश्विनी जोशी के मार्गदर्शन में सहआयुक्त




(कर निर्धारण एवं संकलन) विश्वास शंकरवार और कर निर्धारण अधिकारी गजानन बेल्लाले की देखरेख में विभिन्न उपाय योजनाएं की जा रही हैं। इसी क्रम में ऑनलाइन सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। प्रॉपर्टी टैक्स से होने वाली कमाई महानगरपालिका की आय का एक प्रमुख स्रोत है। इस साल के वित्तीय वर्ष में मनपा 10 लाख से अधिक प्रॉपर्टी धारकों को प्रॉपर्टी टैक्स का बिल भेजेगी। अब तक लगभग 4 लाख प्रॉपर्टी धारकों ने KYC प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी की है जिससे उन्हें SMS और ईमेल के माध्यम से समय-समय पर सूचनाएं मिल रही हैं। बाकी बचे संपत्ति धारकों को भी KYC प्रक्रिया पूरी कर ऑनलाइन सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रॉपर्टी धारको को वेबसाइट पर जाकर प्रॉपर्टी लेखा क्रमांक, नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और अपनी भूमिका (जैसे मालिक, सचिव, अध्यक्ष, लेखपाल, अन्य) दर्ज करनी होगी। इसके साथ ही शेयर प्रमाणपत्र, गैस/बिजली/टेलीफोन बिल, और हाउसिंग सोसायटी के लेटरहेड पर जारी प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेज स्कैन कर अपलोड करने होंगे।

## रविवार से सिद्धिविनायक मंदिर में फूल नारियल पर बंदी

**मुंबई।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को किए गए कायरना हमले में निरपराध 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। भारत ने पाकिस्तान से इसका बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की है, जिसके तहत आतंकी स्थानों पर स्ट्राइक कर उनके अड्डे को जमीदोस्त कर दिया गया है। पाकिस्तान इससे बौखला गया है। पाकिस्तान की इस बौखलाहट को देखते हुए सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट ने सुरक्षा की दृष्टि से कदम उठाते हुए रविवार से मंदिर में फूल और नारियल के जाने पर पाबंदी लगा दी है। मंदिर ट्रस्ट न्यास के कोषाध्यक्ष पवन त्रिपाठी ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से रविवार से मंदिर में हार फूल और नारियल ले जाने की बंदी लगा दी हैं, उन्होंने बताया कि यह निर्णय सुरक्षा की दृष्टि से उठाया गया कदम है।



## जर्जर इमारतों का पुनर्विकास के लिए म्हाडा का जागरूकता अभियान

**मुंबई।** म्हाडा के मुंबई बिल्डिंग रिपेयर एंड कंस्ट्रक्शन बोर्ड ने उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली जर्जर इमारतों का पुनर्विकास समय पर हो सके इसके लिए जागरूकता अभियान छेड़ने का निर्णय लिया है। म्हाडा का मानना है कि इससे जर्जर इमारतों में रहने वाले लोगों के जीवन और सम्पत्ति का नुकसान बचाया जा सके। बता दें कि मुंबई में म्हाडा की लगभग 13,091 उपकर प्राप्त इमारत जर्जर अवस्था में है। इन इमारतों का समय पर पुनर्विकास होना जरूरी हो गया है। समय रहते इन इमारतों का पुनर्विकास नहीं किया गया तो बड़ा धोखा हो सकता है। इमारतों के पुनर्विकास को लेकर सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है, जिसको लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आगामी मानसून में संभावित दुर्घटनाओं से बचने के लिए म्हाडा द्वारा इन इमारतों की संरचनात्मक जांच की जा रही है। पुनर्विकास प्रक्रिया को गति देने के लिए म्हाडा अधिनियम में संशोधन कर नई धारा 79(अ) लागू किया गया है।

## अंधेरी के अपोलो इंडस्ट्रियल एस्टेट में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** अंधेरी पूर्व स्थित पेपर बॉक्स कंपनी के पास स्थित अपोलो इंडस्ट्रियल एस्टेट क गाला नंबर 44 में गुरुवार तड़के सुबह आग लगने की घटना घटी। फायर ब्रिगेड अधिकारियों की ततपरता से आग पर तत्काल काबू पाया गया और बड़ा नुकसान टाला गया। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड अधिकारियों को गुरुवार की सुबह 5:56 बजे मिली। आग की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस



अधिकारी, अदानी इलेक्ट्रिसिटी के कर्मचारी, एम्बुलेंस सेवा और स्थानीय वार्ड कर्मचारी घटना स्थल पर तत्काल पहुंचे थे। आग कमर्शियल बिल्डिंग के ग्राउंड और पहली मंजिल तक फैली हुई थी। फायर जवानों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और इसे सुबह 8:50 बजे पूरी तरह बुझा दिया गया। फायर अधिकारियों के अनुसार आग बिजली की वायरिंग, उपकरण और दफ्तर के सामान तक ही सीमित रही। जिसमे फर्नीचर, फाइलें, कंप्यूटर, प्रिंटर, डायपर का स्टॉक, व्हीलचेयर, सर्जिकल उपकरण और एक झेरॉक्स मशीन पूरी तरह जलकर ख़ाक हो गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जा रही है।

## स्त्री के संघर्षों और दुखों का दस्तावेज है 'स्त्री और प्रेम': ओबैद आजम आजमी
## 'टैगोर और राहुल सांकृत्यायन हैं मेरे आदर्श':डॉ. नीलिमा पांडेय

**मुंबई।** 'एक स्त्री जीवन के रण में सतत संघर्ष करती है और वह जीतती भी है। स्त्री के संघर्षों और दुखों का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है डॉ. नीलिमा पांडेय की यह किताब 'स्त्री और प्रेम'। इसमें संघर्ष के भी कई आयाम हैं, दुख के भी' भावुक होते हुए उन्होंने कहा, 'नीलिमा ने दुख के कातर क्षणों को बहुत कुशलता से पकड़ा है।' यह विचार प्रख्यात शायर, शिक्षा विद ओबैद आजम आजमी ने 'शोधावरी' द्वारा मुंबई विश्वविद्यालय के जे पी नायक भवन में डॉ. नीलिमा पांडेय के काव्य संग्रह 'स्त्री और प्रेम' (प्रवासी




प्रेम पब्लिसिंग इंडिया) पर आयोजित विमर्श में व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात चित्रकार, कवयित्री रंजना पोहनकर ने की। कर्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए डॉ.हूबनाथ पांडेय ने कहा, 'नफरत के मौसम में यह कविताएं प्रेम की चमक और उसकी उदात्तता को सामने रखती हैं'। डॉ नीलिमा पांडेय ने अपनी बात रखते हुए कहा, 'रवींद्र नाथ टैगोर, राहुल सांकृत्यायन व महादेवी वर्मा मेरी आदर्श हैं। टैगोर की कविताओं से मेरे मन में क्षणिका का भाव जगा। वहीं भाव इस किताब का आधार है'। डॉ मृगेंद्र राय ने कहा, 'जीवन के भोगे हुए क्षणों की सनद है यह किताब'। ऊषा मधु ने कहा, 'स्त्री की सूक्ष्मतम भावनाओं को प्रकट करती हैं यह कविताएं'। सर्वेश यादव ने कहा, 'छोटी कविताएं, बड़ी बात कहती हैं'। नीतू पांडेय 'क्रांति', कविता पटेल, लक्ष्मीकांत कमलनयन व कमल किशोर कमल ने पुस्तक की कुछ कविताओं का पाठ किया। संचालन आमना आजमी व आभार आसिया शेख ने व्यक्त किया।

### रायगड में भीषण सड़क हादसा

## बेकाबू डंपर ने एसटी बस को मारी टक्कर

### 4 लोगों की मौत, 15 गंभीर घायल

**रायगड।** रायगड ज़िले के तळा-मांदाड रोड पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक बेकाबू डंपर ने एसटी बस को जोरदार टक्कर मार दी। इस भयावह टक्कर में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए है जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। घटना तला तालुका के तारणे गांव के पास एक खतरनाक मोड़ पर हुई। बस रहाटाड से तला की ओर जा रही थी, जबकि डंपर तेज रफ्तार से मांदाड की ओर बढ़ रहा था। तीव्र मोड़ पर अचानक डंपर ने बस को सामने से टक्कर मारी, जिससे एसटी बस का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान तृप्ती खुटीकर, लक्ष्मण ढेबे, अनन्या गवाणे और विठ्ठल कजबजे के रूप में हुई है। सभी मृतकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 15 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें तत्काल तळा ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना की जांच जारी है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, डंपर की तेज गति और मोड़ पर चालक द्वारा नियंत्रण न खोने के कारण यह हादसा हुआ।

## कंपनी में हिस्सेदारी देते वक्त पुराने बिल्डर ने की धोखाधड़ी

**मुंबई।** घाटकोपर के प्रतिष्ठित भवन निर्माण व्यवसाय से जुड़ी कंपनी श्रीनाथ ओदव डेव्हलपर्स को लेकर एक बड़ा आर्थिक फर्जीवाड़ा सामने आया है। चंद्रकांत मारुती मानकर ने फर्जीवाड़े को लेकर अदालत से गुहार लगाई, जिसके आदेश के बाद पंत नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। मामले कि जांच में पुलिस जुटी है। मानकर के अनुसार, उन्होंने 21 मार्च 2022 को निरज मनसुखलाल वेद से कंपनी में उनकी हिस्सेदारी खरीदी थी। यह सौदा जितेंद्र धार्याभाई भद्रा की सहमति से किया गया था। उस समय निरज वेद ने बताया था कि उन्होंने हिमांशु मेहता और उनकी पत्नी भावना मेहता से 21 लाख रुपए कर्ज के रूप में लिए हैं, जो कंपनी के खाते में जमा रहेगी और आवश्यकता



पड़ने पर उन्हें लौटा दिए जाएंगे। लेकिन बाद में पता चला कि यह राशि कर्ज नहीं थी, बल्कि निरज वेद ने एक फ्लैट देने के नाम पर हिमांशु मेहता से अग्रिम के रूप में ली थी। इसके तहत कथित रूप से एमओयू भी बना था, जिस पर निरज वेद के कोई हस्ताक्षर नहीं थी, केवल हिमांशु और भावना मेहता की ही थीं।

यह खुलासा तब हुआ जब पंतनगर पुलिस स्टेशन से निरज वेद के खिलाफ शिकायत मिलने पर मानकर और भद्रा को दस्तावेजों के साथ बयान दर्ज कराने बुलाया गया। पूछताछ के दौरान हिमांशु मेहता ने बताया कि निरज वेद ने कंपनी को अपनी व्यक्तिगत कंपनी बताकर फ्लैट देने का झांसा देकर पैसे लिए थे। लेकिन मानकर और भद्रा के अनुसार, कंपनी का कोई भी करार तब तक वैध नहीं होता जब तक दोनों साझेदार मिलकर हस्ताक्षर न करें। चंद्रकांत मानकर का आरोप है कि निरज वेद ने उनके विश्वास को धोखा देकर झूठे आधार पर कंपनी की हिस्सेदारी बेचते समय 21 लाख रुपये की देनदारी को कर्ज बताकर फंसाया और कंपनी की साख को भी नुकसान पहुंचाया। इस संबंध में मानकर ने विक्रोली के प्रथमवर्ग न्यायदंडाधिकारी की अदालत में सीआरपीसी 156(3) के तहत शिकायत दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## मनपा के नाला सफाई से भाजपा नाराज

**मुंबई।** भाजपा मुंबई अध्यक्ष एंव कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार ने आरोप लगाया है कि मुंबई के पश्चिम उपनगर में अभी मात्र 10 से 30 प्रतिशत ही नालासफाई हुई है, जब की मनपा ने 61 प्रतिशत नाला सफाई हो जाने का दवा किया है। मनपा द्वारा की जारही नाला सफाई पर आशीष शेलार ने असंतोष व्यक्त किया है। शेलार ने पश्चिम उपनगरों में नाला सफाई का निरीक्षण किया गुरुवार को सांताक्रुज़ पश्चिम के गझदरबांध, एसएनडीटी नाला, इरला नाला, मोगरा और शहीद भगत सिंह नगर नालों का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा नाला सफाई का वीडियो रिकॉर्डिंग और फोटोग्राफी किए जाने की जानकारी दी गई, लेकिन जब मिलेनियम नाला क्षेत्र में सफाई की प्रमाणिकता दर्शाने को कहा गया तो वे डंपर में कीचड़ भरते और खाली करते समय के वीडियो नहीं दिखा सके।


### जाहीर नोटीस

**मैं आपको यह सूचित करने के लिए लिख रहा हूँ कि हमारी कंपनी (ए एंड एफ एसोसिएट्स) 05-05-2025 से अपना शाखा कार्यालय का पता बदलने जा रही है।नया पता- एफ-78, कोहिनूर सिटी मॉल, किरोल रोड, कुर्ला (पश्चिम) मुंबई-400070पुराना पता- दुकान नं.-9, प्लॉट नं. 225/245, हाजी कसम चॉल, नागपाड़ा - मुंबई 400008**

महावितरण
महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

### विज बंदबाबत जाहीर निवेदन

कल्याण पश्चिम विभागातील सर्व विज ग्राहकांना कळविण्यात येते की, २२ केव्ही बारावे उपकेंद्रातुन निघणाऱ्या **२२ केव्ही कॉलेज रोड** या वाहिनीवर देखभाल व दुरूस्तीचे काम करण्यासाठी **दि. ०९.०५.२०२५ रोजी सकाळी ०९.३० ते १४.३० वाजेपर्यत** खाली नमुद केलेल्या भागाचा विज पुरवठा बंद राहील याची कृपया नोंद घ्यावी. ग्राहकांच्या होणाऱ्या गैरसोईबद्दल महावितरण कंपनी दिलगीर आहे.

| अनु. क्र. | उपकेंद्र | फिडर | भागाचे नाव |
|---|---|---|---|
| १ | २२ केव्ही बारावे | कॉलेज रोड | भोईरवाडी परिसर, संघवी इस्टेट, केणे कॉम्पलेक्स, आयकॉन प्लाझा, सावळाराम सृष्टी, बी.के नगर, आरटीओ, सर्वोदय हाईट, सर्वोदय मंदीर, सहयाद्री नगर १, सहयाद्री नगर ३, पोटे स्कुल, गोवर्धन व माऊली कॉम्पलेक्स |

**कार्यकारी अभियंता, कल्याण पश्चिम विभाग**


## स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी में ज्यादा पैसे की लालच देकर धोखाधड़ी

### वेबसाइट पर दिख रहा पैसा प्रत्यक्ष में न मिलने पर पटक चली धोखाधडी

**मुंबई।** अंधेरी पश्चिम इलाके में राहनेवाले वर्षा रमेश हेमरजानी, जो पेशे से एक शिक्षिका हैं और ऑनलाइन ट्यूशन के जरिए अपने परिवार का गुजारा करती हैं, उनके साथ ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 49.26 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है। वर्षा हेमरजानी को 2 अप्रैल को व्हाट्सएप पर एक महिला कालिया ने संपर्क किया और खुद को आशिका स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी की प्रतिनिधि बताया। कालिया ने उन्हें ज्यादा रिटर्न का लालच देते हुए अपनी परिचित जिशा गंगवाणी का




नंबर दिया। जिशा ने एक व्हाट्सएप ग्रुप और एक ट्रेडिंग वेबसाइट का लिंक भेजा और निवेश के लिए प्रेरित किया। हेमरजानी को व्हाट्सएप ग्रुप आशिका स्टॉक ब्रोकिंग एच515 में जोड़ा गया, जिसमें 100 से ज्यादा सदस्य थे। ग्रुप में शेयर बाजार से जुड़े टिप्स और निवेश की सलाह दी जाती थी। उन्होंने जिशा, ग्रुप के एडमिन दाउलत जैन, श्याम, लक्ष्मी अय्यर और दिलीप की सलाह पर अलग-अलग बैंक खातों में कुल 49.26 लाख रुपए जमा किए। जब उन्होंने वेबसाइट पर दिख रही लाभ की रकम निकालनी चाही, तो उन्हें अतिरिक्त कमिशन भरने को कहा गया। रकम न दे पाने पर, उन्हें सूचित किया गया कि पैसे नहीं निकाले जा सकते। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने बीकेसी साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, और ऑनलाइन पोर्टल पर भी दो शिकायतें दर्ज करवाई।

पेज 1 का षेश

## बेस्ट बस का सफर हुआ दोगुना महंगा....

**नई रियायतें:**

**अब 5 से 12 वर्ष तक के बच्चों को आधा टिकट मिलेगा। पहले यह सुविधा 12 साल से छोटे बच्चों को नहीं दी जाती थी।**

**बस पास दरों में वृद्धि:**

दैनिक पास: 60 .75
मासिक पास: 900 ,1,800

**मुंबई के बाहर यात्रा करने वालों के लिए अतिरिक्त किराया:**

बिना वातानुकूलित और वातानुकूलित बसों में मुंबई के बाहर टोल नाके से गुजरने पर 2 अतिरिक्त किराया लिया जाएगा।

**डिजिटल भुगतान करने वालों को लाभ:**

पास पर 5% अतिरिक्त बस फेरे मिलेंगे (उदा. 60 फेरों पर 3 अतिरिक्त फेरे)
वॉलेट से 100 का भुगतान करने पर 5 अतिरिक्त मूल्य मिलेगा
नकद भुगतान पर यह लाभ लागू नहीं होगा।

**सामान का किराया:**

बिना एसी बस में अधिकतम: 30
एसी बस में अधिकतम: 35


## पनवेल महानगरपालिका, पनवेल
### ता. पनवेल जि. रायगड

कार्यालय- आयुक्त मुख्यालय, २रा मजला, देवाळे तलावाच्या समोर,
गोखले हॉलच्या शेजारी, पनवेल-४१०२०६
दुरध्वनी क्र.- ०२२-२७४५८०४०/४१/४२ Email Id: panvelcorporation@gmail.com

### निविदा प्रसिद्ध करणेकामी

| अ. क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव |
|---|---|---|
| १. | ई-निविदा/PMC/IT/०१/२०२५ | पनवेल महानगरपालिका हद्दीमध्ये महिलांच्या सुरक्षिततेच्या दृष्टिने तसेच नागरिकांच्या सुरक्षिततेसाठी सी सी टी व्ही बसिवणे व व्यापक जनहितार्थ मूलभूत उपाययोजना करणेबाबतच्या CCTV यंत्रणेकरिता लीच लाईन घेणेबाबत. |

या निविदेबाबतची विस्तृत माहिती शासनच्या www.mahatenders.com या संकेतस्थळावर दिनांक ०९/०५/२०२५ ते दिनांक ३०/०५/२०२५ रोजी दुपारी ०३.०० वाजे पर्यंत उपलब्ध होईल. संबधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.

सही/-
उप आयुक्त (संगणक)
पनवेल महानगरपालिका

जा. क्र. पमपा/मातंवि/२४२५/प्र.क्र.०१/१६६/२०२५
दिनांक : ०८/०५/२०२५

# विकास कितना खोखला

मेडिकल कालेज जैसे संस्थानों की इमारतों की वास्तुकला तथा इनकी परिकल्पना में भविष्य की अधिकांश जरूरतें नत्थी होनी चाहिएं। आश्चर्य यह है कि ऐसे सिद्धांत हिमाचल के उभरते मेडिकल कालेजों में पराजित होने लगे हैं। टांडा मेडिकल कालेज के मदर एंड चाइल्ड अस्पताल पर 44 करोड़ व्यय और इस संस्थान का नामकरण करने के बावजूद इसकी परिकल्पना रैंप न होने के कारण चोट खा रही है। कितनी हैरानी की बात है कि अस्पताल की अहम भूमिका में खड़ी इमारत इस काबिल नहीं कि मरीज आसानी से उपचार कक्ष तक पहुंच जाएं। आखिर यह भवन उद्घाटन की पट्टिका तक कैसे पहुंच गया और इसे एक नेता के नाम पर समर्पण भी हो गया, लेकिन सारा वास्तुशास्त्र सीढ़ियों पर फिसल गया। 44 करोड़ का व्यय मामूली नहीं होता। जाहिर है कोई ड्राइंग बनी होगी। इमारतों के मापदंड में इसे सक्रिय अस्पताल की श्रेणी में बनाते-बनाते देखा गया होगा। साइट की इंस्पेक्शन करते कई इंजीनियर गुजरे होंगे, लेकिन ये पांव नहीं देख पाए कि स्ट्रेचर या व्हील चेयर पर मरीज को एक अदद रैंप भी चाहिए। हमारा बजट हारा भी तो निर्माण के मुहाने पर आकर और ताज्जुब यह कि इस गलती को सुधारने के लिए अतिरिक्त तीन करोड़ 31 लाख जारी होने के बावजूद उपचार नहीं हो सका। यह हमारे सोच की गुणवत्ता है या यह भी कहा जा सकता है कि हमारी मशीनरी कितनी अगंभीर है। ऐसे में शिलान्यासों से उद्घाटन तक के फलक तक गलतियों के शिकार कई भवन चिढ़ाते हैं। पालमपुर के मिनी सचिवालय का पलस्तर बताता रहा है कि विकास अंदर से कितना खोखला है, तो इसी शहर का बाइपास थ्रू ब्रिज के निर्माण में लगी शटरिंग ने अपने हाथ खून से रंगे हैं। सरकारी परियोजनाओं की सही मॉनिटरिंग हो, तो अपव्यय के कई स्रोत बंद हो सकते हैं। ऐसी कई अधूरी इमारतें हैं, जो वर्षों बाद केवल विकास के खंडहर में बदल गई हैं। अभी हाल ही में राज्य सरकार ने किराये के भवनों में चल रहे कई विभागीय कार्यालयों को स्थानांतरित करने का फैसला किया है, तो पता चला कि जिला मुख्यालयों में कई खाली संपत्तियां बेकार हो रही हैं। सरकारी दायित्व का परफेक्शन हर बार निजी क्षेत्र के सामने खुद में विवश हो जाता है, तो इसलिए कि व्यावसायिक प्रतिबद्धता न होने के कारण, हर प्रयास गौण किया जाता है। अगर टीएमसी मदर एंड चाइल्ड इमारत के नक्शे पर परफेक्शन की निगाहें होतीं, तो 44 करोड़ की लागत से हम एक भविष्य का उज्ज्वल निर्माण कर पाते। वर्षों बाद भी सरकारी इमारतों के ढेर में आधुनिकता का बोध गायब रहता है, तो इसलिए क्योंकि हम ढर्रे से बाहर नहीं आना चाहते। इस दौरान निर्माण की सरकारी एजेंसियां तो बढ़ गईं, लेकिन नए हिमाचल का कलात्मक पक्ष सामने नहीं आया। सरकारी क्षेत्र में पहाड़ी शैली का आधुनिक बोध दिखाई नहीं दिया, नतीजतन एक ही ड्राइंग पर आफिस, स्कूल या चिकित्सा भवन दिखाई देने लगे हैं। शिमला में अंग्रेजी शासन में जिस तरह प्रकृति से मेल खाता निर्माण हुआ, वह न्यू शिमला बनते-बनते मिट्टी में मिल चुका है। सरकारी इमारतों में नए हिमाचल की उभरती तस्वीर देखनी हो तो निर्माण की योग्यता, दक्षता और परिकल्पना को नए मुकाम तक पहुंचाना होगा। छात्रों को ऐसे परिसर चाहिएं जहां शिक्षा को माकूल वातावरण मिले। हिमाचल में सार्वजनिक भूमि का दुरुपयोग रोकने के लिए आर्किटेक्चर पर विशेष ध्यान देते हुए, इनकी उपयोग क्षमता को सार्थक बनाना होगा। हिमाचल के हर शहर की पहचान में वास्तुकला की विविधता का प्रदर्शन, गुणवत्ता के लिहाज से मजबूत होना चाहिए। विडंबना यह है कि सरकारी इमारतों पर पेड़-पौधे उग जाते हैं, लेकिन उन्हें हटाने के बजाय दीवारों के गिरने का इंतजार आसान हो गया है। हिमाचल के विभागीय कार्यालयों, स्कूल-कालेजों और चिकित्सालयों के भवनों को फिर से नए हिमाचल की कहानी लिखनी पड़ेगी। जहां पुरानी इमारतें खड़ी हैं, वहां वाहनों के लिए पार्किंग और जहां नवनिर्माण हो रहा है, वहां भविष्य की परिकल्पना चाहिए। निर्माण के क्षेत्र में ऐसा नवाचार चाहिए कि सरकारी एजेंसियां अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में अपने संदर्भों को पुख्ता कर सकें। वैसे तो यह पूरे देश की समस्या है लेकिन अब देश की जनता जागरूक हो गई है और उसे अब अपना हित-अनहित नजर आने लगा है। खासकर यह जागरुकता ग्रामीणों में देखने को मिली है, जो अपने विकास, सुविधाएं, रोजगार और बुनियादी जरूरतों को लेकर ग्रामीण खुलकर अपनी राय रख रहे हैं। अब ग्रामीण बिजली, सड़क, पानी और नाली की समस्याएंओं के साथ शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर खुलकर बातें कर रहे हैं। आज का युवा भारत डिजिटलीकरण का लाभ उठाते हुए अपनी आवश्यक्ताओं को पूरा करने पर जोर दे रहा है साथ ही अपने विकास की फिक्र भी। गौरतलब हो कि बीते फरवरी 2025 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा था कि एक प्रधानमंत्री थे, जिन्हें मिस्टर क्लीन के नाम से जाना जाता था, जिन्होंने कहा था कि जब दिल्ली से एक रुपया चलता है तो गांवों तक केवल 15 पैसे ही पहुंचते हैं। उस समय पंचायत से लेकर संसद तक एक ही पार्टी का शासन था और आम आदमी आसानी से समझ जाता था कि 85 पैसे कहां गए। देश ने हमें अवसर दिया, हमने समाधान खोजने का प्रयास किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा मॉडल है- बचत भी विकास भी, जनता का पैसा, जनता के लिए. हमने जनधन, आधार, मोबाइल की जैम ट्रिनिटी बनाई और डायरेक्ट ट्रांसफर करना शुरू किया। हमारे कार्यकाल में हमने 40 लाख करोड़ रुपया सीधा जनता-जनार्दन के खाते में जमा किया। पीएम मोदी ने कहा, पहले अखबारों की सुर्खियां घोटालों और भ्रष्टाचार से जुड़ी होती थीं। बीते 10 साल से घोटाले न होने से देश के लाखों करोड़ रुपये बचे हैं, जो जनता जनार्दन की सेवा में लगे हैं। हमने जो अलग-अलग कदम उठाए, उनसे लाखों-करोड़ रुपये की बचत हुई, लेकिन उन पैसों का उपयोग हमने 'शीश महल' बनाने के लिए नहीं किया, उन पैसों का उपयोग हमने देश बनाने के लिए किया है।


### कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*मनवा अइसा बावरा, पगलाया दिन रात*
*कोई कुटिल मलेच्छ को, बतलाए औकात*
*बतलाए औकात, कुपंथी, क्रूर, कमीना*
*मोदी जी इस बार कराओ मुश्किल जीना*
*कह सुरेश अब इसके दिल में ऐसा भय हो*
*खुद मुनीर बोले भारत माता की जय हो*

# ऑपरेशन सिंदूर : भारतीय सेना के शौर्य का उदाहरण

> ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य, युद्ध कौशल, और राष्ट्रीय एकता का एक शानदार उदाहरण बन गया है। यह न केवल पहलगाम हमले का जवाब था बल्कि यह भारत की आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस कार्रवाई ने न केवल आतंकी ढांचे को नष्ट किया, बल्कि यह भारतीय समाज में एक नई चेतना का प्रतीक बनी।

सिंदूर का लाल रंग अब केवल सौभाग्य का नहीं, बल्कि सैनिकों के बलिदान और राष्ट्र के गौरव का भी प्रतीक है। 7 मई 2025 को भारतीय सशस्त्र बलों ने "ऑपरेशन सिंदूर" के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर सटीक और सुनियोजित हमले किए। यह सैन्य कार्रवाई 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब थी। इस आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई, इस हमले के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक उच्चस्तरीय बैठक में सशस्त्र बलों को पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट देने की घोषणा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि दोषियों को "पृथ्वी के किसी भी कोने तक खोजकर सजा दी जाएगी।" ऑपरेशन सिंदूर न केवल भारतीय सेना के शौर्य और सामरिक कुशलता का प्रतीक बना, बल्कि यह सिंदूर के लाल रंग के माध्यम से उन महिलाओं के बलिदान और दृढ़ता को भी श्रद्धांजलि देता है, जिन्होंने पहलगाम हमले में अपने जीवनसाथी खोए। पहलगाम में आतंकवादियों ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने गोली मारी थी। भारतीय जांच एजेंसियों ने इस हमले के पीछे पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों जैसे लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, और हिजबुल मुजाहिदीन का हाथ होने की पुष्टि की है। यह हमला द रेसिस्टेंस फ्रंट जैसे संगठनों द्वारा किया गया था। इस हमले ने भारत में गहरी नाराजगी और एकजुटता की भावना पैदा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सख्त कार्रवाई का वादा किया, और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल के साथ उच्च-स्तरीय बैठकों में जवाबी कार्रवाई की रणनीति तैयार की गई। भारतीय सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी गई कि वे इस हमले का उचित और प्रभावी जवाब दें। ऑपरेशन सिंदूर का नामकरण स्वयं प्रधानमंत्री




नरेंद्र मोदी ने किया। "सिंदूर" शब्द हिंदू संस्कृति में विवाहित महिलाओं द्वारा मांग में लगाए जाने वाले लाल रंग के प्रतीक को दर्शाता है जो सौभाग्य और जीवनसाथी के प्रति समर्पण का प्रतीक है। पहलगाम हमले में कई महिलाओं ने अपने पतियों को खोया, और ऑपरेशन का नाम उनकी भावनाओं और बलिदान को सम्मान देने का एक प्रतीकात्मक प्रयास था। भारतीय सेना ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में "ऑपरेशन सिंदूर" लिखा, जिसमें "सिंदूर" के एक "O" को सिंदूर की कटोरी के रूप में दर्शाया गया, जिसका कुछ हिस्सा छलक गया-यह उस क्रूरता का प्रतीक था जिसने 25 महिलाओं के जीवनसाथी छीन ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना, नौसेना, और वायुसेना ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। यह 1971 के युद्ध के बाद पहली बार था जब तीनों सेनाओं ने एक साथ पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की। ऑपरेशन 6-7 मई 2025 की मध्यरात्रि को शुरू हुआ। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और PoK में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर मुख्यालय, लश्कर-ए-तैयबा का मुरिदके आधार, और मुजफ्फराबाद व कोटली में आतंकी शिविर शामिल थे। इन ठिकानों को खुफिया एजेंसियों द्वारा प्रदान किए गए सटीक निर्देशांकों के आधार पर चुना गया था। हमले में उच्च-परिशुद्धता वाले हथियारों का उपयोग किया गया, जिसमें स्कैल्प, क्रूज मिसाइल, हैमर प्रेसिजन बम, और लॉइटरिंग म्यूनिशन्स शामिल थे। हमले पूरी तरह से भारतीय क्षेत्र से किए गए और भारतीय वायुसेना के विमानों ने पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया। स्टैंडऑफ क्रूज मिसाइलों और बियॉन्ड-विजुअल-रेंज हथियारों का उपयोग सुनिश्चित करता था कि कार्रवाई सटीक और गैर-उत्तेजक हो। रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कोई भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा निशाना नहीं बनाई गई, और लक्ष्य चयन में काफी संयम बरता गया। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकी ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचाया। नौ लक्षित ठिकानों में से प्रत्येक का भारत के खिलाफ आतंकी साजिशों और घुसपैठ के प्रयासों से लंबा इतिहास था। भारतीय सेना ने अपने एक्स पोस्ट में घोषणा की, "न्याय हुआ। जय हिंद!" भारत ने "ऑपरेशन सिंदूर" के तहत नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया तो पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। भारतीय वायुसेना ने बहावलपुर, कोटली, और मुजफ्फराबाद में सटीक मिसाइल हमले किए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के ठिकाने नष्ट हो गए। इस ऑपरेशन की निगरानी स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे थे और इसे तीनों सेनाओं (थल, जल, वायु) ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। "ऑपरेशन सिंदूर" के बाद पाकिस्तान ने दावा किया कि हमलों में आठ नागरिक मारे गए जिनमें तीन बच्चे शामिल थे, और 38 अन्य घायल हुए। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि हमले तीन स्थानों मुजफ्फराबाद, कोटली, और बहावलपुर पर किए गए, और इनमें एक मस्जिद भी प्रभावित हुई। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसे "युद्ध की कार्रवाई" करार दिया और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारी गोलीबारी शुरू की, जिसमें तीन भारतीय नागरिक मारे गए। पाकिस्तान ने यह भी दावा किया कि उसने दो या पांच भारतीय भारतीय विमानों को मार गिराया, और एक भारतीय ब्रिगेड मुख्यालय को नष्ट कर दिया। हालांकि, भारत ने इन दावों का खंडन किया। भारतीय अधिकारियों ने बताया कि एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान पंपोर में मार गिराया गया। पाकिस्तानी सांसदों और नेतृत्व की प्रतिक्रिया तीखी थी, लेकिन उसमें डर और बौखलाहट साफ झलक रही थी। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने इसे "भारत की आक्रामक कार्रवाई" करार दिया और दावा किया कि इसमें नागरिकों को निशाना बनाया गया। हालांकि, भारत ने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन केवल आतंकी ठिकानों के खिलाफ था और किसी सैन्य या नागरिक सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान पूरी ताकत से जवाब देगा।

**– संदीप सृजन**

# दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत!

हाल ही में वैश्विक आर्थिक मंचों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा जारी आंकड़ों से यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि भारत जल्द ही जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इस उम्मीद के पीछे सिर्फ अनुमान नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक संकेत भी हैं जो भारत के सतत विकास को दर्शाते हैं। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के आंकड़ों के मुताबिक भारत की जीडीपी बीते दशक में 105% बढ़ी है। अर्थव्यवस्था की ये ग्रोथ दुनिया में सबसे तेज है। वर्तमान में 4.3 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ हम दुनिया में पांचवे नंबर पर है जबकि 2015 में ये 2.1 ट्रिलियन डॉलर थी। दूसरी ओर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान की जीडीपी अभी 4.4 ट्रिलियन डॉलर है। जापान की आबादी घट रही है और उसकी अर्थव्यवस्था में कई वर्षों से ठहराव देखा जा रहा है। इसकी आर्थिक वृद्धि दर बेहद धीमी है और यह वृद्ध होती जनसंख्या और उत्पादन में कमी जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। यही कारण है कि भारत जैसे विकासशील देश के लिए जापान को पीछे छोड़ना अब एक संभव परिदृश्य बन चुका है। ऐसे में अगर भारत अपनी आर्थिक नीतियों में निरंतरता बनाए रखता है, निवेश और रोजगार के अवसरों का विस्तार करता है और सामाजिक असमानताओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाता है, तो जापान को पीछे छोड़ना महज़ समय की बात होगी। यहीं नहीं, वृद्धि की वर्तमान दर बनी रही, तो भारत 2028 तक भारत जर्मनी (4.9 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी ) को भी पीछे छोड़ कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके बाद सिर्फ अमेरिका, चीन ही भारत से आगे रहेंगे। इनमें 30.57 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ अमेरिका सबसे आगे है। वहीं दूसरे स्थान पर 19.231 ट्रिलियन डॉलर के साथ चीन है। दुनिया की टॉप 10 इकोनॉमी में छठे नंबर पर ब्रिटेन, सातवें पर फ्रांस, आठवें पर इटली, नवें पर कनाडा और दसवें स्थान पर ब्राजील है। पिछले दशक में भारत सरकार ने कई महत्वपूर्ण



आर्थिक सुधार लागू किए हैं जैसे जीएसटी, दिवालियापन संहिता (आईबीसी), मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया अभियान। इसके अलावा बुनियादी ढांचे में निवेश, जैसे कि हाईवे, रेलवे, और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स ने भी अर्थव्यवस्था को गति दी है। विदेशी निवेश में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। कोविड-19 महामारी के झटके के बावजूद भारत ने तेज़ी से रिकवरी की और अब 6-7% वार्षिक वृद्धि दर बनाए हुए है। विश्व बैंक, अंतराष्ट्रीय मुद्र कोष और अन्य वैश्विक संस्थाओं के अनुमान के अनुसार भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी ) लगातार बढ़ रहा है। 2023 के अंत तक भारत ने यूनाइटेड किंगडम को पीछे छोड़कर विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल किया। आईएमएफ ने अनुमान जताया है कि अगर यही गति बनी रहती है, तो भारत जापान को पछाड़ सकता है। यही नहीं, भारत की अर्थव्यवस्था 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान जताया गया है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होने का भी अनुमान है। भारत की जीडीपी ग्रोथ की रफ्तार यही रही, तो हर 1.5 साल में इकोनॉमी में 1 ट्रिलियन डॉलर जुड़ेगा। इससे 2032 तक भारत 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन सकता है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विशाल जनसंख्या और बढ़ती मध्यम वर्ग की शक्ति है। 140 करोड़ से अधिक आबादी के साथ भारत के पास एक विशाल उपभोक्ता बाजार मौजूद है, जो किसी भी निवेशक के लिए आकर्षण का केंद्र है। डिजिटल क्रांति और सरकारी नीतियों ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक भागीदारी को तेज किया है। उत्पादन से लेकर सेवा क्षेत्र तक भारत में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। जहाँ एक ओर उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं, वहीं दूसरी ओर कई चुनौतियां भी सामने हैं। बेरोजगारी, कृषि संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य में असमानता जैसी समस्याएं अभी भी भारत की आर्थिक प्रगति में बाधा बन सकती हैं। इसके अलावा वैश्विक मंदी, भू-राजनीतिक तनाव और पर्यावरणीय चुनौतियां भी किसी भी समय विकास की रफ्तार को प्रभावित कर सकती हैं। इसी तरह, केवल आंकड़ों में आगे निकलना ही काफी नहीं है। भारत के लिए यह भी ज़रूरी है कि वह समावेशी और टिकाऊ विकास की दिशा में आगे बढ़े ताकि उसकी आर्थिक प्रगति समाज के हर वर्ग तक पहुंच सके। बहरहाल, भारत के पास अवसर भी हैं और चुनौतियां भी। भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत इन दोनों को कितनी कुशलता से संभालता है।

**– राजेश जैन**

# नागरिक सहयोग से ही संभव है आतंक का मुकाबला

भारत ने हाल ही में पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक मिसाइल हमलों से पकिस्तान के कश्मीर में किए आतंक का सटीक बदला लिया। यह कार्रवाई न केवल भारतीय सेना की सैन्य कुशलता का प्रतीक है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ देश की स्पष्ट नीति को भी दर्शाती है। प्रगट रूप से यह ऑपरेशन एक सैन्य कार्यवाही है। किंतु आतंक के विरुद्ध इस तरह के आपरेशन सफल तभी होते हैं जब सेना, सरकार और नागरिकों के बीच समन्वय का एक सशक्त ढाँचा मौजूद हो। आतंकवाद से लड़ाई केवल बंदूकों और मिसाइलों से नहीं, बल्कि जनता की सजगता, सहयोग और राष्ट्रभक्ति से भी जीती जाती है। भारतीय सेना है। जिसने ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के माध्यम से यह साबित किया है कि वह भारत पर किसी आक्रमण या आतंकी घटनाओं का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। सेना की यह ताकत केवल हथियारों की ताकत नहीं, बल्कि उच्चस्तरीय रणनीति, खुफिया जानकारी और साहस का परिणाम है। सेना के जवान सीमाओं पर दिन-रात तैनात रहकर देश की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट एयरस्ट्राइक जैसे ऑपरेशन इसके उदाहरण हैं, जिन्होंने आतंकवाद के प्रति भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को रेखांकित किया। ऑपरेशन सिंदूर देश की उसी नीति का हिस्सा है। नीति निर्माण से लेकर वैश्विक कूटनीति और सेना को छूट देना सरकार का दायित्व है। सेना को राजनीतिक और तकनीकी समर्थन जनता की ताकत और एकजुटता ही प्रदान करती है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशन के पीछे सरकार की मंशा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को अलग-थलग करने की कोशिशें और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक गठजोड़ बनाने की रणनीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि सेना और सरकार देश की रीढ़ हैं, तो नागरिक उसकी आत्मा। आतंकवाद से लड़ाई में नागरिकों की भूमिका कई स्तरों पर महत्वपूर्ण है। सूचना और खुफिया सहयोग स्थानीय निवासी ही दे सकते हैं। सूक्ष्म निरीक्षण तथा सतर्क रहने से आतंकियों की गतिविधियों के बारे में नागरिकों को जमीनी जानकारी हो सकती है। उदाहरण के लिए, जम्मू-कश्मीर में कई बार ग्रामीणों ने सुरक्षा बलों को आतंकवादियों के ठिकानों की जानकारी देकर बड़ी घटनाओं को रोका है। 'आवाम की आवाज' जैसे अभियान इसी सहयोग को बढ़ावा देते हैं। सामाजिक जागरूकता और एकता आतंकवाद की सबसे बड़ी हार है। 2008 के मुंबई हमले के बाद देशभर में एकजुटता का जो स्वर उभरा, उसने आतंकवादियों के मनोबल को तोडा। नागरिकों का यही साहस आतंकवाद को विफल बनाता है। बदलते परिवेश में तकनीकी और डिजिटल सतर्कता ,सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की जरूरत है।आतंकी समूहों का प्रचार-प्रसार रोकने में नागरिकों की भूमिका अहम है। झूठी खबरों को रिपोर्ट करना, युवाओं को कट्टरपंथी विचारों से बचाने के लिए जागरूकता फैलाना, और साइबर स्पेस में सक्रिय रहना—ये सभी आधुनिक समय की आवश्यकताएँ हैं।

**– संदीप सृजन**

### आज का कार्टून




साभार

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के मायने

पहलगाम 'सांप्रदायिक' आतंकी हमले के बाद भारत ने अपने पड़ोसी शत्रु देश पाकिस्तान के ऊपर आरोप लगाते हुए वहां स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर अपने इंडियन आर्मी के तीनों धड़ों के एक संयुक्त अभियान के मार्फ़त जो ताबड़तोड़ एयर स्ट्राइक किए हैं, वह भारतीय स्वाभिमान की रक्षा की दिशा में उठाया हुआ एक उचित कदम है। उम्मीद है कि मोदी सरकार अब इस सिलसिले को थमने नहीं देगी, खासकर तब तक जब तक कि आतंकियों का समूल रूप से नाश नहीं हो जाए। यह ठीक है कि इस हमले में भी दर्जनों आतंकी मारे गए हैं और आतंकी सरगना हाफिज सईद के परिजन भी थोक भाव में मारे गए हैं। यह सुकून की बात इसलिए है कि इस आतताई को जैसी करनी वैसा फल मिल गया है। जो कोर कसर बच गई है, वो भी जल्दी पूरी हो जाएगी। वहीं, एक भरोसेमंद अधिकारी ने बताया है कि पीएम आवास से पीएम मोदी पूरा ऑपरेशन देख रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी की नजर थी जबकि, एहतियाती तौर पर भारत सरकार अपने देश को इंडियन एयरफोर्स के सहारे हाई अलर्ट मोड पर रखे हुए है ताकि पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का जवाब दिया जा सके। हमारा स्पष्ट मानना है कि भारत के इस पलटवार के प्रतिरक्षात्मक मायने को न केवल पाकिस्तान, पूर्वी पाकिस्तान यानी बंगलादेश और चीन को समझना चाहिए बल्कि वर्ल्ड इस्लामिक काउंसिल (ओआईसी) और उनके आका पश्चिमी देशों को भी यह समझना चाहिए कि भारतीय जनभावनाओं की शांति के लिए ऐसा निर्णायक कदम उठाना भारत सरकार के लिए कितना जरूरी था। और हां, इंडियन आर्मी या एयरफोर्स या नेवी ने या फिर उनकी संयुक्त कमान ने पाकिस्तान की सरजमीं पर घुसकर ऐसा निर्णायक प्रहार कोई पहली बार नहीं किया है, बल्कि उरी आतंकी हमले और पुलवामा आतंकी हमले के बाद भी भारतीय सेनाएं ऐसा कर चुकी हैं। इससे उम्मीद बंधती है कि भारतीय सेना उचित समय पर पाकिस्तान का सही इलाज करना जानती है और उसकी राह में कोई भी अंतरराष्ट्रीय दबाव काम नहीं आता है। इस बार भी लगभग यही नजर आया। ताजा सैन्य कार्रवाई की खास बात यह है कि भारतीय सेना ने सिर्फ पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है और वहां के किसी भी सरकारी बिल्डिंग या फिर पाकिस्तान के किसी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया है, जो भारत की शांतिप्रियता और आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति को दर्शाता है। चूंकि भारत ने एक बार फिर से पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर जोरदार एयर और मिलिट्री स्ट्राइक की है जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम दिया गया है। लिहाजा इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मायने भी स्पष्ट हैं। बता दें कि भारतीय संस्कृति में सिंदूर का विशेष महत्व है और इसकी लाज रखने के लिए भारतीय शूरवीरों और उनकी पटरानियों ने या फिर आम आदमी ने भी एक बार नहीं बल्कि बार-बार निर्णायक कदम उठाए हैं जिनका पूरा वृत्तांत हमारी लोकगाथाओं में दर्ज है। समझा जाता है कि भारत सरकार ने उनसे प्रेरणा ली और करारा कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकिचाई। वैसे तो आजाद भारत में 1947 से शुरू हुए सांप्रदायिक दंगों और आतंकी या फियादीन हमलों में अपनी सुहाग यानी सिंदूर गंवाने वाली महिलाओं की संख्या अब लाखों में पहुंच चुकी है। इस लिहाज से बदला लेने की जो निर्णायक कार्रवाई अब शुरू की गई है, वह थमनी नहीं चाहिए। यही देशवासियों की अपेक्षा है। बताया जाता है कि इस ताजातरीन 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर जो स्ट्राइक की गई है, उसकी सबसे पहले जानकारी रक्षा मंत्रालय ने ही दी है, जिसमें बताया गया है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है। इस क्रम में वहां के किसी भी सरकारी बिल्डिंग या फिर पाकिस्तान के किसी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया है। बल्कि भारतीय सेना ने स्पष्ट कहा है कि हमने पहले भी ऐलान किया था कि पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा और अब हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं। इससे हम समझ सकते हैं कि यहां देर आयद, दुरुस्त आयद की कहावत एक बार फिर से चरितार्थ की गई है। बकौल रक्षा मंत्रालय, "कुल मिलाकर, 9 स्थलों को निशाना बनाया गया है। हमारी कार्रवाई केंद्रित, मापी गई और प्रकृति में गैर-उग्र रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम दिखाया है। ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए

**– रामस्वरूप रावतसरे**

# बॉर्डर पर पकड़े गए चार चीनी नागरिक

## जांच में सामने आए पाकिस्तानी कनेक्शन के संकेत



महानगर नेटवर्क

पटना

भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद रक्सौल मैत्री पुल के पास बड़ी कार्रवाई हुई है। नेपाल से रक्सौल बॉर्डर के रास्ते अवैध रूप से घुसपैठ करते हुए चार संदिग्ध चीनी नागरिकों को सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) ने रक्सौल मैत्री ब्रिज से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चार चीनी नागरिक बार-बार अपना बयान बदल रहे हैं। ये लोग हिंदी, नेपाली, अंग्रेजी और चीनी भाषा में बोल रहे हैं।

सुरक्षा एजेंसी के सूत्रों की मानें तो इनका सबंध पाकिस्तान से होने का संकेत मिला है। पाकिस्तान में किसी लड़के से बात कर रहे हैं। चीनी नागरिक पिछले एक हफ्ते से काठमाडू में हैं। ये लोग भारत में क्यों घुसपैठ कर रहे थे, इस बारे में पूछताछ के दौरान कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। सुरक्षा एजेंसी चोरों घुसपैठिए से गुप्त स्थान पर पूछताछ कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत नेपाल के रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी को रेड अलर्ट मिला था। इसकी वजह से नेपाल से आने जाने सभी लोगों की रक्सौल बॉर्डर पर गहन जांच की जा रही थी। भारत में प्रवेश करने वाले लोगों की पहचान पत्र की जांच की जा रही है।

# एकजुट रहें, जनता के पास जाएं

## बिहार चुनाव से पहले CM नीतीश ने NDA के नेताओं को सौंपा टास्क

महानगर नेटवर्क

पटना

एनडीए के दल एकजुट होकर बिहार विधानसभा चुनाव में जाएंगे और सरकार की उपलब्धियां आम जनता को बताएंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए में शामिल दलों हम (सेक्युलर), लोजपा (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एनडीए के घटक दलों को एकजुटता का संदेश देते हुए समन्वय से काम करने की नसीहत दी।

बैठक में हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश महासचिव संजय पासवान और मुख्य प्रवक्ता



राजेश भट्ट, जबकि रालोमो के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी और गणेश चंद्रवंशी शामिल हुए। जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी और भाजपा से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे।

### चुनाव की रणनीतियों पर भी चर्चा की

बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता के बीच पिछले 20 वर्षों में हुए बदलावों की जानकारी देने का टास्क घटक दलों को दिया। साथ ही चुनाव की रणनीतियों पर भी चर्चा की। नेताओं को 2005 से पहले के हालात और 2025 की वर्तमान स्थिति भी बताई गई। कहा गया कि शिक्षा, चिकित्सा,सड़क,बिजली, परिवहन समेत तमाम क्षेत्रों में किए गए कार्यों की जानकारी जनता को दी जाए, ताकि लोग जागरूक हो सके। चुनाव के दौरान किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना है, इन मुद्दों का चयन आपसी सहमति से किए जाने पर चर्चा हुई। मालूम हो कि इससे पहले मुख्यमंत्री ने जदयू और भाजपा कोटे के मंत्रियों और नेताओं के साथ भी बैठक कर समन्वय बनाए रखने आदि पर जोर दिया था।

# 7 मई की एयरस्ट्राइक के समय बच्ची ने लिया जन्म, घर वालों ने नाम रखा 'सिंदूर'

महानगर नेटवर्क

पटना

भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 नागरिकों के नरसंहार के दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य हमले किए गए। आतंकी ठिकानों पर इस हमले से देश ने कई दिन बाद चैन की सांस ली है। इसी बीच कटिहार से एक सुंदर तस्वीर निकल कर सामने आई है। यहां भारत की कार्रवाई की सराहना करते हुए एक दंपति ने अपनी नवजात बेटी का नाम ही सिंदूर रख दिया। साफ है कि देश के साथ- साथ नवजात के परिजन भी काफी खुश हैं।

गौरतलब है कि पहलगाम के



आतंकी हमले में 26 बेगुनाहों की हत्या के बाद भारत ने पलटवार किया। बुधवार तड़के भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर का जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। इस हमले का कोडनेम 'ऑपरेशन सिंदूर' था।

# टॉयलेट के बहाने मंडप से फरार हुआ दूल्हा

## सरपंच पहुंच गए गांव, फैसले ने किया हैरान

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार के मोतिहारी से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है, जहां सिंदूरदान से पहले पेशाब करने जाने का बहाना बना कर दूल्हा मंडप से फरार हो गया। इसके बाद गांव के सरपंच दूल्हे को उसके घर से पकड़ लाए। मौके पर काफी हंगामा भी हुआ। पूरी खबर मोतिहारी जिले के बनकटवा के निमोइया गांव की है। बारात बनकटवा के जोलगांव से निमोइया में7 मई की रात आई थी। जानकारी के अनुसार,7 मई की रात जोलगांव से निमोइया बारात शादी के लिए पहुंची थी। सब कुछ अच्छे से संपन्न हुआ। बारातियों ने डांस



किया। वरमाला भी हुआ। इसके बाद की सारी रस्में पूरी होने के बाद जब दूल्हा-दूल्हन मड़वा यानी मंडप में गए। सिंदूरदान का रस्म बाकी था। इसी बीच दूल्हे ने पेशाब जाने की इच्छा जताई। पेशाब के बहाने दूल्हा आंगन के रास्ते घर से बाहर निकला और फरार होकर अपने गांव पहुंच गया। जब लोगों को इस बात की जानकारी हुई तो मंडप पर हंगामा शुरू हो गया। वधू पक्ष के लोग विलाप करने लगे।

**दूल्हे को घर से पकड़ लाए सरपंच**

धटना के बाद स्थानीय सरपंच रामनरेश यादव वर के गांव जोलगंवा पहुंचे और वहां से उसे पकड़ा। 8 मई की सुबह सरपंच दूल्हे को अपने साथ लाए। लेकिन लड़के की बात सुन कर सरपंच ने फैसला सुनाया कि दूल्हा का किसी दूसरे लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसलिए यह शादी नही होगी। इसके बाद लोग हैरान हो गए। मौके पर हंगामा शुरू हो गया। हालांकि, बाद में सभी को समझा-बुझा कर अपने-अपने घर वापिस भेज दिया गया।

# बिहार का कस्बा बना शहर

## नगर पंचायत का दर्जा मिला; अब कुल 262 शहरी निकाय

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार सरकार ने राज्य के एक कस्बे को शहर का दर्जा दे दिया है। पूर्वी चंपारण जिले का मधुबन कस्बा अब शहर बन गया है। इसे नगर पंचायत का दर्जा दे दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। बिहार में अब नगर पंचायतों की संख्या बढ़कर 155 हो गई है। वहीं, राज्य में अब कुल नगर निकाय की संख्या 262 हो गई है। मधुबन के नगर पंचायत बनने से यहां के निवासियों को अच्छी सड़कें, सट्रीट लाइट, पानी की आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही शहरों की तर्ज पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार जैसी आधारभूत ढांचे का निर्माण भी इस क्षेत्र में कराया जाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जीवेश मिश्रा ने मधुबन को नगर पंचायत बनाने की घोषणा करने के साथ ही खुशी जाहिर की कि इस क्षेत्र का विकास अब शहरों की तर्ज पर हो सकेगा। मंत्री ने गुरुवार को कहा कि राज्य में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है और नगर विकास विभाग इन क्षेत्रों में बेहतरीन आधारभूत संरचना मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्प है। विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक इस नगर पंचायत में दो गांव विशुनपुरतारा और मधुबन शामिल होंगे। मधुबन नगर पंचायत का क्षेत्रफल 552.94 हेक्टेयर है। अधिसूचना के अनुसार, नगर की चौहद्दी उत्तर में बांकी टिकम, दक्षिण में कोइलहरा, पूरब में सरैया और पश्चिम में तालिमपुर है, तथा 2011 की जनगणना के अनुसार इसकी कुल जनसंख्या 16,391 है।

# विधानसभा टिकट के लिए कांग्रेस ने लांच किया QR कोड

## दावेदारी के लिए मांगी जाएगी 16 जानकारी

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने टिकट देने का एक अनोखा तरीका अपनाया है। कांग्रेस पार्टी में टिकट आवेदन करने के लिए एक QR कोड जारी किया है। इस QR कोड को स्कैन करते ही एक लिंक आएगा, जिसपर क्लिक करते ही एक फॉर्म खुलेगा। इस फॉर्म में दिए गए सभी जानकारी को भरकर आवेदक इस चुनाव में टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। दरअसल, बिहार पहला राज्य है जहां कांग्रेस की ओर से इस तरीके




की व्यवस्था की जा रही है। कांग्रेस ने इससे पहले ऐसी व्यवस्था नहीं की थी। यह प्लानिंग, बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की है। उनका कहना है कि इससे आम लोगों के साथ पार्टी का इंटरेक्शन बढ़ेगा।

बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि इसमें कोई भी व्यक्ति कहीं से भी आवेदन कर सकता है। इसमें कुछ मुख्य पॉइंट हैं, जिससे आवेदक को पूरा करना है। तभी आगे उनकी एंट्री होगी। कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्र में कितने जन आक्रोश के मीटिंग किए हैं, जनता को उन मीटिंग्स से कैसे जोड़ा है, उससे क्या बातें निकलकर सामने आई है।

# भागलपुर में प्रेमी के साथ नवविवाहिता फरार

महानगर नेटवर्क

पटना

भागलपुर के नारायणपुर में एक महिला कैश और जेवरात लेकर अपने प्रेमी के साथ घर से भाग गई। पीड़ित पति ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पति राजा कुमार शर्मा ने बताया कि हिंदू-रीति रिवाज से 11 नवंबर 2024 को सपना कुमारी के साथ शादी हुई थी। सब कुछ ठीक था। अचानक रविवार को घर से गायब हो गई। गांव के ही सूरज कुमार बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर गया है। पत्नी घर से जाते समय 60 हजार कैश, मोबाइल और जेवरात भी लेकर गई है। कुछ दिन पहले दोनों को एक साथ देखा था।



**जांच में जुटी पुलिस**

रवि ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि काफी परेशान हूं। जल्द से जल्द मेरी पत्नी को खोज दीजिए। अपने मर्जी से गई है या उसे घर से भगाया गया है। कुछ समझ में नहीं आ रहा है। आवेदन के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

# अब एआई से पता चलेगा मौसम का हाल

## 10 दिन पहले ही पूर्वानुमान मिलना होगा संभव

महानगर नेटवर्क

पटना

एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का इन दिनों लोगों का काम आसान करने में अहम भूमिका है। ऐसे में बिहारवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी आ गई है। बिहार में अब एआई मौसम का हाल बताएगा। अब से करीब 10 दिन पहले ही मौसम का पूर्वानुमान मिलना संभव हो जाएगा। इतना ही नहीं, इसे लेकर योजना एवं विकास विभाग की ओर से तैयारियां शुरू भी कर दी गई है। बिहार मौसम सेवा केंद्र में मौसम पूर्वानुमान का नया मॉडल विकसित किया जा रहा है।

**जल्द ही धरातल पर लागू होगी योजना :** खबर की माने तो, जल्द ही यह योजना जमीन पर दिखने लगेगी। साथ ही इस



### योजना एवं विकास विभाग बड़ी तैयारी

बता दें कि, योजना एवं विकास विभाग बड़ी तैयारी में है। इस विभाग में बिहार में संभावित आपदाओं के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने या फिर इससे बचने के लिए पूर्व चेतावनी और पूर्वानुमान लोगों तक पहुंचाने के लिए बिहार मौसम विभाग केंद्र का निर्माण किया गया है। फिलहाल तो यहां 5 दिनों के लिए पूर्वानुमान की जानकारी दी जाती है। लेकिन, विभाग इसकी क्षमता को बढ़ाने पर फोकस कर रही है। इसके लिए एक दमदार और मजबूत सिस्टम बनाया जा रहा है। जिससे 10 दिन पहले पूर्वानुमान मिल सकेगा। इसके लिए एआई की मदद ली जाएगी।

योजना में इसरो की भी मदद ली जाएगी। वहीं, एक अधिकारी की माने तो, यह मौसम पूर्वानुमान एआई-एमएल आधारित होगा। इसके लिए उत्कृष्ट प्रौद्योगिकी सहित हाई परफॉर्मेंस कम्प्यूटेशन फैसिलिटी का निर्माण किया जाएगा। यह भी बताया गया कि, इसके बाद बिहार मौसम सेवा केंद्र तकनीकी रूप से काफी सक्षम हो जाएगा। एक और खास बात यह भी होगी कि, इस नए मॉडल से विपरीत परिस्थितियों की क्षेत्रवार पूर्व चेतावनी और पंचायत स्तर तक का पूर्वानुमान संभव हो सकेगा।

# देश की सुरक्षा के लिए हम सब एक साथ खड़े हैं

## तेजस्वी यादव का मोदी सरकार को समर्थन

**पटना।** पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना के ऐक्शन पर विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि जब देश की सुरक्षा की बात आएगी तो पूरा देश एक साथ खड़ा है। चाहे पक्ष हो या विपक्ष, सभी लोग एक हैं। तेजस्वी ने स्पष्ट किया कि देश है तभी हम सब हैं और भारतीय सेना की बदौलत ही हम सुरक्षित हैं।


बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को मीडिया से बातीत में कहा कि सेना की वजह से ही हमारी सीमा सुरक्षित है। सेना



पर हमारा पूरा भरोसा है। भारतीय सेना ने पहले भी कई बार इतिहास रचने का काम किया है। पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए और भारत ने पाक सेना को सरेंडर कराते हुए युद्ध में हराया। भारत-पाक तनाव के बीच सर्वदलीय बैठक को लेकर बोलते हुए तेजस्वी ने कहा कि सरकार जब भी मीटिंग में बुलाती है तो हम लोगों का पूरा साथ रहता है।

**व्यापार**

# पाकिस्तान में ड्रोन अटैक की खबरों के बाद गिरा बाजार



**मुंबई।** हफ्ते के चौथे कारोबार दिन आज यानी गुरुवार (8 मई) को सेंसेक्स 412 अंक गिरकर 80,335 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 141 अंक नीचे 24,274 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 गिरावट के साथ बंद हु ए। जोमैटो का शेयर 3.97% गिरा है। महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, मारुति और टाटा स्टील के शेयर 3.5% तक नीचे बंद हुए। वहीं, HCL, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक और टाइटन ऊपर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में से 45 में गिरावट रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में रियल्टी 2.47%, मेटल 2.09%, हेल्थकेयर 1.95%, ऑटो 1.90%, फार्मा 1.62% और सरकारी बैंकिंग इंडेक्स 1.35% गिरकर बंद हुए। IT और मीडिया में मामूली तेजी रही। शुरुआती कारोबार में बाजार फ्लैट था। सेंसेक्स-निफ्टी मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। लेकिन पाकिस्तान के कई बड़े शहरों पर भारत के ड्रोन अटैक की खबरों के बाद बाजार के आखिरी आधे घंटे में अचानक गिरावट आई।

# बाहेती रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ 159% बढ़ा

**मुंबई।** बाहेती रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड एल्यूमीनियम रीसाइक्लिंग और एल्यूमीनियम एलॉय और डी-ऑक्स एलॉय के उत्पादन के जुड़ी एक अग्रणी कंपनी है।

कंपनी ने 31 मार्च को समाप्त छमाही और पूरे वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है, जिसमें आय और शुद्ध लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है।

कंपनी ने 31 मार्च को समाप्त छमाही अवधि के लिए 26,716.10 लाख रुपए आय दर्ज की है।

Baheti
Making tomorrow better

जो गत वर्ष यही समयावधि में 22,265.92 लाख थी। यानी पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले इस बार आय में 20 फीसदी वृद्ध दर्ज की गई है। । शुद्ध लाभ 158.7% बढ़कर 1,098.93 लाख हुआ है, जो गत वर्ष की 424.77 लाख रुपए था। उत्कृष्ट परिणाम कंपनी की मजबूत परिचालन दक्षता और बढ़ती मांग को दर्शाते हैं।

31 मार्च को समाप्त पूरे वित्तीय वर्ष के लिए, बाहेती रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज ने 52,453.87 की आय दर्ज की थी, जो गत वर्ष की आय 42,945 लाख से 22.1% अधिक है।

पूरे वित्तीय वर्ष में कंपनी का शुद्ध लाभ 150% बढ़कर 1,800.98 लाख रुपए हुआ, जो एक साल पहले 720.08 लाख रुपए था। यह आंकड़े सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में कंपनी के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाते हैं।

# एयरस्ट्राइक के बाद से पाकिस्तानी बाजार 10 हजार पॉइंट टूटा

**कराची।** पहलगाम हमले के जवाब में भारत की ओर से की गई एयरस्ट्राइक के बाद 8 मई को पाकिस्तान के शेयर बाजार में 6% से ज्यादा की गिरावट आई है। कराची-100 इंडेक्स 7,241 अंक या 6.58% गिरकर 102,767 के स्तर पर बंद हुआ। गिरावट के कारण दिन में ट्रेडिंग भी रोकनी पड़ी थी। हालांकि, बाद में इसे फिर से चालू किया गया।

कल भी बाजार में 3,556 अंक (3.13%) की गिरावट रही थी। यानी, पाकिस्तान का बाजार दो दिन में करीब 10,000 पॉइंट गिर चुका है। वहीं 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद से KSE



100 में 13% की गिरावट आई है। पाकिस्तान में निवेशकों की नजर IMF यानी, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के डिसीजन पर है। इसमें IMF ये तय करेगा कि पाकिस्तान को दी जाने वाली फंडिंग फैसिलिटी का विस्तार करना है या नहीं। IMF अपने फैसले का ऐलान कल यानी, 9 मई को करेगा।

# सोना 1,402 घटकर 96,024 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में आज यानी गुरुवार, 8 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,402 घटकर 96,024 रुपए पर आ गया है। कल सोने की कीमत 97,426 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 1,174 रुपए गिरकर 94,600 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। बुधवार को चांदी का भाव 95,774 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 2 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपए तक जा सकते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है।

# सत्व सुकुन ने चौथी तिमाही में लाभ में 74.5% की वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** घरेलू साज-सज्जा और सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसईः 539519) ने 31 मार्च, को समाप्त चौथी तिमाही और बारह महीनों के लिए मजबूत वित्तीय परिणाम दर्ज किए हैं। 31 मार्च को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 74.5% बढ़कर 84.22 लाख रुपए हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 48.19 लाख था। 31 मार्च को समाप्त तिमाही में परिचालन से आय 6% बढ़कर 105.16 लाख रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 99.23 लाख रुपए थी। 31 मार्च को समाप्त बारह महीनों के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 108.9% बढ़कर 248.94 लाख रुपए हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 119.04 लाख रुपए था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त बारह महीनों के लिए परिचालन से आय 48.1% बढ़कर 526.30 लाख रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 355.33 लाख थी।

# 'भारत-यूके एफटीएः एक दूरदर्शी समझौता'

**नई दिल्ली।** भारत–यूके मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 6 मई को तीन वर्षों की गहन वार्ताओं के बाद सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस एफटीए का स्वागत करते हुए, मेटेकशील (मानव निर्मित और तकनीकी वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद) के अध्यक्ष श्री शालीन तोषनीवाल ने कहा, "यह ऐतिहासिक समझौता भारतीय वस्त्रों को शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है, जिससे निर्यातकों को यूके बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी।" भारत और यूनाइटेड किंगडम, जो क्रमशः विश्व की 5वीं और 6ठीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, ने 2030 तक द्विपक्षीय



व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। यह एफटीए भारत से यूके को मानव निर्मित फाइबर वस्त्रों और तकनीकी वस्त्रों के निर्यात को बढ़ावा देगा, जिससे बांग्लादेश और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों के साथ समान स्तर का अवसर मिलेगा, ऐसा श्री तोशनीवाल ने बताया। उन्होंने आगे कहा, "यूके बाजार में बड़ी हिस्सेदारी प्राप्त करने के लिए हमें अपनी घरेलू रूप से एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला का लाभ उठाना होगा और इसकी मदद से गति और लचीलापन प्रदान करना होगा।"

# किआ इंडिया ने 'कैरेन्स क्लैविस' लॉन्च की

**मुंबई।** किआ इंडिया, एक अग्रणी मास-प्रीमियम कार निर्माता कंपनी, ने अपने कैरेन्स पोर्टफोलियो में एक नया मॉडल कैरेन्स क्लैविस लॉन्च किया है। यह एक बड़ी, बोल्ड और बेहद स्पेशियस 3-रो कार है, जिसे आज के समय के आधुनिक और बड़े भारतीय परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कैरेन्स क्लैविस एमपीवी और एसयूवी के बीच की दूरी को कम करती है और इसमें आराम, जगह और बोल्ड डिजाइन को आधुनिक तकनीक, सुरक्षा और भविष्यवादी लुक के साथ खूबसूरती से जोड़ा गया है। ग्वांगगु ली, प्रबंध निदेशक और सीईओ, किआ इंडिया ने कहा, "हम जो कुछ भी करते हैं, उसकी नींव नवाचार पर टिकी है – जो उन्नत तकनीक और अनोखे डिज़ाइन से प्रेरित होता है। कैरेन्स क्लैविस का लॉन्च हमारी यात्रा में एक अहम पड़ाव है। यह हमारे प्रगतिशील, प्रीमियम और उद्देश्यपूर्ण दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# रेनो ने मुंबई में महाराष्ट्र का पहला new'R store खोला

**मुंबई।** भारत में अपने ब्रैंड के कायाकल्प की रणनीति renault. rethink. के तहत आगे बढ़ते हुए, रेनो इंडिया ने भारत में अपने दूसरे new'R store और महाराष्ट्र में पहले स्टोर की शुरुआत की है। यह नया स्टोर मुंबई में स्थित है और कंपनी की नई सोच एवं वैश्विक दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह लॉन्च इस बात का प्रमाण है कि रेनो अपने ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव देने के लिए लगातार नवाचार और आधुनिक डिज़ाइन को अपनाता रहा है। यह रेनो की समग्र वैश्विक सोच और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# सरकार ने गरीब बच्चों को दी उड़ान की ताकत

## एक लाख से ज्यादा बच्चों को मिला मुफ्त शिक्षा का मौका

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गरीब और जरूरतमंद बच्चों के सपनों को पंख दे रही है। 'शिक्षा सबका अधिकार है' की सोच को ज़मीन पर उतारते हुए सरकार ने 1.06 लाख से ज्यादा बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त दाखिला दिलवाया है। यह सब हुआ है शिक्षा का अधिकार अधिनियम यानी आरटीई (RTE) के तहत। इस योजना के ज़रिए सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी गरीब परिवार का बच्चा सिर्फ पैसे की कमी के कारण स्कूल से बाहर न रह जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में बेसिक शिक्षा विभाग ने इस योजना को मिशन मोड में चलाया है। आंकड़े बताते हैं कि इस बार आरटीई के तहत कुल 3,34,953 आवेदन आए थे, जिनमें से 2,52,269 आवेदन स्वीकृत हुए। इनमें से 1,85,675 बच्चों को निजी स्कूलों के लिए सीट अलॉट की गई, और अब तक 1,06,592 बच्चों का दाखिला सफलतापूर्वक हो चुका है। मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराने के अभियान के तहत लाभान्वित बच्चों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। योगी सरकार गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार में आते ही वर्ष 2017 में आरटीई अधिनियम के इस योजना का विस्तार किया गया। प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए एनआईसी (नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर) द्वारा एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया, जिससे नामांकन प्रक्रिया को डिजिटल और अधिक प्रभावी बनाया गया। इस योजना का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुआ, जिससे पूरे राज्य के अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित हुआ।



### सामाजिक न्याय का बड़ा कदम

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार चाहती है कि हर बच्चा, चाहे वह किसी भी वर्ग या इलाके से आता हो, उसे अच्छी शिक्षा मिले. उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि सामाजिक बराबरी और बच्चों के भविष्य को मजबूत करने का प्रयास है। आरटीई एक्ट यानी शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में लागू हुआ था। इसके तहत निजी स्कूलों को पहली कक्षा में 25% सीटें गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित करनी होती हैं। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार इस कानून को पूरी ईमानदारी और सख्ती से लागू कर रही है, जिससे हज़ारों बच्चे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। यह प्रयास न सिर्फ बच्चों का भविष्य बदल रहा है, बल्कि एक समावेशी, शिक्षित और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नींव भी मजबूत कर रहा है।

### चार चरणों में चली दाखिले की प्रक्रिया

यह पूरा अभियान चार चरणों में चलाया गया। पहले चरण (1-20 दिसंबर 2024) में 1,32,446 आवेदन आए, जिनमें से 1,03,058 स्वीकृत हुए और 71,381 बच्चों को सीट मिली। दूसरे चरण (1-20 जनवरी 2025) में 95,590 आवेदन, 71,015 स्वीकृति और 50,638 अलॉटमेंट हुए। तीसरे चरण (1-20 फरवरी 2025) में 60,391 में से 44,592 स्वीकृत हुए, और 35,452 को सीट मिली। चौथे चरण (1-20 मार्च 2025) में 46,526 आवेदन में से 34,604 स्वीकृत और 28,204 अलॉटमेंट हुए। नामांकन के मामले में बस्ती जिला 93% दाखिलों के साथ पहले नंबर पर है। उसके बाद हरदोई (90%) और एटा (88%) का स्थान है। बलरामपुर, बदायूं और श्रावस्ती (87%) पर, देवरिया (86%), ललितपुर और महोबा (84%) और जौनपुर (83%) भी टॉप 10 जिलों में शामिल हैं।



# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहिए : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत सरकार और हमारी सेना के साथ हैं। आतंकवाद को खत्म किया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार जो भी नीति तय करती है। हम उसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी दल को इसका राजनीतिक फायदा नहीं लेना चाहिए। आतंकवाद का समूल नाश हो। हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हों और सेनाओं का उत्साह ऊंचा रहे। यही हमारा प्रयास है। भारतीय सेनाओं ने पाक में एयर स्ट्राइक करने के बाद बृहस्पतिवार को ऑपरेशन सिंदूर जारी रखते हुए पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया है।

# दुस्साहस करने वालों के मंसूबे को मिनटों में चकनाचूर कर देती है हमारी यूपी पुलिस : मुख्यमंत्री

महानगर संवाददाता
लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ के होटल क्लार्क अवध में आयोजित इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इबजा) के कॉन्क्लेव को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने बीते आठ साल में राज्य की अर्थव्यवस्था और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में हुई उल्लेखनीय प्रगति की विशेष रूप से चर्चा की।

उन्होंने एसोसिएशन से आग्रह किया कि वे उत्तर प्रदेश में जेम्स एंड ज्वैलर्स पार्क की स्थापना के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है। यह अपराध और माफिया मुक्त प्रदेश बन चुका है। सबको पता है कि दुस्साहसियों के दुस्साहस को यूपी पुलिस मिनटों में चकनाचूर कर देती है।




सीएम योगी ने जेम एंड ज्वैलरी से जुड़े व्यापारियों को आश्वस्त किया कि सरकार हर कदम पर आपके साथ है। सीएम योगी ने लखनऊ में कॉन्क्लेव के आयोजन के लिए इबजा को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ावा देगा, बल्कि सरकार के 'आठ साल बेमिसाल' अभियान को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सीएम योगी ने जेम्स एंड ज्वैलर्स उद्योग की भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र देश की जीडीपी में 7 प्रतिशत का योगदान देता है।

# त्रिवेणी संगम के जल से बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक



**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम में मध्यान भोग आरती के बाद जनकल्याण एवं विश्वशांति के पवित्र संकल्प के साथ त्रिवेणी संगम के जल से बाबा का विधिपूर्वक जलाभिषेक किया गया। महाकुंभ-2025 में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा स्थापित शिविर के संचालन में सहयोगी रहे कुलदीप नारायण पांडेय, मनोज उपाध्याय एवं रमेश चन्द्र ओझा बृहस्पतिवार को संगम त्रिवेणी का जल लेकर बाबा धाम में आए। उन्होंने पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के खुशी में जलाभिषेक किया।

# आतंकवाद के खिलाफ सेना को हमारा समर्थन : प्रमोद तिवारी

महानगर संवाददाता
लखनऊ

केंद्र सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर बुधवार सुबह सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। इस बैठक में सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राजनीतिक दलों को जानकारी दी। ऐसे में अब सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक को लेकर कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रमोद तिवारी की प्रतिक्रिया सामने आई है।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, "आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के लिए हमारा समर्थन सरकार और भारतीय सेना के साथ है। जहां तक सर्वदलीय बैठक का सवाल है प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली में मौजूद है। बैठक में प्रधानमंत्री रहते तो बेहतर होता। पिछली बैठक में भी



प्रधानमंत्री मोदी बिहार चले गए थे। पूरा देश, विपक्ष, राहुल गांधी और पार्टी एकजुट होकर अपना समर्थन दे रही है। पीएम मोदी सर्वदलीय बैठक में रहते तो अच्छा रहता।"

उन्होंने आगे कहा, "आतंकवाद के खिलाफ जो कदम सरकार उठाएगी, जो निर्णय सेना लेगी उसे हमारा समर्थन रहेगा। हमें देश की सेना पर पूरा भरोसा है। जय हिंद।" केंद्र सरकार द्वारा आज सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, जिसका उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर को लेकर तमाम जानकारियां राजनीतिक दलों से साझा की गई। ये सर्वदलीय बैठक संसद भवन में बुलाई गई. जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की. खास बात ये रही कि बैठक में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) भी शामिल हुई। जबकि 24 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में उद्धव ठाकरे की शिवसेना नहीं शामिल हुई थी। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई देते पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर उन्हें नष्ट कर दिया. जिसके बाद सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई, जहां उन्होंने राजनीतिक दलों को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी।

# उत्तरकाशी के हेलिकॉप्टर हादसे में बरेली की मां-बेटी की मौत



**बरेली।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बृहस्पतिवार को हुए हेलिकॉप्टर हादसे में बरेली की मां-बेटी की मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही उनके परिवार में मातम पसर गया। शहर कोतवाली इलाके के आलमगीरीगंज निवासी राधा अग्रवाल (79 वर्ष) और उनकी बेटी रुचि अग्रवाल तीर्थयात्रा पर गई थीं। मां-बेटी ने देहरादून से हेलिकॉप्टर में सीट बुक कराई गई थीं। बताया गया है कि बृहस्पतिवार सुबह देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी थी।

हेलिकॉप्टर में पायलट सहित सात लोग सवार थे, जिनमें राधा अग्रवाल और रुचि अग्रवाल समेत छह यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राधा अग्रवाल के पति का साल 2022 में निधन हो चुका है। उनका सराफा का कारोबार था। इनकी तीन बेटियां हैं। बेटा नहीं है। तीनों बेटियों का विवाह हो चुका है, जो दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू में रहती हैं। चार माह पहले राधा अग्रवाल मुंबई में बेटी रुचि अग्रवाल के पास गईं थीं, वहीं से चारधाम की यात्रा पर निकली थीं। हेलिकॉप्टर हादसे में दोनों की मौत हो गई। बताया गया है कि दोनों के शव मुंबई ले जाएंगे।

# आंधी ने मचाई तबाही, पेड़ गिरने से तार-खंभे टूटे, जनजीवन प्रभावित

महानगर संवाददाता
प्रयागराज

तेज आंधी से बुधवार रात पूरे शहर की बिजली गुल गई। रसूलाबाद में बिजली के तार-खंभों समेत कई जगहों पर पेड़ों की डालियां गिर गईं। इससे घंटों बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। बिजली कटौती से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कैंट, अटाला, तिरंगा चौराहा के पास पेड़ की डालियां तारों पर गिर गई। इससे दर्जनों घरों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

स्टैनली रोड कार पर पेड़ की डाल गिर गई। जिस कारण दर्जनों घरों में करीब आधे घंटे तक बिजली गुल रही। इसी तरह धूमनगंज में पेड़ की



डाल बिजली तार पर गिरने से कई घरों में बिजली गुल हो गई। इसके अलावा रसूलाबाद में बिजली की तार टूटने से दर्जनों घरों की बिजली गुल हो गई। वहीं, शिवकुटी में तार टूटने से घंटों बिजली गुल रही। इसके अलावा नूरूल्ला रोड, काला दांदा, सुलेमसराय, बलुआ घाट, मीरापुर, हर्षवर्धन नगर, शीशमहल समेत अन्य जगहों पर तक बिजली प्रभावित रही। परेड ग्राउंड में कई छोटे बड़े पेड़ों की डालियां टूट गईं। बुधवार की देर शाम को अचानक आसमान में छाए काले बादल तेज हवा के साथ जमकर बरसे। तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार बारिश के कारण इलाके की बत्ती गुल हो गई। जबकि कई जगहों पर पेड़ों की डालियां उखड़ कर वाहनों पर गिर गईं। वहीं, जीटी रोड पर भी काफी देर तक यातायात ठप रहा। लोग भी घरों में दुबके रहे। बुधवार की रात तकरीबन 9:30 बजे अचानक तेज हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में तेज हवा के साथ ही मूसलाधार बारिश भी होने लगी। हवा इस कदर तेज थी कि कई जगहों पर घरों की कुर्सियां व अन्य घरेलू सामान उड़ गए।

# वरुणा की गाद से बनेगी खाद, नगर निगम करेगा कमाई

## किसानों को कम कीमत पर कराया जाएगा उपलब्ध

**वाराणसी।** वरुणा नदी से निकलने वाली गाद से खाद बनाने का काम शुरू होगा। इससे नगर निगम की कमाई भी होगी। जल निगम को यहां की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी दी गई। नदी की सफाई के दौरान निकलने वाली गाद को सूखाया जाएगा। इसके बाद खाद बनाकर किसानों को कम कीमत पर उपलब्ध कराया जाएगा।

यहां की सफाई के लिए निगम की ओर से 15 सफाई कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। इससे न केवल पर्यावरण के लिहाज से नदी साफ होगी, बल्कि निकलने वाले गाद को खाद में परिवर्तित किया जाएगा। इसके लिए वरुणा पार क्षेत्र



में एक सेंटर खोला जाएगा।

पिछले दिनों एक कंपनी ने काफी कचरा एकत्र किया था। गाद को एकत्र करने के बाद उसे शेड में ड्राई किया जाएगा। मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर में भेजने के बाद खाद बनाया जाएगा।इसे स्थानीय किसानों को उचित कीमत पर दिया जाएगा। इसके लिए पूरी कार्ययोजना बनाई गई है। इसके साथ ही यहां गिरने वाले नाले को भी टैप किया जाएगा।



# पाकिस्तान जिंदाबाद बोलने वाले युवक को लोगों ने पीटा

**गोरखपुर।** बृहस्पतिवार की सुबह शहर के विधियानी मोहल्ले में पाकिस्तान जिंदाबाद बोलने पर एक युवक की लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। हालांकि युवक के बचाव में एक महिला आगे आई, लेकिन लोगों ने उसकी एक न सुनी, इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जो चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल वीडियों में लोग युवक की पिटाई कर रहे थे।

ऑपरेशन सिंदूर पर बोले बृजभूषण शरण सिंह

# 'भारत की क्षमता पर सवाल उठाने वालों के मुंह पर तमाचा'



**अयोध्या।** भारत ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में 9 आतंकी ठिकानों पर ताबड़तोड़ एयर स्ट्राइक कर पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया. भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना की संयुक्त कार्रवाई ने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है।

इस ऐतिहासिक ऑपरेशन पर अयोध्या में बीजेपी नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने गर्व जताते हुए कहा कि ये हमारे देश के लिए गर्व का दिन है, जो लोग भारत की क्षमता पर सवाल उठाते थे, उनके मुंह पर करारा तमाचा है. भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर मारा है।

अयोध्या में पत्रकारों से बात करते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने इस ऑपरेशन को भारत की सैन्य शक्ति और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा यह ऑपरेशन उन लोगों के लिए सबक है जो भारत की ताकत को कम आंकते हैं। हमारी सेना ने न केवल आतंकियों को मारा, बल्कि दुनिया को बता दिया कि भारत अब चुप नहीं रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रणनीति की सराहना की। वहीं ऑपरेशन सिंदूर को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भारत को सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कारवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है।

बता दें कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए जो भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे सैन्य तनाव के घटनाक्रम में एक और अध्याय है. पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम से अंजाम दिया गया।

# जावेद ने अजय बनकर तबाह की एक और जिंदगी, गिरफ्तार

**लखनऊ।** बहराइच के नाजारिपुरा निवासी शादीशुदा प्राइवेट चालक जावेद खान फर्जी आधार कार्ड बनाकर अजय यादव बनाया गया। आरोप है कि उसने अजय बनकर जानकीपुरम की युवती को प्यार के जाल में फंसाकर यौन शोषण किया, फिर गर्भपात करवा दिया। सच सामने आने पर आरोपी जावेद ने पीड़िता पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला। विरोध करने पर आरोपी समेत उसकी पत्नी, दो सालों और दोस्तों ने धमकाया। पीड़िता ने सभी के खिलाफ जानकीपुरम थाने में केस दर्ज कराया है। मूलरूप से मड़ियांव की रहने वाली पीड़िता मौजूदा समय में किराये के मकान में जानकीपुरम इलाके में



रह रही हैं। उनके मुताबिक वर्ष 2021 में विकास नगर सेक्टर-1 निवासी अजय यादव से उनकी पहली मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों की फोन पर बात होने लगी। अजय ने शादी करने की बात कही तो युवती ने इन्कार कर दिया। आरोपी ने खुद को युवती की जाति का और अविवाहित होने का दावा किया। इस पर वह राजी हो गईं। 23 जुलाई 2022 को दोनों ने पुरनिया स्थित आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली।

# कमरे में आग लगने से जिंदा जला मासूम

**कानपुर।** कानपुर में चकेरी के सनिगवां में संदिग्ध हालात में मकान के एक कमरे में आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मासूम अपनी मां और बेटे के साथ लखनऊ से मौसी की शादी समारोह में शामिल होने कानपुर आया था। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इंकार कर दिया। मूलरूप से लखनऊ के निगोहा थानाक्षेत्र के सकरा गांव निवासी अमानत चट्टा संचालक हैं। चकेरी के सनिगवां में अमानत का ससुराल है। मंगलवार को अमानत की पत्नी चांदनी अपने बेटे शाद और पांच वर्षीय बेटे जमान के साथ मायके बहन नसरीन की शादी समारोह में शामिल होने आई थी। 10 मई को नसरीन की शादी है। जमान के नाना करीब ने बताया कि बुधवार दोपहर को जमान बच्चों के साथ कमरे में खेल रहा था। उस दौरान परिवार के अन्य लोग शादी की तैयारियों में लगे थे। तभी अचानक कमरे में आग लग गई। उसके साथ खेल रहे दो बच्चे तो कमरे से बाहर भाग निकले, लेकिन जमान कमरे में फंस गया।

# खिलौने पर नींबू मिर्ची लगाकर राफेल को नकारा बताने पर अजय राय पर केस दर्ज



महानगर संवाददाता
वाराणसी

पहलगाम हमले के मामले में पाकिस्तान पर कार्रवाई न करने को लेकर मोदी सरकार पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर ऐक्शन हुआ है। खिलौने पर नींबू मिर्ची लटकाकर राफेल को लेकर बयानबाजी करने वाले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वाराणसी जिले के चेतगंज थाने में केस दर्ज किया गया है। अजय राय पर राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने और फर्जी बयानबाजी कर अफवाह फैलाने की धाराएं लगाई गई हैं। यह मुकदमा राष्ट्रवादी हिन्दू शक्ति वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष छावनी निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता की तहरीर पर दर्ज किया गया है। गुप्ता ने बताया है कि वह 5 मई को अपने संगठन के कार्यालय जगतगंज, लहुराबीर पर अपने प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठे थे। तभी मालूम हुआ कि अजय राय ने सार्वजनिक रूप से एक खिलौना विमान को नीबू मिर्ची बांधकर मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत किया। खिलौना विमान की तुलना भारत के आन बान शान राफेल लड़ाकू विमान से करते हुए राफेल लड़ाकू विमान को नकारा बताते हुए भारतीय सेना का उपहास सार्वजनिक रूप से उड़ाते राष्ट्र की सुरक्षा व्यवस्था का मजाक उड़ाया। राय के इस कृत्य को पाक मीडिया ने प्रमुखता से प्रचारित किया।

# यूपी में किसानों के जल्द बनेंगे 25 लाख नए किसान क्रेडिट कार्ड

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी दिशा में सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25 लाख नए किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सरकार की मंशा है कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को समय पर सस्ता



ऋण मिले और वे बिना किसी कर्ज के बोझ के खेती कर सकें।

बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार ने 71 लाख से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी थी। इस साल इसे और विस्तार देते हुए सरकार 25 लाख और किसानों तक यह सुविधा पहुंचाना चाहती है।

### खेतों तक पहुंचेगा सस्ता कर्ज, साहूकारों से मुक्ति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच है कि खेती को फायदे का सौदा बनाया जाए। किसान क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों को कम ब्याज पर फसली ऋण मिलता है, जिससे वे समय पर बीज, खाद, कीटनाशक और सिंचाई जैसी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। इससे उनकी उपज बढ़ती है और आमदनी में सुधार होता है। साथ ही किसान साहूकारों के कर्ज के जाल में भी नहीं फंसते। भारत सरकार ने 1998 में किसान क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की थी।

# परंपरा सोसाइटी में केमिकल कारोबारी की मां की हत्या, नौकर फरार

**मुरादाबाद।** जिले की सबसे पॉश और सुरक्षित मानी जाने वाली परंपरा सोसाइटी में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। केमिकल कारोबारी दयाशंकर रस्तोगी की कोठी में उनकी वृद्ध मां की हत्या कर दी गई। वारदात के बाद से घर का नौकर लापता है। इससे संदेह गहराता जा रहा है। घटना सिविल लाइंस स्थित परंपरा कॉलोनी की है। यह शहर की सबसे हाईप्रोफाइल सोसाइटी में शुमार होती है। शहर के नामी एक्सपोर्टर, बड़े कारोबारी, डॉक्टर और प्रभावशाली लोग यहां रहते हैं। शुक्रवार को कारोबारी दयाशंकर रस्तोगी किसी काम से बाहर गए




थे। घर में उनकी मां और एक नौकर मौजूद था। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं, वारदात के बाद से नौकर गायब है, जिससे उस पर शक गहराता जा रहा है। पुलिस नौकर की तलाश में शहर के हर संभावित ठिकाने पर दबिश दे रही है।

# 140 किमी घंटे की रफ्तार, भीषण टक्कर लगते ही फटे एयर बैग, छह की मौत

महानगर संवाददाता
जालौन

उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। उरई में हुए हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। एक झपकी काल बन गई। दरअसल, झांसी-कानपुर हाईवे पर हुए हादसे में जान गंवाने वाले डॉ. बृजेश ने ही बंगलुरू तक करीब 2000 किमी का सफर कार से तय करने का प्लान बनाया था। सड़क हादसे में बचे उनके साढ़ू अंकित ने पुलिस को बताया कि बृजेश को बंगलुरू लौटना था। उन्होंने अंकित और उसके परिवार को भी बंगलुरू घूम लेने और फिर कुछ दिन बाद लौट आने की



बात कह कर साथ चलने के लिए राजी कर लिया था। इस पर अंकित अपनी पत्नी संगीता, बेटी सिद्धिका, साली विनीता को लेकर बृजेश के परिवार के साथ रवाना हुए थे।

अंकित के अनुसार, सभी लोग मंगलवार की रात 11 बजे ब्रीजा कार से निकले थे। कार को बृजेश चला रहे थे, जबकि आगे अंकित बैठे थे। मानवी और कान्हा पीछे की सीट पर अपनी मां और मौसियों के साथ बैठे थे। एट थाना क्षेत्र के गिरथान के पास कार पहुंचते ही बृजेश को झपकी लगने से हादसा हो गया। अंकित के अनुसार, कार में फंसे होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पा रहे थे। वो बच्चों को बचाने की गुहार लगाते रहे।

रक्षा मंत्री बोले- सशस्त्र बलों ने दिखाई बहादुरी


# यह हमारे लिए गर्व की बात

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों को निष्क्रिय कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व की बात है। राजनाथ सिंह ने कहा, मैं सशस्त्र बलों को कल की गई कार्रवाई और उनके द्वारा दिखाए गए साहस और वीरता के लिए बधाई देता हूं। पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को निष्क्रिय कर दिया गया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस सटीकता के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया, वह अकल्पनीय था। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में नौ आतंकी ठिकाने तबाह किए गए और बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराया गया। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को न्यूनतम जनहानि के साथ अंजाम दिया गया, जो हमारे पेशेवर रूप से प्रशिक्षित

**पाकिस्तान-PoK में निष्क्रिय किए आतंकी शिविर**



सशस्त्र बलों की वजह से संभव हो पाया।

**भारतीय सेना ने लिया पहलगाम हमले का बदला**

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 22 अप्रैल को 26 निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इनमें अधिकांश पर्यटक थे। मृतकों में एक नेपाली नागरिक शामिल था। इन लोगों के धर्म की पहचान करके इनकी हत्या कर दी गई थी। इसके दो हफ्ते बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। जिसके तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को मिसाइल हमले में निशाना बनाया गया। इनमें आतंकी मसूद अजहर और मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के ठिकाने भी शामिल हैं।

**भारतीय रक्षा उद्योग को बनाना है विश्वसनीय ब्रांड**

नई दिल्ली में नेशनल क्वालिटी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, हमें भारतीय रक्षा उद्योग को एक मजबूत और विश्वसनीय ब्रांड बनाना है। आज मैं आपसे एक महत्वपूर्ण अपील करने आया हूं। ब्रांड इंडिया का निर्माण करना होगा। जब दुनिया के देशों के मन में संदेह हो तो वह ब्रांड इंडिया का चयन करे। यही हमारा अद्वितीय विक्रय बिंदु (यूएसपी) होना चाहिए। ब्रांड इंडिया का मतलब है कि अगर किसी भारतीय कंपनी ने कोई वादा किया है तो होगा ही होगा, होकर ही रहेगा। यह भरोसा होना चाहिए। उससे नीचे का तो कोई सवाल ही खड़ा नहीं होता।

# IAS अभिषेक प्रकाश के लिए मांगे गए एक करोड़ कहां हैं?

**पुलिस को अब ख्याल आया, अदालत से झटका**

महानगर नेटवर्क

लखनऊ

आईएएस अभिषेक प्रकाश के लिए सोलर उर्जा संयंत्र लगाने वाली कंपनी से एक करोड़ की रिश्वत लेने में गिरफ्तार निकांत जैन के मामले में पुलिस की गंभीर लापरवाही सामने आई है। एक करोड़ रुपए कहां हैं, यह जानने का ख्याल पुलिस को अब गिरफ्तारी के 45 दिन बाद आया है। निकांत से पूछताछ के लिए पुलिस ने कोर्ट में याचिका डाली और रिमांड मांगी। जबकि निकांत की गिरफ्तारी के 40 दिन बाद तक ही पुलिस चाहे तो उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है। भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह ने तय समयसीमा के बाद कस्टडी रिमांड मांगे जाने पर पुलिस की याचिका खारिज कर दी है। इसी मामले के सामने आने के बाद इन्वेस्ट यूपी के सीईओ रहे आईएएस अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया गया था। अब भी वह निलंबित ही चल रहे हैं। पूरे मामले की जांच एसटीएफ भी कर रही है। अदालत ने निकांत जैन की पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा कि आरोपी निकांत जैन को जिन आरोपों में गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है उन आरोपों में उसे अधिकतम 10 साल की सजा दी जा सकती है। जबकि कानून के अनुसार आरोपी जेल में है तो 40 दिन के भीतर रिमांड अर्जी दी जाना चाहिए। विवेचक एसीपी गोमतीनगर विनय कुमार द्विवेदी ने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर रिमांड मांगी थी। निकांत जैन को इस मामले में गत 20 मार्च को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। निकांत जैन ने विवेचना के दौरान बताया था कि उसने मामले के वादी विश्वजीत दत्ता की कंपनी से सोलर ऊर्जा के कल पुर्जे बनाने की इकाई को प्रदेश में लगवाने के एवज में एक करोड़ रुपये की रिश्वत ली थी। अदालत से कहा गया कि उस रुपये को निकांत जैन ने किसे दिया या कहां रखा है केवल वही जानता है।

# सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने किया सरकार का समर्थन

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय हमलों में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए हैं।

सूत्रों ने जानकारी दी है कि बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि अगर पाकिस्तान हमला करेगा तो भारत जवाबी हमला करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय हमलों में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए।

सर्वदलीय बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हम सरकार के साथ हैं। रक्षा मंत्री ने नेताओं को बताया कि यह एक जारी ऑपरेशन है, इसलिए तकनीकी जानकारी नहीं दे सकते। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, "हमने



सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। जैसा कि मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, उन्होंने (सरकार) कहा कि कुछ चीजें हैं जिन पर हम चर्चा नहीं करना चाहते हैं।"

वहीं सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, "फर्जी खबरें फैलाने के लिए कई फर्जी खबरें प्रचारित की जा रही हैं और इसलिए, मैं इस समय सभी से अपील करता हूं कि वे विदेश से या देश के भीतर से आने वाली किसी भी फर्जी खबर पर भरोसा न करें और केवल प्रामाणिक जानकारी पर ही भरोसा करें।" उन्होंने कहा, "राजनीतिक दल जनता की आवाज हैं और नेता एक स्वर में बोल रहे हैं। मुझे लगता है कि यह भी हमारी सफलताओं में से एक है। ऑपरेशन सिंदूर के पहले हमले के बाद जो कुछ चल रहा है, उसके बारे में बताना ठीक नहीं है और इसलिए बैठक में अधिकारियों को नहीं बुलाया गया।" वहीं AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, "सरकार के पास कश्मीर में पाकिस्तान से भिड़ने और कश्मीरियों को अपनाने का सुनहरा अवसर है।"

# भारत को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार : निक्की हेली

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। भारत के ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को ढेर कर दिया गया। दूसरे दिन, पाकिस्तान ने भारत के 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमला करने की कोशिश की, जिसे सेना ने विफल कर दिया। इस पर संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने कहा कि मामले में पाकिस्तान को पीड़ित की भूमिका निभाने का कोई अधिकार नहीं है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिका की राजनेता निक्की हेली ने भारत का समर्थन किया. उन्होंने एक्स पर ट्वीट करके लिखा, आतंकवादियों ने एक हमला किया जिसमें दर्जनों भारतीय नागरिक मारे गए। भारत को जवाबी कार्रवाई करने और अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार था।

पाकिस्तान को पीड़ित की भूमिका निभाने का अधिकार नहीं है. किसी भी देश को आतंकवादी गतिविधि का समर्थन करने की छूट नहीं है। भारत के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 25 से अधिक पर्यटकों को गोली मार दी थी. इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत कड़ा रूख अपनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया. इसके पहले दिन भारत ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित कुल 9 आतंकी ठिकानों को ढेर कर दिया। इस एयरस्ट्राइक में कुल 70 से 100 आतंकियों के मारे जाने की खबर सामने आई थी।

# 'सुदर्शन चक्र' S-400 और इजरायली ड्रोन बने भारत के कवच

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए और हताश पाकिस्तान ने बुधवार रात जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक कम से कम 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की है। हालांकि भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने इन हमलों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। इतना ही नहीं जवाबी कार्रवाई में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली को भी मिट्टी में मिला दिया। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च कर आतंक के खिलाफ बड़ी जंग छेड़ दी है। भारत ने पाक और पाक अधिकृत कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। इस दौरान करीब 100 से ज्यादा आतंकियों के मारे जाने की खबर है। वहीं यह ऑपरेशन अब भी जारी है। भारत की इस कार्रवाई के बाद भी आतंकवाद को पनाह देने वाला पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और सीमा पर भारी गोलीबारी के अलावा कई जगहों पर मिसाइल हमले करने की कोशिश भी की है। रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को एक बयान

**पाक को घर में घुसकर कैसे मारा?**



जारी कर कहा है कि सात और आठ मई की रात पाकिस्तान ने उत्तरी और पश्चिमी भारत के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। इनमें अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना और भुज शामिल हैं। हालांकि भारत के एयर डिफेंस सिस्टम S-400 और इजरायली हार्पी ड्रोनों ने पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन को नेस्तनाबूत कर दिया।

**"सुदर्शन चक्र" का नहीं है कोई मुकाबला**

बता दें कि S-400 मौजूदा समय में दुनिया की सबसे धांसू वायु रक्षा प्रणाली है और इसे "सुदर्शन चक्र" का भी नाम दिया गया है। भारत ने इस सिस्टम को अपने सबसे प्रमुख रक्षा सहयोगी रूस से खरीदा है। अपने नाम के अनुरूप S-400 सिस्टम 400 किलोमीटर तक की दूरी पर मौजूद खतरों को रोकने में सक्षम हैं। वहीं यह 600 किलोमीटर दूर तक के टारगेट को भी ट्रैक कर सकता है। भारत ने अब तक ऐसे 4 सिस्टम तैनात किए हैं। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक स्क्वाड्रन जम्मू-कश्मीर और पंजाब की सुरक्षा के लिए पठानकोट में तैनात है। वहीं दूसरा राजस्थान और गुजरात के रणनीतिक क्षेत्रों को कवर करता है।

**सटीक प्रहार करते हैं इजरायली हार्पी ड्रोन**

सूत्रों के मुताबिक भारत ने पाकिस्तानी एयर डिफेंस रडार को निष्क्रिय करने के लिए इजरायली हार्पी ड्रोन भी तैनात किए। हार्पी को रडार सिस्टम पर हमला करने के लिए तैयार किया गया है। इस ड्रोन में एक खास ट्रैकर होता है जो रेडिएशन को ट्रैक का अपना निशाना खुद ढूंढ लेता है और उस पर जोरदार प्रहार करता है। यह किसी भी दिशा में फ्रीक्वेंसी को सटीक तरीके से निशाना बना सकता है।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने बताया

# सिंधु नदी के जल से छह राज्यों के किसानों को होगा फायदा

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इस बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंधु जल समझौता को लेकर बड़ा एलान किया है। राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन खरीफ अभियान 2025 सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, हम किसी को छेड़ते नहीं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कोई हमें छेड़े तो उसे छोड़ते भी नहीं हैं।

शिवराज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संकल्प है कि आतंकवाद का जड़ से खात्मा करके ही चैन की सांस लेंगे। कल पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में पांचवें पायदान से उठकर अब चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं दूसरी ओर आतंकवादियों के विनाश का महाअभियान भी चालू है, जिन्होंने हमारी बेटियों की मांग से सिंदूर पोछा था, ऐसे आतंकवादियों और उनके सरगनाओं के अड्डों को तबाह कर दिया गया है।

सिंह ने कहा कि हमारे कृषि विभाग के सभी साथी कटिबद्ध हैं, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीछे खड़े हैं। हमें गर्व है अपनी सेना पर, सेना के शौर्य पर, हमारे जवानों पर और ऑपरेशन में लगे हुए सारे साथियों पर। ऑपरेशन सिंदूर एक संदेश है कि भारत की तरफ किसी को आंख उठाकर देखने नहीं दिया जाएगा।

# यूक्रेन ने दी धमकी तो चीन ने किया बड़ा ऐलान

**रूस के विक्ट्री डे में शामिल होंगे जिनपिंग**

महानगर नेटवर्क

मॉस्को

रूस में 9 मई को होने वाले विक्ट्री डे परेड से पहले रूस-यूक्रेन जंग ने नया मोड़ ले लिया है. यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने परेड के दौरान मॉस्को में विदेशी नेताओं की सुरक्षा की गारंटी देने से इनकार कर दिया, जिसे रूस ने 'खुली धमकी' बताया है. जेलेंस्की की धमकी के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूस की राजकीय यात्रा की पुष्टि कर दी है. वह 7 से 10 मई तक मॉस्को में होंगे और 9 मई को हिटलर की आर्मी पर विजय की



80वीं वर्षगांठ पर होने वाले समारोह में शामिल होंगे. भारत की ओर से पहले पीएम मोदी या रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जाने की चर्चा थी, लेकिन उनकी यात्राएं रद्द हो गईं.

रूस ने 3 दिनों के सीजफायर का प्रस्ताव रखा था, लेकिन जेलेंस्की ने इससे साफ मना कर दिया. यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने शनिवार को साफ कर दिया कि 9 मई को मॉस्को में होने वाले विक्ट्री डे परेड में शामिल होने वाले विदेशी नेताओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी कीव की नहीं, बल्कि रूस की है. उन्होंने कहा, 'हम रूसी धरती पर होने वाली किसी भी घटना की जिम्मेदारी नहीं ले सकते. उनकी सुरक्षा मॉस्को को सुनिश्चित करनी होगी.' जेलेंस्की ने रूस के तीन दिन के युद्धविराम प्रस्ताव को 'नाटक' करार देते हुए ठुकरा दिया और 30 दिन के लंबे युद्धविराम की मांग की, जिसे पुतिन पहले ही नकार चुके हैं.

# हार्वर्ड को चिट्ठी लिख बुरी फंसी अमेरिकी शिक्षा मंत्री

**गलतियों का अंबार दिखा लोग उड़ा रहे खिल्ली**

महानगर नेटवर्क

वॉशिंगटन

पिछले कुछ हफ्तों से अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ विवादों को लेकर चर्चा में रही है। ट्रंप सरकार ने यूनिवर्सिटी को ना सिर्फ 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के दिए जाने वाले अनुदान पर रोक लगा दी है बल्कि अन्य छूट भी रद्द कर दी हैं। इसी कड़ी में ट्रंप की करीबी और अमेरिका की शिक्षा मंत्री लिंडा मैकमोहन ने यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. एलन गार्बर को एक सख्त चेतावनी भरी चिट्ठी लिखी है लेकिन उनकी चिट्ठी ने इंटरनेट पर उन्हीं का मजाक बनाकर रख दिया है।

उनकी चिट्ठी अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें तीन पन्नों की उनकी चिट्ठी को लाल रोशनी वाले कलम से एक प्रोफेसर की तरह एडिट किया गया है, जिसमें गलियों का भारी अंबार है। इसमें वर्तनी की गलतियों से लेकर गलत वाक्यांश, वाक्य संरचना और गलत जगहों पर कैपिटल लेटर का इस्तेमाल समेत कई त्रुटियां हैं, जिसे लाल निशान से घेरा गया है और उसे संपादित किया गया है। सोशल मीडिया पर अब इस संपादित चिट्ठी को शेयर कर लोग लिंडा मैकमोहन की खिल्ली उड़ा रहे हैं।

# निशिकांत दुबे के खिलाफ टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने हाईकोर्ट में दाखिल की याचिका

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

टीएमसी नेता और पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक नई याचिका दायर की है। याचिका में उन्होंने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहद्राई पर सोशल मीडिया पर कथित तौर पर मानहानिकारक पोस्ट करने का आरोप लगाया है। यह मामला लंबे समय से चले आ रहे विवाद का हिस्सा है, जिसमें दुबे और जय अनंत ने 2023 में मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया था।

मोइत्रा की ओर से दायर इस नयी



याचिका में कहा गया है कि निशिकांत दुबे और जय अनंत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की हैं, जो उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही हैं। गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट में न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने सुनवाई की। कोर्ट ने दुबे के वकील से निर्देश लेने के लिए कहा कि क्या वह अपनी विवादित पोस्ट को हटा सकते हैं। सुनवाई के दौरान, दुबे के वकील ने यह भी कहा कि मोइत्रा ने लगातार उन्हें सोशल मीडिया पर पिटबुल कहकर अपमानित किया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

इस पर कोर्ट ने जवाब दिया कि अगर कोई अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करता है, तो प्रभावित व्यक्ति सोशल मीडिया मध्यस्थ को शिकायत कर सकता है और ऐसी पोस्ट को हटवाया जा सकता है। हालांकि, दुबे के वकील ने कोर्ट को सूचित किया कि वह अपने मुवक्किल से संपर्क नहीं कर पाए क्योंकि दुबे यात्रा पर हैं।

ओम प्रकाश राजभर की पकिस्तान को नसीहत, कहा

# होश में रहो जनता भिड़ेगी तो समंदर में फेंक देगी

महानगर नेटवर्क

बस्ती

जिले में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने पाकिस्तान को लेकर एक ऐसा बयान दिया, जिसने न केवल राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी, बल्कि हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की ज्वाला को और तेज कर दिया. पहलगाम में हुए उस कायराना आतंकी हमले के बाद, जिसमें निर्दोष पर्यटकों की जान ली गई। देश भर में आक्रोश और पीड़ा का ज्वार उमड़ पड़ा था। इस हमले ने न केवल हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए, बल्कि पड़ोसी मुल्क के नापाक इरादों को भी



बेनकाब कर दिया। इस घटना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती दी थी, जिसे उन्होंने दृढ़ता से स्वीकार किया।

पहलगाम की घटना ने हर भारतीय के मन में एक गहरा घाव छोड़ा है। इस घटना ने देश की आत्मा को झकझोर कर रख दिया और हर नागरिक के मन में सुरक्षा और न्याय की मांग को और प्रबल कर दिया. इस आतंकी हमले ने न केवल हमारी सीमाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाए, बल्कि यह भी दिखाया कि आतंकवाद के पैरोकार किस हद तक गिर सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी को दी गई खुली चुनौती, देश के स्वाभिमान पर एक सीधा प्रहार थी, जिसे उन्होंने दृढ़ संकल्प के साथ स्वीकार किया. इसी आक्रोश और दृढ़ संकल्प की भावना को व्यक्त करते हुए, ओमप्रकाश राजभर ने बस्ती में एक जनसभा को संबोधित किया. उनके शब्दों में वह आग थी, जो हर भारतीय के दिल में धधक रही थी. उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, "अगर भारत को कोई आंख दिखाएगा।

# लखनऊ दौरे पर आ रहे हैं वर्ल्ड बैंक अध्यक्ष अजय बंगा

**लखनऊ।** देश की सबसे तेजी से तरक्की कर रही अर्थव्यवस्थाओं में शामिल उत्तर प्रदेश को 'देश का ग्रोथ इंजन' कहा जाने लगा है. कभी बीमारू कहे जाने वाले इस राज्य ने बीते 8 वर्षों में जो विकास की दौड़ लगाई है, उसने पूरे देश और दुनिया का ध्यान खींचा है. अब इसी विकास यात्रा की नब्ज़ टटोलने शुक्रवार को वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा लखनऊ पहुंचने वाले हैं. वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे और प्रदेश में चल रही विकास योजनाओं का जायजा लेंगे। एक दिन के दौरे पर आ रहे अजय बंगा की गिनती दुनिया के प्रमुख अर्थशास्त्रियों में होती है. वह भारत में जन्मे पहले वर्ल्ड बैंक प्रमुख हैं. उनके दौरे को यूपी सरकार और वर्ल्ड बैंक के बीच मजबूत होते रिश्तों के तौर पर देखा जा रहा है. अजय बंगा न सिर्फ मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करेंगे, बल्कि मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और अन्य अधिकारियों के साथ बैठकें भी करेंगे।

# इंफाल के रिम्स में दूसरे दिन भी छात्रों का विरोध प्रदर्शन

**इंफाल।** इंफाल स्थित रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) में दूसरे दिन भी छात्रों का आंदोलन जारी रहा। गुरुवार को तनाव उस समय बढ़ गया, जब एमबीबीएस के छात्रों ने लगातार दूसरे दिन कड़ी धूप में छतरियां ओढ़कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। छात्र निदेशक, डीन और उप-डीन को तत्काल हटाने की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, छात्रों का आरोप है कि निदेशक ने उनके खिलाफ अपमानजनक और धमकी भरी भाषा का उपयोग किया। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, निदेशक ने कथित रूप से छात्रों से कहा कि वे निर्वस्त्र होकर नाचें, आत्महत्या कर लें या फिर वह उन्हें फांसी पर लटका देंगे। छात्रों का कहना है कि इन टिप्पणियों से वे मानसिक रूप से आहत हुए हैं, जिससे पूरे कैंपस में आंदोलन फैल गया है।

**विरोध प्रदर्शन में हाथों में तख्तियां**

गुरुवार एक बार फिर रिम्स कैंपस में एकत्र होकर छात्रों ने अपनी आवाज उठाई। उन्होंने अपने हाथों में तख्तियां थाम रखी थीं, जिन पर लिखा था- निदेशक हमें निर्वस्त्र क्यों करना चाहते हैं। हम सजा स्वीकार करते हैं, उत्पीड़न नहीं।

# बॉर्डर क्रॉस कर रहा था पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर

**नई दिल्ली।** भारत – पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच फिरोजपुर सेक्टर में इंटरनेशनल बॉर्डर से बड़ी खबर है। सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि 7 – 8 मई की दरमियानी रात पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में BSF ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर किया है। स्थानीय सूत्रों के हवाले से यह भी जानकारी दी है कि पाकिस्तानी घुसपैठिए को जानबूझकर इंटरनेशनल बॉर्डर क्रॉस करते हुए देखा गया और वह अंधेरे का फायदा उठाकर बॉर्डर सिक्योरिटी फेंस की तरफ आगे बढ़ रहा था। उसे पहले से सतर्क BSF जवानों ने चैलेंज किया और फिर उस पर फायरिंग की गई। सुबह होने पर उसका शव पुलिस को सौंप दिया गया।

# सरकार ने सभी टेलीकॉम कंपनियों को दिया नेटवर्क दुरुस्त करने का आदेश

**नई दिल्ली।** भारत द्वारा पाकिस्तान में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद दूरसंचार विभाग ने सभी सरकारी और निजी टेलीकॉम कंपनियों को आपदा के स्तर की तैयारियों करने का निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग ने कंपनियों को अपने नेटवर्क को ज्यादा सुरक्षित बनाने की बात भी कही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही पाकिस्तान की ओर से साइबर हमले का खतरा बढ़ गया है। इसी वजह से टेलीकॉम विभाग ने टेलीकॉम कंपनियों को ये आदेश दिए है। दूरसंचार मंत्रालय के आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से टेलिकॉम कंपनियों को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के 100 किलोमीटर के अंदर बीटीएस जगहों के बिना किसी रुकावट के कामकाज को जारी रखने के लिए कहा है। वहीं, टेलिकॉम कंपनियों को बिना किसी समस्या के कनेक्टिविटी को बनाए रखने के आदेश दिए गए हैं। विभाग ने सभी कंपनियों को राज्य और जिला स्तर के आपातकालीन संचालन केंद्रों की कनेक्टिविटी को बनाए रखने पर जोर दिया है।

दूरसंचार विभाग ने अपने आदेश में सभी प्राइवेट और निजी टेलीकॉम कंपनियों को अपने कनेक्टिविटी सुधारने की बात कही है। इसके लिए कंपनियों को आपस में मिल कर काम करने को भी कहा गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई बैठक में टेलिकॉम कंपनियों को बॉर्डर के इलाकों में नेटवर्क कनेक्टिविटी पर खासा ध्यान देने को कहा गया है।

# जीएसटी घोटाला मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

**बंगाल और झारखंड में नौ ठिकानों पर छापेमारी**

महानगर नेटवर्क

कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 14,325 करोड़ रु. के फर्जी जीएसटी बिल घोटाले का पर्दाफाश करते हुए कोलकाता, रांची और जमशेदपुर सहित देशभर के नौ ठिकानों पर छापेमारी की है। इन जगहों में आरोपियों के दफ्तर, घर और अन्य संदिग्ध ठिकाने शामिल थे। छापेमारी के दौरान ईडी ने कई अहम दस्तावेज, कंप्यूटर डाटा, बैंक खातों की जानकारी और अघोषित संपत्तियों के सबूत जब्त किए। जानकारी के मुताबिक, इस मामले में मुख्य आरोपियों अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता



और शिव कुमार देवड़ा पर फर्जी बिलों के जरिए 800 करोड़ से ज्यादा का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) हड़पने का आरोप है। इन तीनों के साझेदार रहे जमशेदपुर के जुगसलाई के व्यवसायी विक्की भालोटिया के घर पर भी ईडी ने दबिश दी है। ईडी ने धनशोधन निरोधक कानून (पीएमएलए), 2002 के तहत कार्रवाई करते हुए कई दस्तावेज, डिजिटल डाटा और अघोषित संपत्तियां जब्त की हैं। पूर्व की जांच में जमशेदपुर के बबलू जायसवाल और विक्की भालोटिया का नाम भी पहले सामने आ चुका है, जिन पर इस घोटाले में शामिल होने का आरोप है। कुछ दिन पहले अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता और शिव कुमार देवड़ा को जमशेदपुर की अदालत में भी पेश किया गया था। यह कार्रवाई गुरुवार को शुरू हुई और जांच अभी जारी है। ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने सैकड़ों फर्जी कंपनियां बनाकर झूठे व्यापारिक

**जमशेदपुर से कोलकाता तक छापेमारी**

ईडी ने गुरुवार को कोलकाता, रांची और जमशेदपुर में एक साथ नौ ठिकानों पर छापेमारी की। इन जगहों पर आरोपियों के दफ्तर, घर और अन्य संदिग्ध ठिकाने शामिल थे। छापेमारी के दौरान ईडी ने कई अहम दस्तावेज, कंप्यूटर डाटा, बैंक खातों की जानकारी और अघोषित संपत्तियों के सबूत जब्त किए। जमशेदपुर में इस मामले की गूंज पहले से थी, क्योंकि यहां के कारोबारी बबलू जायसवाल और विक्की भालोटिया पर भी ईडी पहले कार्रवाई कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, ये दोनों इस घोटाले की अहम कड़ी हो सकते हैं।

# हमास स्टाइल में पाक ने किया हमला

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान अब हमास आतंकी समूह की स्टाइल में भारत पर हमले कर रहा है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी हमले के बाद जम्मू के आसमान में जो नजारा था, वह इजरायल-हमास युद्ध के नजारे जैसा था। रक्षा सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि पिछले महीने पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI और हमास के लोग मिले थे।

बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार शाम जम्मू से लेकर जैसलमेर तक पाकिस्तान से सटे इलाकों में ताबड़तोड़ ड्रोन, रॉकेट और मिसाइलें दागीं, जिसे भारतीय सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया है। पाकिस्तान की तरफ से सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया में कुल 8 मिसाइलें दागी गईं, जिसे S-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमले के बाद जम्मू, सांबा और अन्य क्षेत्रों के आसामन में जो दृश्य दिखा, वह दृश्य बिल्कुल इजरायल पर हमास शैली के हमले की याद दिलाते हैं। सूत्रों ने कहा कि ऐसा लगा कि कई कई सस्ते रॉकेट दागे गए हों। रक्षा सूत्रों ने कहा कि इस तरह के हमले के बाद यह आंकलन किया गया है कि पाक सेना एक आतंकवादी संगठन हमास की तरह काम कर रही है और व्यवहार कर रही है। इसके अलावा राजौरी में आतंकी हमले की खबर है। राजौरी के 120 ब्रिगेड पर आतंकी हमला हुआ है। इस बीच, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे।

# प्रदोष काल में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा

हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक माह की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत किया जाता है, किंतु वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी विशेष पुण्यदायी मानी गई है। इस दिन प्रदोष काल में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से विशेष फल प्राप्त होते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 9 मई को दोपहर 2 बजकर 56 मिनट से होगी और अगले दिन यानी 10 मई को शाम को 5 बजकर 29 मिनट पर तिथि खत्म होगी। इस प्रकार शुक्र प्रदोष व्रत 9 मई को किया जाएगा।



### प्रदोष पर शिव पूजा का महत्व

यह व्रत धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति के लिए अत्यंत प्रभावकारी माना जाता है। इस दिन व्रत, उपवास, रुद्राभिषेक और शिवलिंग पर विविध वस्तुएं अर्पित करने से समस्त दोषों का नाश होता है और जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि आती है। स्कंद पुराण, शिव पुराण तथा लिंग पुराण में इस व्रत की महिमा का विस्तार से वर्णन मिलता है। वैशाख शुक्ल त्रयोदशी को प्रदोष व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की श्रद्धा भाव से पूजा करने से व्यक्ति को जीवन में हर प्रकार की शुभता प्राप्त होती है। यह व्रत विशेष रूप से उन लोगों के लिए फलदायक होता है जो गृहस्थ जीवन में संतुलन, स्वास्थ्य, समृद्धि और मानसिक शांति की कामना रखते हैं। प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक विशेष रूप से किया जाता है। इस दिन शिवलिंग पर विभिन्न वस्तुएं अर्पित करने की विशेष परंपरा है, जिनका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व अत्यधिक है।

### जल और गंगाजल - सबसे पहले

शिवलिंग को स्वच्छ जल और गंगाजल से स्नान कराना चाहिए। इससे पापों का नाश होता है और चित्त शुद्ध होता है। दूध_शिवलिंग पर दूध चढ़ाने से चंद्र दोष समाप्त होता है और मन की शांति प्राप्त होती है।



# घर की दक्षिण दिशा में जरूर लगाएं ये पौधे



### चमेली का पौधा

वास्तु शास्त्र के अनुसार चमेली का पौधा अपनी खुशबू की वजह से हमेशा सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। यदि आप इसे सही दिशा में लगाती हैं तो इससे पति-पत्नी के रिश्तों में आने वाली दूरी कम की जा सकती है। यह दाम्पत्य जीवन में खुशहाली लाने का काम करता है। वहीं यदि आप इस पौधे को घर की दक्षिण दिशा में लगाती हैं तो ये ज्यादा शुभ फल देता है और सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। इसे आप घर के भीतर दक्षिण दिशा में किसी भी दरवाजे या खिड़की के पास रख सकती हैं।

### नीम का पौधा:



ज्योतिष के अनुसार नीम के पौधे को हमेशा मंगल ग्रह से जोड़ा जाता है और इस पौधे को घर में लगाने से मंगल के शुभ प्रभाव होते हैं। यदि आप इसे घर की दक्षिण दिशा में लगाती हैं तो ये धन को आकर्षित करता है और आपके घर में सदैव खुशहाली बनी रहती है। ग्रहों की शांति के लिए आपको नीम का पेड़ हमेशा घर की इसी दिशा में लगाने की सलाह दी जाती है। इस दिशा में लगा हुआ पेड़ धन के योग बनांता है। नीम के पौधे को ज्योतिष में शनि से जोड़ा होता है, इसलिए इसे घर में लगाने से शनि दोषों को भी कम किया जा सकता है।

### मनी प्लांट :

वास्तु शास्त्र के अनुसार मनी प्लांट को हमेशा घर की दक्षिण दिशा में लगाना ठीक होता है। यदि आप इसे दक्षिण पूर्व दिशा में लगाती हैं तो इसके लाभ कई गुना तक बढ़ जाते हैं। इस दिशा को घर का अग्नि कोण माना जाता है और इस स्थान पर लगा हुआ मनी प्लांट हमेशा धन के ज्यादा योग बनाता है।इस दिशा में मनी प्लांट लगाने से भगवान गणपति को प्रसन्न करने में मदद मिलती है और इस दिशा में ही मनी प्लांट लगाने से घर की सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और आर्थिक लाभ होता है। इसके विपरीत मनी प्लांट को कभी घर की उत्तर पूर्व दिशा में नहीं लगाना चाहिए।

### एलोवेरा का पौधा:



वास्तु शास्त्र के अनुसार एलोवेरा के पौधे का संबंध किसी भी व्यक्ति के करियर और नौकरी से होता है। यदि आप इसे घर की सही दिशा में लगाती हैं तो ये आपके लिए करियर में सफलता के साथ धन के अच्छे योग बनाने में मदद करता है।इस पौधे की लगाने से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होती है और पैसा दिन दूना रात चौगुना बढ़ सकता है। इस पौधे को हमेशा सही दिशा में लगाने की सलाह दी जाती है। इस पौधे को हमेशा घर की दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाने की सलाह दी जाती है, जिससे आपको सफलता मिले। वास्तु के अनुसार यदि आप इन विशेष पौधों को घर की दक्षिण दिशा में लगाती हैं घर में सदैव खुशहाली बनी रहती है।



# सूर्यास्त के बाद भूलकर भी न करें 7 काम

वास्तु शास्त्र में कई ऐसी बातें बताई गई हैं, जिनसे लोगों की जिंदगी का सीधा संबंध होता है। इसमें सही दिशाओं से लेकर काम करने के सही समय के बारे में भी बताया गया है। वास्तु के नियमों का पालन करने से लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। आज के जमाने में लोगों की लाइफस्टाइल बदल गई है और वे अपने जरूरी काम किसी भी वक्त करने लगते हैं। आपने तमाम लोगों को रात के वक्त हेयर कटिंग और कपड़े धोते हुए देखा होगा। हालांकि वास्तु में इन चीजों के लिए दिन का समय सही बताया गया है। वास्तु की मानें तो कुछ चीजें सूर्यास्त के बाद नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने से लोगों की जिंदगी में संकट पैदा हो सकते हैं और धन की देवी मां लक्ष्मी उनसे नाराज हो सकती हैं। मान्यताओं के अनुसार देवी लक्ष्मी का आशीर्वाद पाने के लिए कुछ चीजें हैं, जिन्हें रात में करने से बचना चाहिए। वास्तु का पालन न करने से आपके घर में वित्तीय समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

- वास्तु शास्त्र के अनुसार सूर्यास्त के बाद पैसों का लेन देन करने से बचना चाहिए। मान्यता है इस वक्त दिए गए पैसे कभी वापस नहीं मिलते हैं।
- सूर्यास्त के बाद घर में झाड़ू नहीं लगानी चाहिए। ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं व आर्थिक तंगी आ सकती है।
- सूरज डूबने के बाद लोगों को नाखून और बाल नहीं कटवाने चाहिए। ऐसा करने से घर में नेगेटिव एनर्जी आती है और कर्ज बढ़ने की आशंका रहती है।
- सूर्यास्त के बाद कपड़े धोना भी अच्छा नहीं माना जाता है। वास्तु के अनुसार ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा आती है, जो घर में बीमारियां फैला सकती है।
- वास्तु शास्त्र के अनुसार शाम के समय सोना अशुभ माना जाता है। माना जाता है कि जिस घर में शाम के समय लोग सोते हैं वहां देवी लक्ष्मी नहीं आती हैं।
- सूर्यास्त के बाद तुलसी में जल नहीं चढ़ाना चाहिए और न ही तुलसी की पत्तियों को तोड़ना चाहिए। ऐसा करने से घर में आर्थिक तंगी फैल सकती है।
- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शाम के समय दूध, खट्टी चीजें, नमक, हल्दी, और दही का दान नहीं करना चाहिए। इससे माता लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं।

# चने से बेसन और सत्तू बनाने का तरीका



देसी चने का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। ऐसे में स्प्राउट्स से लेकर चने की सब्जी और चने की दाल जैसे अलग-अलग तरीके से लोग चने को डाइट में शामिल करना पसंद करते हैं। वहीं, चने से बेसन और सत्तू भी बनाया जाता है, मगर क्या आप जानते हैं कि एक ही चने से बनने वाले बेसन और सत्तू में क्या अंतर होता है? बेसन और सत्तू दोनों को ही चने की दाल पीसने के बाद तैयार किया जाता है, मगर इसके बावजूद ना सिर्फ दोनों के स्वाद में अंतर होता है, बल्कि दोनों को खाने का तरीका भी बिल्कुल अलग होता है। आइए हम आपको बताते हैं कि चने से बनने वाले बेसन और सत्तू आखिर एक-दूसरे से इतने अलग क्यों हैं।चने का बेसन बनाने के लिए चने की दाल का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में चने को सुखाने के बाद इसे कूटकर चने की दाल का रूप दिया जाता है। जिसके बाद चने की दाल को बिल्कुल बारीक पीसकर पाउडर बनता है। इसी पाउडर को हम बेसन के नाम से जानते हैं। आमतौर पर बेसन का इस्तेमाल कढ़ी, पकौड़ी, बूंदी और तमाम तरह की मिठाइयां बनाने में किया जाता है।



### सत्तू बनाने का तरीका

चने का सत्तू दो तरीके से बनाया जाता है, इसको बनाने के लिए भुने हुए चनों को पीसकर सत्तू तैयार किया जाता है। तो वहीं दाल से सत्तू बनाने के लिए चने की दाल को पीसने से पहले इसे हल्का सा भूना जाता है। जिससे दाल कुरकुरी और हल्के भूरे रंग की हो जाती है। ऐसे में भुनी हुई चने की दाल को पीसकर सत्तू तैयार किया जाता है। यही कारण है कि सत्तू को लोग बिना पकाए भी खा लेते हैं। खासतौर पर गर्मी के मौसम में कई लोग सत्तू का घोल या पेस्ट बनाकर खाना पसंद करते हैं। वहीं सत्तू खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ प्रोषक तत्वों से भी भरपूर होता है।

### बेसन और सत्तू में अंतर

बेसन और सत्तू खरीदते समय दोनों में फर्क समझने के लिए आप इनके रंग पर गौर कर सकते हैं। जहां बेसन का रंग हल्का पीला होता है। तो वहीं भुनी हुई चने की दाल से बनने के कारण सत्तू हल्के भूरे रंग का होता है। इसके अलावा दोनों के स्वाद में भी बेहद अंतर होता है।



# किताबों की अलमारी साफ सुथरा रखने के टिप्स

असल में किताबों की अलमारी में किताबों को स्टोर करने और व्यवस्थित ढंग से रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह किताबों को धूल और गंदगी से दूर रखने में भी मदद करती है। किताबों की अलमारी को कई तरह की सामग्री से बनाई जा सकती है, जैसे लकड़ी, मेटल, आईरन या फिर कांच से। आपके घर में अलग अलग आकारों और डिजाइन में भी अलमारी होंगी, इन्हें साफ करने और किताबों को सही से सेट करने के लिए ये तरीका अपना सकते हैं। किताबों की अलमारी में रखने के कई फायदे होते हैं। सबसे पहले, यह किताबों को व्यवस्थित तरीके से रखने और उन्हें आसानी से खोजने में मदद करता है। दूसरे, यह किताबों को धूल और गंदा होने से भी बचाता है, जिससे किताबें सालों साल तक पढ़ने लायक होती हैं। तीसरे, यह रूम में लगे किताबों को देखने में काफी आकर्षक बनाती है। किताबों की अलमारी को घर के किसी भी कमरे में रखा जा सकता है, जैसे कि लिविंग रूम, बेडरूम या स्टडी रूम। किताबों की अलमारी अक्सर किसी ऑफिस या लाइब्रेरी में भी इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

- बुकशेल्फ से सभी किताबें हटा लें। इससे आपको पूरी तरह से सफाई करने में आसानी हो सकती है।
- अपनी किताबों पर लगे धूल को अच्छे से पोंछ लें। आप सूखे कपड़े या एक माइक्रोफाइबर कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- साफ कर लेने के बाद किताबों को वापस बुकशेल्फ पर रख लें। किताबों को उनके आकार या विषय के आधार पर सिस्टमैटिक तरीके से रख सकते हैं।
- अपनी बुकशेल्फ पर कुछ सजावट वाले सामान रखें, जैसे कि इंडोर पौधे, आर्टिफिशियल फूलदान या मूर्तियाँ। यह आपकी बुकशेल्फ को अट्रैक्टिव लुक दे सकती है।
- आप बुकशेल्फ को एक नम कपड़े से धूल से पोछ सकते है। जिसमें कम कास्टिक वाले डिटर्जेंट का इस्तेमाल किया सकता है, लेकिन जरूर यह तय करें कि आप इसे अच्छी तरह से कपड़ों या पोछो से पोछ लें।
- अगर आपकी बुकशेल्फ में कांच लगे हुए हैं, तो आप उन्हें ग्लास क्लीनर से साफ भी कर सकते हैं।
- अगर आपके पास बहुत सारी किताबें हैं, तो आप उन्हें स्टोर करने के लिए बुक बेंड का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह एक तरह का ड्रॉर होता है।
- अपनी किताबों की अलमारी को ऐसी जगह रखें जहां दीमक या किसी तरह हानिकारक कीड़े न लग सके। बुकमार्क टैसल से अपनी किताबों को नंबरिंग करें ताकि किसी एक किताब को निकालने पर अलमारी में दूसरी किताबें अव्यवस्थित न हों।
- वैक्यूम क्लीनर से भी अलमारी को साफ किया जा सकता है।
- किताबों की लकड़ी अलमारी कैसे साफ करें
- अगर लकड़ी की अलमारी को गीले कपड़े से पोंछते हैं तो नुकसानदेह हो सकता है। इसलिए आप इसे तुरंत किसी झाड़ने वाले कपड़े से या फिर ब्रश से झाड़ सकते हैं।
- केमिकल का इस्तेमाल भी सावधानी से करें क्योंकि केमिकल लकड़ी को नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए आप लकड़ी की पॉलिश का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- सीधी धूप में लकड़ी की अलमारी रखने से लकड़ी को सूखा सकती है और उसे नुकसान पहुंचा सकती है। अपनी अलमारी को सीधी धूप से दूर रखना चाहिए। इससे किताबों को भी नुकसान हो सकता है।



# बच्चों की मेंटल हेल्थ पर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के इस्तेमाल का असर

**इस तरह छुड़ाएं बच्चों की मोबाइल की आदत**

सबसे पहली और महत्वपूर्ण बात यह है कि बच्चों के डिजिटल कंटेंट की लिमिट तय करें, जो चीजें बच्चों की सेहत पर असर डालती हैं, उन्हें बच्चों को न देखने दें। यह पेरेंट्स की जिम्मेदारी है। बच्चों के डिजिटल एक्सपोज़र का टाइम कम कर दें। इसके अलावा बच्चों की डाइट प्लान करें, ताकि उनकी ओवरऑल हेल्थ बेहतर हो जाए। मोबाइल की लत छुड़ाने के लिए बच्चों को बाहर खेलने के लिए ले जाएं। बाहर ले जाकर बच्चों को महत्वपूर्ण गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, जिससे उनकी क्रिएटिविटी बढ़ सके। हमारे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पेरेंट्स को सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करना चाहिए। इससे आप बच्चों की मोबाइल की आदत छुड़वा सकेंगे और उनकी हेल्थ को बेहतर कर पाएंगे।

**बच्चों को खूब प्यार करें और खुलकर बात करें**

बच्चों को खूब प्यार और दुलार करके आप उनकी गलत आदतों को छुड़वा सकते हैं। आप बच्चों के मन में झांकने की कोशिश करें और उनसे खुलकर बात करें। इससे बच्चे आपसे अपनी परेशानी शेयर कर पाएंगे और आपको पेरेंटिंग में काफी मदद मिल सकेगा। सभी पेरेंट्स को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और उनका शेड्यूल बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए। बच्चों को आप खुलकर जीने दें और सही रास्ता दिखाएं। इससे उनकी मेंटल हेल्थ बेहतर होगी और वे सही गलत का फैसला कर पाएंगे।





# प्रेग्नेंसी के दौरान पौष्टिक और संतुलित भोजन करने की सलाह

हर महिला के लिए मां बनना सबसे सुखद अहसासों में से एक है। यही वो वक्त होता है, जब एक मां खुद के लिए नहीं, बच्चे के लिए जीवन जीती है। दरअसल, प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कई तरह के बदलावों का भी सामना करना पड़ता है। इस दौरान उसे अपने साथ-साथ गर्भ में पल रहे अपने शिशु की सेहत का भी ध्यान रखना होता है। ऐसे में एक्सपर्ट पौष्टिक और संतुलित भोजन करने के सलाह देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिशु का दिमागी विकास गर्भावस्था में ही शुरू हो जाता है। ऐसे आपको ऐसे फूड्स का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी सेहत के साथ शिशु की सेहत के लिए भी फायदेमंद हो। क्योंकि मां के खान-पान का सीधा असर बच्चे के दिमाग पर निर्भर करता है।

### अखरोट:

प्रेग्नेंसी में अखरोट खाना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। दरअसल, अखरोट प्रोटीन, विटामिन्स और फैट के साथ ही ओमेगा 3 फैटी एसिड का अच्छा स्रोत है। ओमेगा 3 फैटी एसिड शिशु के मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी होता है। यदि आप चाहती हैं कि आपका बच्चा इंटेलिजेंट हो, तो प्रेग्नेंसी के दौरान अखरोट का सेवन जरूर करना चाहिए।

### अंडा:

प्रेग्नेंसी के दौरान नॉन-वेज खाने से कई गर्भवती महिलाएं बचती रहती हैं। लेकिन, ऐसा करना गलत है। संभव हो तो अंडे का सेवन जरूर करें। बता दें कि, अंडा प्रोटीन का एक समृद्ध स्रोत माना जाता है। इसमें विटामिन-डी की भी अच्छी मात्रा होती है, जो मानसिक विकास में बेहद जरूरी है। अंडा भ्रूण के मस्तिष्क के विकास में मदद करता है। साथ ही, याददाश्त और सीखने की क्षमता को बढ़ावा देता है।

### कद्दू के बीज:

प्रेग्नेंसी के दौरान कद्दू के बीज का सेवन जरूर करना चाहिए। कद्दू के बीज खाने से शरीर को प्रोटीन अधिक मिलता है। ऐसे में यदि आप चाहते हैं कि आपका होने वाला बच्चा स्मार्ट हो, तो इन चमत्कारी बीजों को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। दरअसल, इस बीजों में जिंक पाया जाता है, जो शिशु के दिमागी विकास के लिए जरूरी है। साथ ही एंटीऑक्सीडेंट शिशु के मस्तिष्क के ऊतकों को डैमेज होने से बचाते हैं।

### बादाम:

एक्सपर्ट के मुताबिक, प्रेग्नेंसी में बादाम का जरूर सेवन करना चाहिए। क्योंकि बादाम में प्रोटीन, विटामिन और हेल्दी फैट्स की अच्छी मात्रा होती है। इसके अलावा, इसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड भी मौजूद होता है, जो शिशु के मानसिक विकास के मदद करता है। ऐसे में यदि आप प्रेग्नेंसी के दौरान नियमित बादाम खाते हैं तो गर्भ में पल रहे शिशु का दिमाग रहेगा।

# आइब्रो को बनाएं घनी व खूबसूरत

आमतौर पर भौहों को घना और मोटा बनाने के लिए लोग मेकअप का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन अगर आप इन्हें परमानेंट घना बनाना चाहते हैं तो इन पर कुछ नेचुरल चीजों से मसाज करें। इस तरह भौहें काफी तेजी से घनी होंगी

नारियल तेल में कई ऐसे पोषक तत्व हैं जो बालों को घना बनाने में काफी काम आता है। सिर के बालों की तरह अगर आप आइब्रो को घना करना चाहते हैं तो नारियल तेल से मसाल करें। आप थोड़ा सा नारियल तेल चम्मच में लें और इसे गर्म कर लें। अब गुनगुना होने पर आप इसमें उंगली डालें और उंगली के पोर से आइब्रो पर मसाज करें। बेहतर फायदे के लिए आप रातभर इसे लगा कर रखें और सुबह धो लें।



नारियल तेल की तरह ही टी ट्री ऑयल की मदद से भी आप अपने आइब्रो को मोटा और घना बना सकते हैं। यह सेल्युलर और फॉलिक्युलर हेल्थ को अच्छा करता है जिससे बालों की ग्रोथ बढ़ जाती है। इसे भी आप रोज रात के वक्त अपने साफ सुथरे आइब्रो पर इसे लगाएं और 5 मिनट मसाज करें। सुबह चेहरा पानी से धो लें

आप घर में एलोवेरा जेल तो मौजूद होगा ही। आप इसकी मदद से भी अपने भौहों के बाल को घना बना सकते हैं। इसे आप रात के वक्त भौहों में लगाएं और 2 मिनट मसाल करें। आप इसे रातभर चेहरे पर छोड़ दें और सुबह इसे ठंडे पानी से धो लें। कुछ ही दिनों में बालों में घनापन नजर आने लगेगा।

लैवेंडर ऑयल को खुशबू और मन शांत करने के गुणों के लिए जाना जाता है। अगर आप इसे रोजाना हेयर पर लगाएं तो हेयर लॉस की समस्या को आप ठीक कर सकते हैं। आप इसे भी रात के वक्त आइब्रो

# कद्दू की सब्जी

### आवश्यक सामग्री

यह सब्जी बनाने के लिए आपको सबसे पहले 1 किलो कद्दू लेना होगा। इसके अलावा आधा कप तेल, 1 चम्मच कटा हुआ अदरक, एक चुटकी हींग, 1 चम्मच मेथी दाना, 1 चम्मच जीरा, नमक (स्वादानुसार), 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर, 1 चम्मच मिर्च पाउडर, 1 चम्मच धनिया पाउडर, 1 चम्मच गरम मसाला, 1 चम्मच चीनी, 1 चम्मच आमचूर पाउडर और 4-5 हरी मिर्च की जरूरत होगी। इन सभी मसालों में कद्दू की सब्जी का स्वाद छिपा हुआ होता है। अगर आप चाहें, तो कद्दू को खट्टा करने के लिए इसमें खटाई भी एड कर सकते हैं। इससे कद्दू खट्टा हो जाएगा। खट्टा मीठा कद्दू बनाने के लिए चीनी और खटाई दोनों डाल दें।



### बनाने की विधि

– सबसे पहले आप कद्दू को अच्छी तरह धोकर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लीजिए। इसके बाद गैस पर कड़ाही रखें और उसमें तेल डालकर गर्म करें।

– जब कड़ाही का तेल गर्म हो जाए, तब उसमें हींग, मेथी दाना और जीरा डालें। जब ये सभी चीजें पक जाएं, तब इसमें बारीक कटा हुआ अदरक डालकर भूनें।

– इसके बाद आप कड़ाही में कटा हुआ कद्दू और हरी मिर्च डालें और तेज आंच पर कुछ देर तक भूनें। फिर नमक, हल्दी, मिर्च गरम मसाला, धनिया पाउडर डालें।

– फिर आप इसमें एक चम्मच चीनी डाल दें। अगर आप मीठा कद्दू खाना पसंद नहीं करते हैं, तो आप चीनी की जगह एक चम्मच खटाई भी डाल सकते हैं।

# आरसीबी के खिलाफ 'करो या मरो' का मैच खेलेगी एलएसजी



लखनऊ। आईपीएल 2025 का लीग चरण अब आखिरी दौर में जल्द ही प्लेऑफ की तस्वीर भी साफ हो जाएगी। इस सीजन का 59वां मैच शुक्रवार को 9 मई को भारतीय समयानुसार, शाम 7.30 बजे से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाना है। 11 मैच में से 6 मैच हार चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना सीजन में पहली बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। एलएसजी के लिए प्लेऑफ के लिहाज से ये मैच करो या मरो का है तो पॉइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर काबिज आरसीबी नॉकआउट में अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगी। इस अहम मैच से पहले आपको इन दोनों का हेड टू हेड रिकॉर्ड बताते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो अब तक दोनों का आमना-सामना कुल पांच बार ही हुआ है। जिसमें से आरसीबी ने तीन मैच जीते हैं तो वहीं एलएसजी ने दो मुकाबले अपने नाम किए हैं। इस तरह आरसीबी को फिलहाल एक मैच की बढ़त हासिल है। लखनऊ की नजर इस मैच को जीतकर हिसाब बराबरी के साथ बेंगलुरु के खिलाफ जीत की हैट्रिक पर भी होगी, क्योंकि पिछले दो मैच उसने ही जीते हैं।

## दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स**

एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, आयुष बडोनी, डेविड मिलर, आकाश महाराज सिंह, दिग्वेश सिंह राठी, अवेश खान, मयंक यादव, प्रिंस यादव। इम्पैक्ट प्लेयर- मिशेल मार्श।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

जैकब बेथेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, लुंगी एनगिडी, यश दयाल, सुयश शर्मा। इम्पैक्ट प्लेयर- फिलिप साल्ट।

# वरुण चक्रवर्ती पर लगा भारी जुर्माना

## डेवाल्ड ब्रूइस को इशारा करना पड़ा महंगा



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई की टीम ने बुधवार को ईडन गार्डन्स में दो विकेट से जीत हासिल की। इससे कोलकाता की टीम के बीच प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना लगभग खत्म हो गई है। आईपीएल के बयान में घटना का ब्योरा दिए बिना कहा गया है, 'वरुण चक्रवर्ती ने अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध और मैच रेफरी का फैसला स्वीकार कर लिया है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है।' अनुच्छेद 2.5 किसी भी ''किसी खिलाड़ी द्वारा उपयोग की जाने वाली भाषा या इशारे से संबंधित है जो आउट होने पर बल्लेबाज की ओर निर्देशित होता है।' मैच में दो विकेट हासिल करने वाले चक्रवर्ती ने डेवाल्ड ब्रूइस को 52 रन पर आउट करने के बाद उन्हें मैदान छोड़ने का इशारा किया था। दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने चेन्नई की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।




# सुपरबेट शतरंज क्लासिक में गुकेश ने प्रज्ञानंद से ड्रॉ खेला

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने बुधवार को यहां सुपरबेट शतरंज क्लासिक्स में अपने अभियान की शुरुआत साथी भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञानंद के खिलाफ ड्रॉ के साथ की। गुकेश और प्रज्ञानानंद 35 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमत हो गए। फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा और वेस्ली सो ने दस खिलाड़ियों के राउंड रोबिन टूर्नामेंट में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त बढ़त बना ली है। इन दोनों ने क्रमशः फ्रांस के मैक्सिम





वाचियेर-लाग्रेव और रोमानिया के डेक बोगदान-डेनियल को हराया।यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है और इसकी इनामी राशि 350,000 डॉलर है। अन्य बाजियों में पोलैंड के डूडा जान क्रिस्टोफ ने अमेरिका के फाबियानो करुआना के साथ ड्रॉ खेला जबकि अमेरिका के लिए लेवोन अरोनियन ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ अंक बांटे। अलीरेजा और वेस्ले एक-एक अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं और उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा, अरोनियन, अब्दुसत्तोरोव, करुआना और डूडा हैं जबकि डेक और मैक्सिम को अभी अपना खाता खोलना है।

# 1998 एशियाई खेलों में रजत पदक भारतीय महिला हॉकी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था : प्रीतम



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया द्वारा खेल के 100 साल पूरे होने के अवसर पर, भारत की पूर्व महिला हॉकी टीम की कप्तान प्रीतम सिवाच ने भारतीय महिला हॉकी टीम की उल्लेखनीय यात्रा पर विचार किया और 1998 एशियाई खेलों में रजत पदक को एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। "हम जानते थे कि हममें से कई लोगों के लिए, 1998 एशियाई खेल हमारा आखिरी बड़ा आयोजन होगा और हम उसके बाद संन्यास ले लेंगे। हमने 13 साल में कोई पदक नहीं जीता था और बिना पदक के संन्यास नहीं लेना चाहते थे। इसलिए, एशियाई खेलों से पहले दो साल तक, हमने हर छोटी-छोटी बात पर ध्यान केंद्रित किया ताकि हम पदक के साथ लौट सकें," प्रीतम ने याद किया। उन्होंने आगे कहा, ₹जैसे ही हमने रजत पदक जीता, हमें पता चल गया कि यह भारत में महिला हॉकी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। तब से ग्राफ ऊपर की ओर ही बढ़ता गया है। प्रीतम ने कहा कि 1998 के एशियाई खेलों के लिए टीम की कड़ी मेहनत रंग लाई और इसने भविष्य की सफलताओं की नींव रखी, जिसमें 1999 एशिया कप में रजत पदक और 2002 राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक शामिल हैं। उन्होंने महिला हॉकी के लिए एक नए युग की शुरुआत करने के लिए हॉकी इंडिया और सरकार को भी श्रेय दिया। भारतीय टीम में मेरे समय से खिलाड़ियों के लिए बहुत कुछ बदल गया है। आज, महिला टीम के पास बेहतर सुविधाएँ और एक मजबूत समर्थन प्रणाली है जो हमारे पास तब नहीं थी। आज की खिलाड़ी बेहद प्रतिभाशाली हैं और जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रमों, खेल विज्ञान, अधिक कोचिंग स्टाफ, प्रशिक्षकों और यहाँ तक कि मनोवैज्ञानिकों से भी लाभान्वित होती हैं - ऐसे संसाधन जो हमारे खेल के दिनों में उपलब्ध नहीं थे।₹ अगली पीढ़ी को मशाल सौंपने और भारतीय हॉकी के अगले 100 वर्षों के लिए मार्ग प्रशस्त करने के बारे में पूछे जाने पर, प्रीतम ने कहा, ₹मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मेरे बच्चे भी हॉकी खेल रहे हैं। बहुत कम माता-पिता जिन्होंने एक निश्चित स्तर पर खेला है, उन्हें अगली पीढ़ी को आकार देने में योगदान देने का अवसर मिलता है।

# रोहित का लक्ष्य 2027 में वनडे विश्व कप जीतना है

## बचपन के कोच दिनेश लाड ने किया खुलासा



**नई दिल्ली।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर क्रिकेट जगत को हैरान करने वाले रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने कहा कि इस स्टार बल्लेबाज का लक्ष्य 2027 में एकदिवसीय विश्व विश्व कप जीतना है। भारत ने पिछले साल रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप और इस साल के शुरू में चैंपियंस ट्रॉफी एक दिवसीय टूर्नामेंट जीता था। भारत ने 2011 के बाद वनडे विश्व कप नहीं जीता है और देश के सबसे सफल कप्तानों में से एक रोहित यह ट्रॉफी भी अपने नाम पर दर्ज करना चाहेंगे। लाड ने कहा, 'उनका (रोहित) लक्ष्य 2027 वनडे विश्व कप जीतना और फिर संन्यास लेना है।' लाड ने कहा, 'उनका लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप था, लेकिन दुर्भाग्य से हम क्वालीफाई नहीं कर सके। अब 2027 में विश्व कप है। मैं भी चाहता हूं कि वह 2027 में विश्व कप जीते और फिर संन्यास लें।' वनडे विश्व कप 2027 में अक्टूबर और नवंबर में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है। लाड ने कहा कि इस दिग्गज खिलाड़ी का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना अपने करियर को लंबा खींचने के लिए एक रणनीतिक फैसला है। उन्होंने कहा, 'रोहित ने इसे (टेस्ट से संन्यास लेने का फैसला) जल्दबाजी में नहीं लिया। वह विश्व कप (पिछले साल अमेरिका में) के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नहीं खेलना चाहते थे, लेकिन अन्य दो प्रारूपों में खेलने का फैसला उनका था। उन्होंने इस बारे में अच्छी तरह से सोचा होगा कि उनके लिए सबसे अच्छा क्या है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या रोहित इंग्लैंड के खिलाफ इस साल जून में होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में कप्तानी करने को लेकर आश्वस्त नहीं थे, उन्होंने कहा, 'इस फैसले का इंग्लैंड के आगामी दौरे से कोई लेना-देना नहीं है।

# राजस्थान रॉयल्स में 19 वर्षीय बल्लेबाज की एंट्री



दक्षिण अफ्रीका का युवा बल्लेबाज
लुआन-ड्रे प्रीटोरियस

## अगले साल मचाएगा धमाल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2008 का उद्घाटन सीजन जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के 18 वें सीजन 2025 में फ्लॉप रही और अब तक 12 मैचों में केवल 3 मैच ही जीत सकी है. जिसकी वजह से वो प्लेऑफ के रेस से भी बाहर हो गए हैं. राजस्थान के अब सिर्फ दो लीग मैच बचे हैं, लेकिन उससे पहले टीम में एक धमाकेदार दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को शामिल किया गया है। उन्हें चोटिल नितीश राणा की जगह टीम में 30 लाख रुपये के उनके बेस प्राइस में साइन किया है। आईपीएल ने गुरुवार, 8 मई को एक बयान में इस प्रतिस्थापन की पुष्टि की। 19 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी लुआन-ड्रे प्रीटोरियस बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, उन्हें सबसे होनहार विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक माना जाता है, जो शीर्ष क्रम में अपने आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। वो अभी तक सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दक्षिण अफ्रीका के लिए पदार्पण नहीं किया है। लेकिन उन्होंने पिछले साल अंडर-19 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करने के बाद नॉर्दर्न्स के लिए महज 17 साल की उम्र में अपना T20 डेब्यू किया था। इसके बाद वह अपने साउथ अफ्रीका लीग (SA 20) डेब्यू में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने इस साल की शुरुआत में पार्ल रॉयल्स के लिए 12 मैचों में 166.80 के शानदार स्ट्राइक-रेट से 397 रन बनाए। उन्होंने अब तक 33 टी 20 मैच खेले हैं और 97 के उच्चतम स्कोर के साथ कुल 911 रन बनाए हैं। राजस्थान ने उन्हें अगले सीजन पर नजर रखते हुए साइन किया है, क्योंकि वो इस सीजन में 12 मैचों में से केवल तीन जीत के साथ पहले ही प्ले-ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं. नीतीश राणा 4 मई को ईडन गार्डन में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के आखिरी आईपीएल 2025 मैच में नहीं खेल पाए थे. राजस्थान ने उस मैच में स्थानीय प्रतिभा कुणाल सिंह राठौर को मैदान में उतारा था। लेकिन अब वो IPL 2025 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। राणा को मेगा नीलामी से पहले केकेआर ने रिलीज कर दिया था, लेकिन उन्हें आरआर ने 4.20 करोड़ में खरीद लिया. वो इस सीजन टूर्नामेंट से बाहर होने से पहले 11 मैचों में सिर्फ 217 रन बनाए. राजस्थान का अगला मैच 12 मई को चेपॉक में सबसे निचले स्थान पर काबिज चेन्नई सुपर किंग्स से होगा, और फिर 16 मई को आईपीएल 2025 सीजन के अपने अंतिम मैच में जयपुर में पंजाब किंग्स की मेजबानी करने के लिए स्वदेश लौटेगी।

दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को हैरी ब्रूक के प्रतिस्थापन के रूप में अफगानिस्तान के सेदिकुल्लाह अटल को साइन किया। इस के अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी चोटिल देवदत्त पडिक्कल की जगह मयंक अग्रवाल को शामिल किया है। इस से पहले CSK ने अगले सीजन को ध्यान में रखते हुए रिप्लेसमेंट की होड़ शुरू का और अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए आयुष म्हात्रे, डेवाल्ड ब्रेविस और उर्विल पटेल जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया।

# आर्सेनल को हराकर PSG चैंपियंस लीग के फाइनल में

**पेरिस।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने एक के बाद एक हमलों का डटकर सामना करते हुए आक्रामक अंदाज में खेल रहे आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उसका सामना इटैलियन क्लब इंटर मिलान से होगा। सेमीफाइनल के पहले चरण में 1-0 से जीत हासिल करने वाली पीएसजी की टीम को शुरू में गेंद पर कब्जा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जवाबी हमलों और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन से उसने 3-1 के कुल स्कोर के साथ जीत हासिल करके शान से फाइनल में जगह बनाई।

पीएसजी दूसरी बार यूरोप के इस शीर्ष क्लब टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। वह पांच साल पहले उपविजेता रहा था। उसने सुपरस्टार किलियन एमबाप्पे के रियाल मैड्रिड से जुड़ने के बाद पहले सत्र में ही यह कारनामा किया। पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा, 'मैंने पहले दिन से कहा था कि हमारा लक्ष्य इतिहास बनाने की स्थिति में आने के लिए पर्याप्त मेहनत करना है। यही हमारा लक्ष्य है।' फ्रांस का यह क्लब 31 मई को म्यूनिख में होने वाले फाइनल में इंटर मिलान से भिड़कर अपने पहले चैंपियंस लीग खिताब के लिए फिर से प्रयास करेगा। तीन बार के यूरोपीय चैंपियन इंटर मिलान ने प्रतियोगिता के इतिहास के सबसे रोमांचक सेमीफाइनल में से एक में बार्सिलोना को 7-6 के कुल स्कोर से हराया।

# रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से रहाणे हैरान

## कहा- मैं बस उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं



**कोलकाता।** रोहित शर्मा के अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले ने मुंबई और भारतीय टीम के उनके साथी अजिंक्य रहाणे को भी चौंका दिया। रोहित ने जब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की तब रहाणे कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में खेल रहे थे। उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नाइट राइडर्स के कप्तान ने ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपर किंग्स से दो विकेट की हार के बाद मीडिया से कहा, 'ओह, क्या ऐसा है? मैं बस उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं। उन्होंने टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे (संन्यास के बारे में) नहीं पता था।' उन्होंने कहा, 'मैं वास्तव में हैरान हूं। मुझे नहीं पता था कि उन्होंने टेस्ट प्रारूप से संन्यास ले लिया है। लेकिन मैं बस उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूं। उन्होंने वास्तव में टेस्ट बल्लेबाज के रूप में अपने खेल में काफी सुधार किया था।

# चेन्नई ने दर्ज की सीरीज की तीसरी जीत

**कोलकाता।** चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया। बुधवार को ईडेन गार्डंस में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गत विजेता केकेआर ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 179 रन बनाए थे। जवाब में सीएसके ने 19.4 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 183 रन बनाए और सत्र की तीसरी जीत दर्ज की। इस शिकस्त ने केकेआर की प्लेऑफ की उम्मीदों को झटका दिया है। अजिंक्य रहाणे की टीम 12 मैचों में छह जीत और पांच हार के साथ छठे पायदान पर है। उनके खाते में 11 अंक हैं और नेट रन रेट 0.193 है। वहीं, चेन्नई के छह अंक हो गए। यह टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की आयुष म्हात्रे और डेवोन कॉन्वे की सलामी जोड़ी बिना खाता खोले पवेलियन लौट गई। इसके बाद उर्विल पटेल ने कुछ अच्छे शॉट खेले और 11 गेंदों में 31 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए रविचंद्रन अश्विन सिर्फ आठ रन बना पाए जबकि



रवींद्र जडेजा 19 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। कोलकाता के खिलाफ छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए डेवाल्ड ब्रेविस ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 22 गेंदों में अपने करियर का पहला अर्धशतक जड़ा। वह 25 गेंदों में चार चौके और इतने ही छक्के की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने शिवम दुबे के साथ 41 गेदों में 67 रनों की साझेदारी निभाई। इसके बाद दुबे को महेंद्र सिंह धोनी का साथ मिला। दोनों ने 39 गेंदों में 43 रन जोड़े। हालांकि, दुबे अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने दौ चौके और तीन छक्की की मदद से 45 रन बनाए। इस मैच में महेंद्र सिंह धोनी 17 और अंशुल कंबोज चार रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता के लिए वैभव अरोड़ा ने तीन विकेट लिए जबकि हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती को दो-दो सफलताएं मिलीं। वहीं, मोईन अली को एक विकेट मिला। इससे पहले कोलकाता ने अजिंक्य रहाणे की 48 रनों की पारी के दम पर 179 रन बनाए। उनकी शुरुआत झटके के साथ हुई। रहमनुल्लाह गुरबाज 11 रन बनाकर अंशुल कंबोज का शिकार बन बैठे।



# बॉलीवुड की इस हसीना के पास है प्राइवेट आइलैंड

भारत में सितारों की कमाई करोड़ों में होती है और यही वजह है कि वो शानदार लाइफ जीते हैं। भारत में एक्टर्स सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले सेलेब्रिटीज होते हैं। बड़े और मेगा स्टार्स की कमाई लगातार करोड़ों में होती है और इसका जरिया सिर्फ फिल्में ही नहीं हैं। इसके अलावा ये सितारे गैदरिंग, इवेंट्स, सोशल मीडिया और अवॉर्ड्स शोज से भी अच्छी कमाई करते हैं। कई बार इन इवेंट्स से होने वाली कमाई फिल्मों में मिलने वाली सैलरी से भी काफी ज्यादा होती है। यही वजह है कि ये सितारे लग्जरी की गोद में खेलते हैं। फैंसी डिजाइनर कपड़ों से लेकर आलीशान महल जैसे घरों में रहने के सपने को ये पूरा भी करते हैं। पार्टी करना, लग्जरी गाड़ियों में घूमना, ग्रैंड विलाज में रहना और विदेश में छुट्टियां मनाना इनके लिए आम बात हो जाती है। भले ही इसका सपना आम आदमी जीवन भर देखता रहे।

### कौन है वो हसीना

कई बड़े स्टार्स निजी जेट,आलीशान बंगले और आलीशान कारों शोकीन होते हैं, लेकिन आज हम एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बात करेंगे, जिनके पास ये सब तो है ही, इसके अलावा वो एक प्राइवेट आइलैंड की भी मालकिन हैं। जी हां, ये एक मात्र ऐसी एक्ट्रेस हैं जिनके नाम पर प्राइवेट आइलैंड है। आम तौर पर ऐसा सोच पाना भी आसान नहीं है।

अगर आप सोच रहे हैं कि ये कोई दिग्गज हसीना हैं या टॉप ए-लिस्टर हैं तो ऐसा नहीं है। न ये दीपिका पादुकोण हैं और आलिया भट्ट,ये माधुरी और ऐश्वर्या भी नहीं हैं। ये हसीना अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। विदेश से आकर अपनी अलग पहचान बनाने वाली ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि जैकलीन फर्नांडिस हैं।



मोनालिसा इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। मोनालिसा अपने फैंस के लिए वहां तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। इस बार भी उन्होंने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं,जिसमें वो काफी ग्लैमरस नजर आई हैं। मुंबई में जोरदार बारिश हुई, जिसे वहां रहने वाले एन्जॉय कर रहे हैं और उनमें एक्ट्रेस मोनालिसा का नाम भी शामिल हैं।

# मोनालिसा ने दिखाया ग्लैमरस अंदाज

मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें शेयर की हैं वो मुंबई की पहली बारिश एन्जॉय करने के दौरान की हैं। एक्ट्रेस ने इसके बारे में खुद बताया है और उनकी ये तस्वीरें फैंस काफी पसंद भी कर रहे हैं,मोनालिसा ने कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा,'मुंबई की पहली बारिश को एन्जॉय कर रही हूं। और मेरी फॉरेवर लव बेबो हैं,'इन तस्वीरों में मोनालिसा ने ब्राउन हाफ टॉप और व्हाइट जींस पहनी है। मोनालिसा ने ये फोटो मुंबई घूमने के दौरान खिंचवाई है।

# 'रेड 2' की कमाई पर पड़ा भारत-पाक टेंशन का असर

अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' पिछले गुरुवार को थिएटर्स में रिलीज हुई थी और पहले ही दिन से इसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई करनी शुरू कर दी थी। पहले वीकेंड में ही बड़ा कलेक्शन जुटा चुकी ये फिल्म सोमवार से भी बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने में कामयाब साबित हुई। वर्किंग डेज में भी 'रेड 2' अच्छी कमाई कर रही थी,लेकिन अब लग रहा है कि बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच भारत-पाक में बढ़ी टेंशन की वजह से इस फिल्म को भी नुक्सान पहुंचा है। हालांकि, पहले 7 दिन में ही अजय देवगन की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट तो साबित हो ही चुकी है।




वीकेंड में लगभग 74 करोड़ रुपए का कलेक्शन करके आ रही 'रेड 2' कामकाजी हफ्ते में पहले दो दिन दमदार कमाई लेकर आई,जहां सोमवार को फिल्म ने 7.47 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, वहीं मंगलवार की कमाई भी 7.45 करोड़ बनी रही। यानी कामकाजी हफ्ते के पहले दो दिनों में फिल्म की कमाई में बॉक्स ऑफिस पर कोई गिरावट नहीं थी।

# औकात नहीं है...

## मुंह खोलते ही इन पाकिस्तानी सितारों को पड़ी लताड़



पहलगाम आतंकी हमले का बदला भारत ने 7 मई को ले लिया है। मिसाल हमले कर के पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के क जे वाले कश्मीर (POK) में आतंकी ठिकानों को पूरी तरह से ध्वस्त किया है। इस पर पाकिस्तानी एक्टर्स ने एक बार फिर अपने मुंह से जहर उगलने का काम किया है। उनकी ये नापाक प्रतिक्रियाएं उन्हें काफी महंगी पड़ रही हैं। भारत में भले ही इन सितारों की सोशल मीडिया प्रोफाइल बैन हों, लेकिन विदेश में बैठे भारतीय लोग और एनआरआई इनकी पूरी बैंड बजा रहे हैं। इनकी खिल्ली उड़ाने से कोई भी पीछे नहीं है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी एक्टर्स को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। यह ट्रोलिंग उस समय शुरू हुई जब भारत ने कश्मीर में एक आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के अंदर कई ठिकानों पर हवाई हमले किए। इस घटना के बाद पाकिस्तानी सितारे जैसे माहिरा खान, हानिया आमिर, और फवाद खान ने भारतीय हवाई हमलों की आलोचना की। उनके इन बयानों के बाद भारतीय सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। उन्हें 'आतंकवाद का समर्थन करने वाला' और 'भारत विरोधी' कहा गया।



# सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी राजकुमार राव की फिल्म

राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म भूल चूक माफ की रिलीज टाल दी गई है। इतना ही नहीं यह फिल्म पहले सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनावपूर्ण हालात को देखते हुए अब इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने का फैसला लिया गया है। इसी के साथ फिल्म केसरी वीर की रिलीज डेट भी आगे बढ़ा दी गई है।राजकुमार राव और वामिका गब्बी ने अपनी फिल्म भूल चूक माफ की रिलीज टलने की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए शेयर की है। उन्होंने बताया कि हाल की घटनाओं और देशभर में बढ़ी सुरक्षा सतर्कता को ध्यान में रखते हुए, मैडॉक फिल्म्स और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने के बजाय सीधे ओटीटी पर लाने का निर्णय लिया है। उनके अनुसार, यह फैसला राष्ट्र की भावना का सम्मान करते हुए लिया गया है, क्योंकि देशहित सर्वोपरि है। अब यह फिल्म 16 मई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। जय हिंद। फिल्म 'केसरी वीर' की रिलीज डेट को भी बदल दिया गया है। पहले यह फिल्म 16 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज टाल दी है। इसकी जानकारी खुद मेकर्स ने सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म अब 23 मई को सिनेमाघरों पर रिलीज होगी। हालांकि, निर्माताओं ने फिल्म को टालने का कारण नहीं बताया है।


## प्राइम वीडियो पर 16 मई को रिलीज होगी

# 'भूल चूक माफ'

राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म 'भूल चूक माफ' ओटीटी प्लेटफार्म प्राइम वीडियो पर 16 मई को रिलीज होगी। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' सिनेमाघरों में नौ मई को रिलीज होने वाली थी। इस बीच मेकर्स ने एक ऐलान किया है कि इस फिल्म को सिनेमाघरों पर नहीं,बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जायेगा। निर्माताओं ने यह फैसला देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया है।

भूल चूक माफ के मेकर्स ने फिल्म के एक पोस्टर के साथ ऐलान करते हुए लिखा, हाल की घटनाओं और पूरे देश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर, मैडॉक फिल्म्स और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 16 मई को प्राइम वीडियो पर दुनिया भर में अपने पारिवारिक मनोरंजन, भूल चूक माफ को सीधे आपके घरों तक लाने का फैसला किया है। हालांकि, हम सिनेमाघरों में आपके साथ इस फिल्म का जश्न मनाने के लिए उत्सुक थे, लेकिन राष्ट्र की भावना सबसे पहले आती है। जय हिंद।

करण शर्मा निर्देशित फिल्म 'भूल चूक माफ'में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के साथ संजय मिश्रा और सीमा पाहवा भी अहम भूमिका में हैं।



# सोनू सूद को मिलेगा ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड

बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद को मानवीय कार्यों के लिए प्रतिष्ठित ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा। सोनू सूद लोगों की मदद के लिए हमेश तत्पर रहते हैं।कोरोना काल के दौरान सोनू सूद ने देशभर में लोगों की मदद की थी। सोनू सूद ने अपने फाउंडेशन सूद चैरिटी के माध्यम से देशभर में लोगों की मदद की थी।सोनू सूद इस साल 31 मई को हैदराबाद में होने वाले मिस वर्ल्ड के ग्रैंड फिनाले में बतौर जज नजर आने वाले हैं।



इस इवेंट में सोनू सूद को उनके मानवीय कार्यों के लिए प्रतिष्ठित ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड दिया जायेगा। सोनू सूद ने अवॉर्ड के ऐलान के बाद अपनी खुशी जाहिर करते कहा,मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन से ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड प्राप्त करना बहुत ही विनम्र अनुभव है। यह हमारे प्रयासों के पीछे के उद्देश्य को मजबूत करता है। जरूरतमंदों को आशा, समर्थन और गरिमा प्रदान करना मैं इस मान्यता को हर वॉलंटियर, सपोर्टर और उन सभी के साथ साझा करता हूं जिनके जीवन को हमने सूद चैरिटी फाउंडेशन के माध्यम से छुआ है। मुझे यह घोषणा करते हुए भी गर्व हो रहा है कि मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन और सूद चैरिटी फाउंडेशन ने कैंसर मुक्त दुनिया के लिए जागरूकता फैलाने के लिए एक साथ काम करने का निर्णय लिया है. यह साझा प्रतिबद्धता संदेश को बढ़ाने और दुनिया भर में लाखों लोगों को आशा देने में मदद करेगी।

# तन्वी द ग्रेट में ब्रिगेडियर जोशी का किरदार निभायेंगे जैकी श्राफ



बॉलीवुड स्टार जैकी श्राफ, अनुपम खेर की फिल्म तन्वी द ग्रेट में ब्रिगेडियर जोशी का किरदार निभाते नजर आयेंगे। अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिये तैयार है। जैकी श्रॉफ इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आयेंगे। अनुपम खेर ने जैकी श्राफ के फर्स्ट लुक पोस्टर के साथ उनके किरदार से भी पर्दा उठाया है। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर जैकी श्रॉफ के पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, "'तन्वी द ग्रेट' के एक्टर्स मेरे दोस्त जैकी श्रॉफ मेरे भाई जैसे हैं। हमने न केवल कई फिल्मों में साथ काम किया, बल्कि हम रिश्तेदार भी हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि उनकी पत्नी आयशा श्रॉफ मुझे 30 साल से भी ज्यादा समय से राखी बांधती आ रही हैं। जैकी के पास गोल्डन हार्ट है। उनका दूसरा नाम 'प्यार' कह सकते हैं।" अनुपम खेर ने बताया, "ब्रिगेडियर जोशी का किरदार भारतीय सेना अधिकारी की तरह है। वह मजबूत, निर्णायक और फिर विनम्र है। उनके किरदार को वर्षों याद रखा जाएगा! निस्वार्थ दोस्ती और शानदार अभिनय के लिए धन्यवाद श्रॉफ।" फिल्म तन्वी द ग्रेट में ऑस्कर विजेता एमएम कीरावानी ने संगीत दिया है। इस फिल्म का निर्माण अनुपम खेर स्टूडियोज ने एनएफडीसी (राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम) के साथ मिलकर किया है।

# ऑपरेशन सिंदूर पाने की रेस में दौड़ा बॉलीवुड

भारत की ओर से हाल ही में चलाए ऑपरेशन सिंदूर के बाद, फिल्म इंडस्ट्री में इस टाइटल को लेकर होड़ मच गई है. फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉई (FWICE) के अध्यक्ष बी.एन. तिवारी ने इंडिया टुडे/आजतक से बातचीत में इसका खुलासा किया,उन्होंने बताया कि अब तक करीब 15 फिल्म मेकर्स और स्टूडियो ने इस टाइटल को रजिस्टर कराने के लिए आवेदन दिया है। ये रजिस्ट्रेशन इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स असोसिएशन (IMPPA) के माध्यम से किया जा रहा है।

सोर्स की मानें तो फिल्म इंडस्ट्री में ये चलन नया नहीं है,जब भी कोई बड़ा राष्ट्रीय मुद्दा या घटना सामने आती है, फिल्म मेकर्स तुरंत उससे जुड़ा टाइटल रजिस्टर कराने की कोशिश करते हैं। भले ही उस पर फिल्म बने या न बने, लेकिन टाइटल सुरक्षित रखना जरूरी होता है। 'उरी', 'वॉर' और 'फाइटर' जैसी फिल्मों की सफलता के बाद से ये देखा गया है कि वॉर या देशभक्ति पर बेस्ड कहानियां दर्शकों के बीच बेहद पॉपुलर हैं।



ल्म मेकर अशोक पंडित ने इस बारे में बात की और माना कि उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम को रजिस्टर कराने के लिए आवेदन दिया है. उन्होंने कहा कि 'फिल्म बनेगी या नहीं, ये अभी कहना मुश्किल है, लेकिन जब कोई बड़ा और देश से जुड़ा मुद्दा सामने आता है, तो बतौर निर्माता हमारा पहला कदम होता है टाइटल रजिस्टर कराना. बिना टाइटल के फिल्म की प्लानिंग भी शुरू नहीं की जा सकती।'

# सामंथा ने राज निदिमोरु संग किया रिश्ता कन्फर्म

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका नाम निर्देशक राज निदिमोरू के साथ जोड़ा जा रहा है। इस बीच सामंथा ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं,जिनमें राज निदिमोरु भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद से ही यूजर्स का दावा है कि दोनों ने अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। दरअसल,यह तस्वीरें सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में राज मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं और एक डॉगी उनके साथ खेल रहा है। जबकि दूसरी तस्वीर में सामंथा और राज एक साथ सेल्फी के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, 'सफर लंबा था, लेकिन आखिरकार हम यहां तक पहुंच ही गए। एक नई शुरुआत।'सामंथा की पोस्ट देखने के बाद फैंस काफी खुश हैं। कई लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। तो कुछ का कहना है कि एक्ट्रेस अब धीरे-धीरे अपना रिश्ता कन्फर्म कर रही हैं।

